वर्ष-07 - अंक 273
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
शुक्रवार ,10 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट नीतिगत नेतृत्व के लिए उत्तर प्रदेश को.......... 3
शाहजहांपुर में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से संवर रहा ........... 4
खेत में करंट दौड़ाने से दो की मौत मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार ... 11

## आतंकी ठिकानों पर धमाकों की गूंज दुनिया ने सुनी : पीएम मोदी

**मेलबर्न(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों तीन दिवसीय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। उन्होंने गुरुवार को मेलबर्न में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस मेगा शो में 30 हजार भारतीय शामिल हुए। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का एक बार फिर जिक्र किया है। पीएम ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों पर हुए धमाकों की गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डेमो तो देख ही लिया होगा, धमाके पड़ोसियों पर हो रहे थे और गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही थी। आतंकी कैंप पर इस कड़े प्रहार से आपको गर्व हुआ कि नहीं हुआ? भारत इतने पर ही रुकना नहीं चाहता, भारत कह रहा है ग्रो मोर, ग्रो मोर ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'हम भारतीय ऐसे ही हैं जैसे दूध में चीनी मिल जाती है और उसे और भी मीठा कर देती है। वैसे ही, हम भारतीय दुनिया भर में अपने प्रेम का रंग घोलते रहते हैं। घर में दूध तो ऑस्ट्रेलिया वाला आता है, लेकिन चाय भारत वाली बनती है...' उन्होंने कहा, 'आपने सुना होगा कि भारत में आजकल 'भजन क्लबिंग' का नया ट्रेंड चल रहा है। हमारी त्द्दठ्ठ' इसे आगे बढ़ा रही है और यहां ऑस्ट्रेलिया में भी, मैंने सुना है कि आपके वीकेंड भी आस्था और आध्यात्म से भरा रहता है। कहीं किसी के घर भगवान



सत्यनारायण की कथा, तो कहीं गुरुद्वारे में अरदास, कहीं बच्चे द्वारा भांगड़ा, कहीं भरतनाट्यम की प्रस्तुति या कहीं कोई क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा होता है ।वेनेजुएला में भूकंप के बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन अमिस्ताद का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत हमेशा आपदा में मदद करता है। हम जब मदद करते हैं तो नागरिकों के पासपोर्ट नहीं देखते। दुनिया आज भारत पर भरोसा करती है। पीएम मोदी ने तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप के दौरान भी भारत की तरफ से भेजी गई मदद का जिक्र किया। उन्होंने खेल के क्षेत्र में दिए गए योगदान का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मुझे खुशी है कि शिक्षा, हुनर और इनोवेशन के क्षेत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रिश्ते गहरे और मजबूत हो रहे हैं। आज हजारों भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर रहे हैं और अब ऑस्ट्रेलियाई यूनिवर्सिटीज भी भारत में

> **भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डेमो तो देख ही लिया होगा, धमाके पड़ोसियों पर हो रहे थे और गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही थी। आतंकी कैंप पर इस कड़े प्रहार से आपको गर्व हुआ कि नहीं हुआ? भारत इतने पर ही रुकना नहीं चाहता, भारत कह रहा है ग्रो मोर, ग्रो मोर ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'हम भारतीय ऐसे ही हैं जैसे दूध में चीनी मिल जाती है और उसे और भी मीठा कर देती है। वैसे ही, हम भारतीय दुनिया भर में अपने प्रेम का रंग घोलते रहते हैं।**

अपने कैंपस खोल रही हैं। डीकिन और वोलोंगोंग यूनिवर्सिटीज के कैंपस शुरू हो चुके हैं और दूसरी ऑस्ट्रेलियाई यूनिवर्सिटीज भी इसी दिशा में आगे बढ़ रही हैं। और यह सिर्फ नए कैंपस खोलने की बात नहीं है, यह दुनिया को कुशल और इनोवेटिव टैलेंट देने वाले ग्लोबल लीडर तैयार करने का एक अभियान भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 2014 के ऑस्ट्रेलिया दौरे को याद करते हुए कहा कि उस समय करीब 28 वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की थी। उन्होंने कहा, 'उस दौरान मैंने कहा था कि अगली बार भारत के प्रधानमंत्री के आने के लिए लोगों को 28 साल इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में यह उनकी ऑस्ट्रेलिया की तीसरी यात्रा है और यह एक तरह से 'हैट्रिक' है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बदलाव दर्शाता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंध कितनी तेजी से मजबूत हुए हैं।

## चंपत राय समेत तीन की सिस्टम आईडी निष्क्रिय

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर की दर्शन व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए पूर्व महासचिव चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा और गोपाल राव की वीआईपी एवं सुगम दर्शन पास जारी करने वाली सिस्टम आईडी निष्क्रिय कर दी है। वहीं, राम मंदिर के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास का अधिकार बढ़ाते हुए उनके नाम से आईडी जनरेट कर दी गई है। अब उनकी आईडी से पास जारी किए जा सकेंगे। सूत्रों के अनुसार, राम मंदिर में दो प्रकार के पास जारी किए जाते हैं। सुगम दर्शन पास और विशिष्ट दर्शन पास। इसके लिए ट्रस्टियों और अधिकृत पदाधिकारियों के नाम से सिस्टम में अलग-अलग आईडी बनाई गई है।

संबंधित पदाधिकारी की संस्तुति पर श्रद्धालुओं के लिए पास जारी किए जाते थे। हाल के घटनाक्रमों के बाद ट्रस्ट ने पास जारी करने की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए तीन ऐसी आईडी बंद कर दी हैं, जिनसे सबसे अधिक पास जारी हुए थे। अब ट्रस्ट से बाहर होने के बाद चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा और गोपाल राव की संस्तुति पर किसी भी प्रकार का सुगम या विशिष्ट दर्शन पास जारी नहीं किया जाएगा ।सूत्रों का दावा है कि चढ़ावा प्रकरण में आरोपी टिन्नू यादव ने इसी व्यवस्था का दुरुपयोग करते हुए बड़ी संख्या में पास जारी करवाए थे। जांच एजेंसियां इस पूरे सिस्टम की भी पड़ताल कर रही हैं। कुछ लोगों पर इन आईडी के माध्यम से पास जारी कराने के नाम पर अवैध लाभ लेने के आरोप भी जांच के दायरे में हैं। इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

## बुंदेलखंड को स्वर्ग बनाने का करेंगे काम : सीएम योगी



**बांदा(एजेंसी)।** सीएम ने कहा कि अब निवेश की संभावना से पलायन रुका है। एक जनपद-एक उत्पाद में शजर पत्थर ने बनाई पहचान। शजर की गिनती कीमती रत्नों में हो रही है। बुंदेलखंड को बीडा के रूप में मिलेगी बड़ी सौगात। यहां नौकरी मांगने आएंगे नौजवान। कहा कि विकास और विरासत की यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए अच्छे जनप्रतिनिधि जरूरी हैं। आज का विकास उन्हीं का परिणाम है। जो भी प्रोजेक्ट जनप्रतिनिधि लाएंगे, उसे आगे बढ़ाकर बुंदेलखंड को धरती का स्वर्ग बनाने का काम करेंगें ।विकास की निरंतरता नहीं होगी, तो आने वाली पीढ़ियां कोसेंगी। बबेरू के सपा विधायक को नहीं है, विकास में रुचि। गरीबों के हक पर डकैती डालना ही उनका विकास है। इसे हर हाल में रोकना होगा। पहले क्यों नहीं लगी महाराणा प्रताप और अवंतीबाई की मूर्ति की स्थापना। क्यों नहीं बन पाया बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे। 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद अवैध असलहा और जमीनों पर माफिया के कब्जे को हटाने के लिए कहा था। तब 64 हजार एकड़ जमीन सपा के गुंडों से खाली हुई थी। आज उसी में निवेश हो रहा है ।जो आज मंदिरों के संरक्षण में लग रहा है, यह सपा सरकार में कब्रिस्तान के विकास के लिए जाता था। इसलिए आज वे विरोध करते हैं। भाजपा के लिए विरासत और विकास एक साथ चलने वाली प्रक्रिया का भाग है। सपा ने नौजवानों के हाथ में पकड़ाए तमंचे, नहीं दी नौकरी। भाजपा में ब्रह्मोस बनती है। जब भारत ब्रह्मोस चलता है, तो पाकिस्तान भी चिल्लाता है ।अपने वीरों और वीरांगनाओं को सम्मान देने का काम कर है बांदा। मैं कल चित्रकूट में था, जहां प्रभु राम की स्मृतियां हैं। मैं कामतानाथ प्रभु की परिक्रमा करके बांदा आया हूं। कुछ लोग विरासत को अपमानित करते हैं। कुछ लोग इसे कोसने को हो अपना ध्येय समझते हैं। उन्हें राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, मां विंध्यवासिनी और चित्रकूट में हो रहे काम अच्छे नहीं लगते हैं। 2017 से पहले जिनको प्रदेश की जिम्मेदारी दी, वह यही करते थे। आज सबको योजनाओं का लाभ मिल रहा है ।तुष्टीकरण पर नहीं चलती भाजपा सरकार। आगे कहा कि व्यापारी और बेटी के सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के लिए यमराज के पास जाने का रास्ता भी खोला है। जनप्रतिनिधि जब प्रस्ताव लाते हैं, तो विकास की सौगात मिलती है। आज बुंदेलखंड में सब कुछ है। मेडिकल कॉलेज है, कृषि विश्वविद्यालय है। इंजीनियरिंग कॉलेज है, अन्य कार्य भी हो रहे हैं। ये तभी संभव है, जब अच्छे जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं। अगर कोई डकैत जीतेगा, तो योजनाओं में भी डकैती डालेगा, जमीनें कब्जाएगा ।जनता जनार्दन को जाता है श्रेय आगे कहा कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उम्मीद जगी। क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ी, पेयजल भी मिला। बांदा के नौजवानों को आज रोजगार मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार ने सपनों को पूरा किया है। इसका श्रेय जनता जनार्दन को जाता है। बुंदेलखंड में पिछड़ेपन के चलते होता था पलायन। प्यास बन गई थी पहचान। कहीं भू माफिया, तो कहीं खनन माफिया, तो कहीं वन माफिया और डकैतों का आतंक था। न रोजगार था और न ही कनेक्टिविटी। दबंगों पर एफआईआर भी नहीं होती थी। अस्तित्व के लिए जूझ रहा था बुंदेलखंड। सीएम ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रयासों का परिणाम हैं 710 करोड़ की परियोजनाएं। आज बुंदेलखंड की प्रगति देखकर आज प्रसन्नता होती है। जब नौ साल पहले मैं आया था, जो स्थित देखी थी...बेहद दयनीय थी। पिछड़ापन बुंदेलखंड की पहचान बन गई थी। प्रधानमंत्री ने भी बुंदेलखंड के विकास की बात की थी। सीएम योगी ने भगवान राम और हनुमान जी को नमन कर अपना संबोधन शुरू किया। कहा- मैं महर्षि बामदेव की पावन धरा को नमन करता हूं। इसके बाद सभी जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों का अभिनंदन किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ईरान ने 10 मिसाइलें दागने का किया दावा

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान ने दावा किया है कि उसकी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने जॉर्डन के अजराक स्थित मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस पर 10 मिसाइलें दागीं। ईरानी सरकारी मीडिया का कहना है कि इस हमले में अमेरिका से जुड़े इस अहम सैन्य ठिकाने को भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, जॉर्डन ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने सभी मिसाइलों को हवा में ही इंटरसेप्ट कर दिया ।ईरानी सरकारी मीडिया आईआरआईबी और अन्य स्थानीय रिपोर्टों के मुताबिक, आईआरजीसी ने अमेरिकी सैन्य मौजूदगी को निशाना बनाते हुए जॉर्डन के मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस पर 10 मिसाइलें दागीं। ईरान का दावा है कि हमले में एयर बेस को गंभीर नुकसान पहुंचा ।जॉर्डन सरकार ने कहा कि मिसाइल हमले के दौरान पूरे इलाके में अलर्ट सायरन बजाए गए, लेकिन देश की एयर डिफेंस प्रणाली ने सभी मिसाइलों को रास्ते में ही मार गिराया।

### खुफिया ऑपरेशन के तहत सीआईएसएफ की झारखंड-बंगाल में रेड

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की 'जीरो कोल लीकेज' (कोयले की शून्य चोरी) पहल को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत अवैध कोयला खनन, चोरी, अवैध भंडारण और परिवहन के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। खुफिया ऑपरेशन के तहत सीआईएसएफ ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में छापेमारी कर 428 मीट्रिक टन अवैध कोयला बरामद किया है। एमएमडीआर अधिनियम की धारा 22, 23बी और 24 के तहत सीआईएसएफ के नामित अधिकारियों को अधिकार मिलने के बाद, बल ने राष्ट्रीय खनिज संसाधनों की सुरक्षा और कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान कोल इंडिया की सहायक कंपनियों, स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के समन्वय से और खुफिया जानकारियों के आधार पर चलाया जा रहा है ।04 से 08 जुलाई के बीच, सीआईएसएफ ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के कोयला क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाए।

## सुखेंदु-सुष्मिता समेत तीन पूर्व सांसद बीजेपी में शामिल

**कोलकार्ता(एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को गुरुवार को बड़ा झटका लगा है। टीएमसी के तीन पूर्व राज्यसभा सांसदों ने आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है। भाजपा में शामिल होने वालों में सुष्मिता देव, प्रकाश चिक बराइक और सुखेंदु शेखर रॉय शामिल हैं। तीनों नेताओं ने पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली ।इस अवसर पर राज्य भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा, 34 साल तक वाम मोर्चे का शासन रहा, उसके बाद तृणमूल कांग्रेस की सरकार आई। इतने लंबे समय तक पश्चिम बंगाल में जो राजनीति चली, उसने हमारे संघीय ढांचे को नकारा और उसे चुनौती दी। केंद्र सरकार के साथ सहयोग करने के बजाय टकराव का रास्ता अपनाया गया, जिसके कारण विकास पूरी



तरह रुक गया। ऐसे माहौल में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए तीन सांसदों ने तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आगे कहा, आज ये तीनों सुष्मिता देव, प्रकाश चिक बराइक और सुखेंदु शेखर रॉय भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। ये तीनों सांसद बड़े नेता हैं, जिनका राज्यसभा में प्रदर्शन सभी लोग जानते हैं। उन्होंने आगे कहा, यह हमारे लिए खुशी का मौका है और भाजपा इससे उत्साहित है। भाजपा की ओर से और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मैं अपने कार्यकर्ताओं, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, पूरी कैबिनेट और पूरे संगठन की ओर से इन तीनों नेताओं का दिल से और बहुत खुशी के साथ स्वागत करता हूं। समिक भट्टाचार्य ने आज के घटनाक्रम को एक 'अपवाद' बताया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल करने को लेकर पार्टी की जो नीति पहले थी, उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। समिक ने कहा, हम पहले भी कहते रहे हैं और आज भी कह रहे हैं कि तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं के लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं। आज का यह घटनाक्रम एक अपवाद है, किसी नीति परिवर्तन का संकेत नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने पहले भी उन लोगों को अपने साथ आने का आह्वान किया था, जो तृणमूल में रहते हुए भ्रष्टाचार के आरोपों से दूर रहे।

## राज्यपाल ने प्रदेश में पहली बार की ट्रेन से यात्रा

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पहली बार ट्रेन से लखनऊ से कानपुर तक की यात्रा की। उन्होंने उत्सर्ग एक्सप्रेस की फर्स्ट एसी बोगी से यात्रियों के साथ सफर किया। ऐशबाग रेलवे स्टेशन पर उनके आगमन को लेकर आरपीएफ, जीआरपी व लखनऊ पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम किए थे। हालांकि ट्रेन छूटते ही चेन पुलिंग हो गई, जिससे ट्रेन रुक गई। बच्चे साथ सफर कर रही एक महिला उतर नहीं पायी थी। राज्यपाल की वापसी शुक्रवार को उत्सर्ग एक्सप्रेस से ही होगी। साथ ही उनका अगला सफर लखनऊ से प्रयागराज के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस से होगा। दरअसल, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की रेल यात्रा को लेकर जनभवन की ओर से रेलवे को पत्र भेजा गया था। राज्यपाल के आगमन पर असुविधाएं न हों, इसके लिए ऐशबाग रेलवे स्टेशन पर सुबह आठ बजे की पाली में तैनात रेलकर्मियों को दो घंटे पहले ही ड्यूटी पर बुला लिया गया था।

## सीजेपी का 20 को संसद मार्च का एलान, सोनम वांगचुक करेंगे अगुवाई

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और धांधली के विरोध में जंतर-मंतर पर चल रहा प्रदर्शन अब और उग्र रूप लेने जा रहा है। भारी बारिश के बीच जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना गुरुवार को 20वें दिन भी जारी रहा। इस बीच, सीजेपी ने घोषणा की है कि वह संसद के मानसून सत्र के पहले दिन, यानी 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद भवन तक एक शांतिपूर्ण मार्च निकालेगी। सीजेपी ने देश भर के छात्रों, अभिभावकों और आम नागरिकों से इस मार्च में शामिल होने की अपील की है। इस आंदोलन की मुख्य मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाना है।इस संसद मार्च में प्रख्यात शिक्षाविद् और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी



शामिल होंगे, जो 28 जून से जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। भूख हड़ताल के कारण वांगचुक का वजन सात किलो से अधिक गिर गया है। वांगचुक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा कि अगर आप सच में मदद करना चाहते हैं, तो आरामदायक सोफे से संदेश भेजने के बजाय 20 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर आएं। हम सब मिलकर संसद की तरफ शांतिपूर्ण मार्च करेंगे और सांसदों से इस समस्या का स्थायी समाधान खोजने की अपील करेंगे।

## ट्रेलर ने बाइक सवारों को 100 मीटर तक घसीटा, तीन युवकों की मौत

**सोनभद(एजेंसी)।** वाराणसी-शक्ति नगर मार्ग पर पिपरी थाना क्षेत्र के मड़ैया गांव के पास बृहस्पतिवार की शाम हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से तीनों युवक उसके पहियों के नीचे आ गए, जिससे उनके शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर कुछ समय तक यातायात बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर और शवों को हटवाकर आवागमन सामान्य कराया। पुलिस के अनुसार,



बृहस्पतिवार शाम करीब 5:30 बजे तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर मकरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मड़ैया गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## अवैध कब्जों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, अधिकारियों की मिलीभगत पर जताई नाराजगी


**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने आज दिल्ली- लखनऊ में हुए हालिया अग्निकांड की घटनाओं को लेकर कड़ा रख अपनाते हुए नगर निकायों को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में अवैध कब्जों को लेकर भी नाराजगी जताई और पूछा कि अवैध कब्जों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है? अदालत ने नगर निकायों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जमीन पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सुप्रीम कोर्ट अवमानना की कार्रवाई करेगा। कोर्ट ने अवैध कब्जों के मामलों में सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत पर भी कड़ी



नाराजगी जताई। कोर्ट ने घटना के बाद अधिकारियों द्वारा इज्जत बचाने के लिए की जाने वाली कार्रवाइयों की भी आलोचना की। कोर्ट ने कहा कि घटनाओं के बाद सिर्फ बिल्डरों को ही गिरफ्तार किया जा रहा है, जबकि घटना वाले क्षेत्र के प्रभारी अधिकारियों को छोड़ दिया जा रहा है। कोर्ट ने रिपोर्ट तलब करते हुए मामले की सुनवाई अगली तारीख तक स्थगित कर दी। दिल्ली के मालवीय नगर में बीती 3 जून को एक होटल में भीषण आग लग गई थी, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं लखनऊ में बीती 22 जून को एक व्यवसायिक परिसर में लगी आग में झुलसकर 15 लोगों की मौत हो गई थी।अदालत ने दिल्ली नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे नगर निकाय के आचरण से चिंतित हैं। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस शील नागू की पीठ ने अवैध कब्जों से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान मालवीय नगर की घटना, लखनऊ में लगी आग और साकेत में इमारत गिरने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमें उम्मीद थी कि अधिकारी कुछ कार्रवाई करेंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अदालत ने ये भी पूछा कि मालवीय नगर की घटना के बाद दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई? सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के लाजपत नगर, साकेत और सरोजनी नगर जैसे इलाकों का सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया है और इस संबंध में एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का आदेश दिया है।

## न्यूयॉर्क में छाया स्वदेशी पालपोत आईएनएस सुदर्शिनी, अब बोस्टन में दिखेगा जलवा?

**न्यूयॉर्क(एजेंसी)।** भारतीय नौसेना का स्वदेशी पालपोत आईएनएस सुदर्शिनी अमेरिका के न्यूयॉर्क दौरे को सफलतापूर्वक पूरा कर अब अपने अगले पड़ाव बोस्टन के लिए रवाना हो गया है। यह यात्रा भारतीय नौसेना के 10 महीने लंबे 'लोकायन 2026' महासागरीय अभियान का हिस्सा है। इस अभियान का उद्देश्य दुनिया के अलग-अलग देशों में भारत की समुद्री विरासत, स्वदेशी क्षमता और नौसैनिक सहयोग को बढ़ावा देना है। आईएनएस सुदर्शिनी ने आठ जुलाई 2026 को न्यूयॉर्क बंदरगाह पर अपना कार्यक्रम पूरा किया। इस दौरान जहाज ने अमेरिका की आजादी के 250वें वर्ष के अवसर पर आयोजित 'इंटरनेशनल नेवल रिव्यू 250' और 'सेल250' जैसे



अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इन आयोजनों में कई देशों के नौसैनिक जहाज शामिल हुए। भारत की ओर से आईएनएस सुदर्शिनी की मौजूदगी ने दुनिया के सामने देश की समृद्ध समुद्री परंपरा और बढ़ती नौसैनिक क्षमता को प्रदर्शित किया।आईएनएस सुदर्शिनी भारतीय नौसेना का तीन मस्तूल वाला पारंपरिक पालपोत है। इसका निर्माण भारत में किया गया है और इसे मुख्य रूप से प्रशिक्षण, समुद्री कूटनीति और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह जहाज कई अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कर चुका है और अलग-अलग देशों में भारत की संस्कृति, समुद्री इतिहास और नौसैनिक परंपराओं का परिचय कराता है ।न्यूयॉर्क में सभी कार्यक्रम पूरे करने के बाद आईएनएस सुदर्शिनी अब बोस्टन के लिए रवाना हो चुका है। वहां यह 'सेल बोस्टन 2026' समारोह में हिस्सा लेगा। इस कार्यक्रम में दुनिया के कई देशों के पारंपरिक और आधुनिक जहाज शामिल होंगे। भारतीय नौसेना के लिए यह दौरा केवल एक औपचारिक यात्रा नहीं है, बल्कि अमेरिका के साथ समुद्री सहयोग और दोस्ती को मजबूत करने का भी महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।


## चीन में जूता फैक्टरी में लगी भीषण आग, 28 की मौत

**बीजिंग।** चीन के जिनजियांग शहर में गुरुवार को एक जूता फैक्टरी में भीषण आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इस हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई। घटना के वीडियो में देखा गया कि आग ने पूरे कारखाने और उसके आसपास की इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया।

चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने बताया कि आग लगने के बाद बचाव और राहत कार्यों की निगरानी के लिए एक संयुक्त टीम जिनजियांग शहर भेजी गई है। यह शहर पूर्वी चीन के फुजियान प्रांत के क्वांझोउ में स्थित है। मंत्रालय के अनुसार, आग दोपहर करीब 12 बजे कारखाने में लगी थी।चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे खोज और बचाव अभियान में पूरी ताकत लगाएं, हादसे के कारणों का पता लगाएं और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें।

## माइलेज पर मामूली असर इंजन पर नहीं : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** वाहनों में पेट्रोल के साथ ज्यादा इथेनॉल मिलाने को लेकर बहस जारी है। इस बीच, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल से कम होती है। इसलिए जैसे-जैसे पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा बढ़ती है, वैसे-वैसे गाड़ी का औसत माइलेज थोड़ा कम हो सकता है। लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका असर बहुत कम होगा। गडकरी ने यह बात 'इंडियन एक्सप्रेस' से बातचीत में कही। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सोशल मीडिया पर ई20 पेट्रोल से वाहनों के खराब होने की जो बातें सामने आ रही हैं, उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उनके मुताबिक, यह एक सुनियोजित दुष्प्रचार है।गडकरी ने कहा कि ई20 मिश्रण (20 फीसदी इथेनॉल और 80 फीसदी पेट्रोल) को पूरे देश में लागू करने से पहले पुणे स्थित ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन



ऑफ इंडिया (एआरएआई) और वाहन बनाने वाली कंपनियों ने कई तरह के परीक्षण किए थे। सभी जरूरी मंजूरी मिलने के बाद ही इसे लागू किया गया।पुराने वाहनों के कुछ छोटे पुर्जों पर थोड़ा असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए वाहन कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि सर्विस के दौरान वे ऐसे पुर्जों को बदल दें। गडकरी ने कहा, मुझे एक भी ऐसी गाड़ी दिखाइए जो ई20 पेट्रोल की वजह से खराब हुई हो। सोशल मीडिया पर जो बातें फैलाई जा रही हैं, वे एक सुनियोजित दुष्प्रचार का हिस्सा हैं।माइलेज के बारे में गडकरी ने कहा, 'देखिए, दो बातें हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें

### समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश



**अमेठी।** जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

## सूने घर से लाखों के जेवर, नकदी व लैपटॉप चोरी

**अंबेडकरनगर** जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के असनारा गांव में गुरुवार को लाखों रुपये की चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक सूने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात, लैपटॉप, मोबाइल फोन और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।जानकारी के अनुसार, असनारा गांव निवासी चंद्रभान यादव का परिवार गुरुवार दोपहर घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान, मौका पाकर चोर उनके घर में घुस गए। चोरों ने बड़ी चालाकी से कमरों के ताले तोड़े और घर के अंदर रखे लाखों रुपये के आभूषण, एक लैपटॉप, एक मोबाइल फोन और कुछ नकदी लेकर फरार हो गए। चोरी हुए आभूषण चंद्रभान यादव की बहू रीना यादव के बताए जा रहे हैं।परिवार के सदस्य जब शाम को घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और कमरों के ताले टूटे हुए थे। यह देखकर उन्हें चोरी का अहसास हुआ। तत्काल इसकी सूचना राजेसुल्तानपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही राजेसुल्तानपुर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में राजेसुल्तानपुर के थानाध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि पुलिस इस चोरी की घटना को गंभीरता से ले रही है। थानाध्यक्ष पाल ने आगे बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और चोरी हुए सामान की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मदरसा कम्पार्टमेंट परीक्षा के आवेदन 30 जुलाई तक

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ के निर्देशानुसार मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) एवं आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षा-2026 की कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पात्र अभ्यर्थी संबंधित मदरसों के माध्यम से 30 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि कम्पार्टमेंट परीक्षा में केवल वे परीक्षार्थी आवेदन के पात्र होंगे, जो परीक्षा-2026 में अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहे हैं। परीक्षा केवल लिखित होगी। उन्होंने बताया कि मुंशी/मौलवी संस्थागत अभ्यर्थियों के लिए प्रति विषय 200 रुपये तथा व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के लिए 250 रुपये परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं आलिम संस्थागत अभ्यर्थियों के लिए प्रति विषय 250 रुपये और व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये शुल्क देय होगा। निर्धारित शुल्क ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा किया जाएगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के अनुसार ट्रेजरी चालान जमा करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई, ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई, संबंधित मदरसों द्वारा पूर्ण आवेदन पत्र जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 3 अगस्त तथा जिला स्तर से आवेदन अग्रसारित एवं लॉक किए जाने की अंतिम तिथि 7 अगस्त निर्धारित की गई है।

# व्यापारियों के हितों से कोई समझौता नहीं- लोकेश अग्रवाल

### व्यापारियों को एकजुटता होना बड़ी उपलब्धि है सम्मानित हुई विभूतियां



## सुरक्षा देना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश का शपथ ग्रहण, व्यापारी सम्मान एवं पत्रकार सम्मान समारोह मंगलवार को हाईवे स्थित एक होटल के सभागार में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी समुदाय किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। संगठन व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी कीमत पर व्यापारी हितों से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करना शासन-प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में बस्ती मंडल के संरक्षक राना दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन व्यापारियों की हर छोटी-बड़ी समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने व्यापारियों से निडर होकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बस्ती मंडल प्रभारी हरिमूर्ति सिंह मनोज ने संगठन के व्यापारी हितों के संकल्प को दोहराते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और व्यापारी हितों की प्रभावी पैरवी कर रहा है। उन्होंने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में सभी पदाधिकारियों, व्यापारियों और पत्रकारों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी की गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की भव्यता और बढ़ गई। समारोह के दौरान संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई तथा व्यापारियों और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शक्ति शरण उपाध्याय, प्रवीण सिंह, कुलदीप श्रीवास्तव, अमन गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, राणा महेंद्र प्रताप, किशन सिंह, वंदना वर्मा, सौरभ श्रीवास्तव, संध्या गोस्वामी, राजेंद्र प्रसाद साहू, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विश्वनाथ, सुनील कुमार गुप्त, उद्योग मंच बस्ती के जिला अध्यक्ष कमलेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एथेनाल फैक्ट्री का विरोध जारी

### 14 को पुरजोर विरोध मे हिस्सा लेगी माकपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती रुधौली मार्ग पर दसिया में निर्माणाधीन इथेनॉल फैक्ट्री को लेकर जारी विरोध अभी खत्म नही हुआ। फैक्ट्री को पर्यावरण के अनुकूल न मानते हुए क्षेत्र के किसान और बाम नागरिक आंदोलित हैं। माकपा भी इस मुद्दे का गरम करने की तैयारी मे जुट गई है। किसान सभा के संयोजक केशव राम चौधरी के नेतृत्व में खेत मजदूर यूनियन, सीटू और माकपा नेताओं ने क्षेत्र का दौरा कर फैक्ट्री, प्रशासन के दावे और किसानों के समस्याओं पर विस्तार से बातचीत की।

उठाये गए सभी बिंदुओं पर संगठन आपस में चर्चा करके रणनीति तय करेगा। खेत मजदूर यूनियन,किसान सभा सीटू और माकपा नेताओं ने उपस्थित नागरिकों, किसानों के साथ अपने को जोड़ते हुए कहा कि जन हित में इथेनॉल फैक्ट्री के पर्यावरणीय चिंताओं को खारिज नहीं किया जा सकता। ऐसे में उनके आंदोलन को समर्थन करते हुए प्रशासन से उनके माँगो को हल करने की अपील किया। 14 जुलाई को पूर्व घोषित स्थानीय नागरिकों के प्रदर्शन में हिस्सा लेने पर सहमति दिया गया शेषमणि, ध्रुव चंद्र, के के तिवारी, नरसिंह भारद्वाज, विजय नाथ तिवारी, शिव चरण निषाद, राम जी, नवनीत यादव, परशुराम, राम सहाय, विजेंदर आदि प्रतिनिधि मंडल में शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता पुत्र गंभीर घायल, गंभीर हालत में रेफर

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सरेनी रोड स्थित मलपुरा गांव के पास गुरुवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सरेनी थाना क्षेत्र के सुखियाखेड़ा गांव निवासी जयओम (26) पुत्र धर्मपाल अपने पिता धर्मपाल (48) पुत्र जागेश्वर के साथ बाइक से शादी के लिए लड़की देखकर घर लौट रहे थे। मलपुरा गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। हादसे की जांच भी शुरू कर दी गई है।

# पुण्यतिथि पर लगा विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 1360 मरीजों ने उठाया लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** स्वर्गीय राजेश दूबे जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गांधीनगर स्थित एस.आर.डी. हॉस्पिटल में गुरुवार को विशाल नि:शुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किडनी, लीवर, रक्त, कोलेस्ट्रॉल, शुगर, ब्लड प्रेशर तथा थायराइड की नि:शुल्क जांच की गई। इसके साथ ही नेत्र रोगियों की जांच कर 230 लोगों को नि:शुल्क चश्मे तथा बरसात से बचाव हेतु 300 छाते वितरित किए गए। शिविर का शुभारम्भ एस.पी. ग्रुप के निदेशक आशीष दूबे एवं एस.आर.डी. हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. रोहन दूबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने स्व. राजेश दूबे जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. राजेश दूबे का जीवन समाज सेवा, सरलता और आत्मीयता का प्रतीक था तथा उनकी स्मृति में आयोजित यह शिविर जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

शिविर में कुल 1360 मरीजों ने विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों से नि:शुल्क परामर्श प्राप्त किया। इनमें जनरल फिजीशियन डॉ. अश्विनी सिंह, डॉ. अभिनव मिश्र, डॉ. हुसैन, महिला रोग विशेषज्ञ, न्यूरो फिजीशियन डॉ. के.के. दूबे, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर एस.पी. ग्रुप के निदेशक अखिलेश दूबे, धीरेंद्र शुक्ल, विनय शुक्ल, सत्यदेव शुक्ल, भोलानाथ चौधरी, कृष्णमणि त्रिपाठी, ओमप्रकाश दूबे, मनीष सिंह, देवव्रत शुक्ल, विष्णु शुक्ल, रामचन्द्र



यादव, ओमप्रकाश आर्या, गरुणध्वज पाण्डेय, प्रदीप दूबे, डॉ. के.के. सिंह, एम.पी. दूबे, गोपेश्वर त्रिपाठी, कैलाशनाथ दूबे, सुशील मिश्र, अनुराग शुक्ल, प्रभुप्रीत सिंह, संतोष दूबे, अभिषेक त्रिपाठी, सुनील सिंह, वीरेन्द्र उर्फ बंकू, रामानन्द उर्फ नन्हे सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अखिलेश दूबे ने सभी चिकित्सकों, सहयोगियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया

# सड़क सुरक्षा अभियान: नियम मानने वालों को गुलाब, उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को जनपद के प्रमुख चौराहों पर विशेष जनजागरूकता एवं सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वीर विनय चौक समेत विभिन्न प्रमुख स्थानों पर जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए वाहन चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन का संदेश दिया। अभियान के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है और थोड़ी-सी सावधानी से कई अनमोल जीवन बचाए जा सकते हैं।

इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। वाहन चालकों के हेलमेट, सीट बेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा और प्रदूषण प्रमाण-



पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। जांच में जिन वाहन चालकों के सभी दस्तावेज सही पाए गए और जो यातायात नियमों का पालन करते मिले, उन्हें गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करें, वाहन के सभी आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखें तथा जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाकर स्वयं और दूसरों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करें। प्रशासन ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे।

## लापता युवती का नहर किनारे मिला दुपट्टा-चप्पल, तलाश जारी

**अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के टंडवा सिसारा गांव में घर से लापता 24 वर्षीय युवती का दुपट्टा और चप्पल गुरुवार सुबह नहर किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के नहर में डूबने की आशंका जताते हुए गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू करा दिया है। टंडवा सिसारा गांव निवासी राम प्रताप की पुत्री प्रीति बुधवार रात शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार प्रीति मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और उसका इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर में चल रहा था। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर नहर की पटरी पर एक दुपट्टा और चप्पल पड़े देखे। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उनकी पहचान प्रीति के सामान के रूप में की। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नहर में तलाश शुरू कराई। थाना प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि युवती के नहर में डूबने की आशंका के मद्देनजर खोजबीन कराई जा रही है। युवती के मिलने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## धान की रोपाई के दौरान खूनी संघर्ष, फायरिंग का आरोप

### कई मजदूर घायल, पंपिंग सेट व ऑटो क्षतिग्रस्त

**महराजगंज/ रायबरेली।** कोतवाली महराजगंज क्षेत्र के ग्राम बावन बुजुर्ग बल्ला में खेत की सिंचाई और धान की रोपाई के दौरान हुए विवाद में मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, अटरेहटा निवासी मोनू मौर्य ने बताया कि उसने वर्ष 2022 में ग्राम बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित गाटा संख्या 1555, 1557, 1564 व 1812 की भूमि खरीदी थी। उक्त भूमि बटाई पर दी गई थी और पिछले तीन वर्षों से कोई विवाद नहीं था। आरोप है कि 8 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे वह चार मजदूरों के साथ धान की रोपाई के लिए पंपिंग सेट से सिंचाई करा रहा था। इसी दौरान नामजद आरोपित अपने साथ 8-10 अज्ञात लोगों को लेकर पहुंचे और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि नामजद आरोपी राजकुमार ने अवैध तमंचे से हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई। हमले में बृजेश, धर्मेंद्र, बिन्देश और अरविन्द घायल हो गए। साथ ही आरोपियों ने पंपिंग सेट नहर में फेंक दिया और ऑटो को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने कोतवाली महराजगंज में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने दूरभाष पर बताया कि दबंगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल जैसी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है विवेचना कर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## बाढ़ प्रभावित गांवों में 31 जुलाई तक लगेंगी राहत चौपालें



**अंबेडकरनगर।** संभावित बाढ़ के मद्देनजर तहसील टांडा के बाढ़ प्रभावित गांवों में 7 से 31 जुलाई तक राहत चौपालों का आयोजन किया जाएगा। चौपालों में ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव, राहत व्यवस्था, सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पशुओं की सुरक्षा तथा आपदा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी जाएगी। उप जिलाधिकारी टांडा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जनहानि और धनहानि को कम करना है। चौपालों में राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, पशुपालन, सिंचाई, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर लोगों को जागरूक करेंगे और स्थानीय समस्याओं का समाधान भी करेंगे।

## कृष्णा मिशन हॉस्पिटल के 10 वें स्थापना दिवसपर जुटे दिग्गज

### प्रबंधन ने लिया बेहतर परफारमेन्स का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती शहर के बड़े बन बरगदवा स्थित श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल का 10वां स्थापना दिवस रविवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह के साथ मनाया गया। वर्ष 2016 में स्थापित इस अस्पताल ने पिछले दस वर्षों में क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर अपनी अलग पहचान बनाई है। समारोह में विभिन्न

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद राम प्रसाद चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल ने पूर्वांचल के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अस्पताल के चेयरमैन बसंत चौधरी ने अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह अस्पताल केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता का



है। सभी के सहयोग, विश्वास और स्नेह के कारण अस्पताल लगातार प्रगति कर रहा है।

डायरेक्टर पंकज चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल में शीघ्र ही हृदय रोग (कार्डियोलॉजी) एवं न्यूरो विभाग की स्थापना की जाएगी। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक महेंद्र नाथ यादव, विधायक राजेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, संजय प्रताप जायसवाल, नगर पंचायत नगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राना दिनेश प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पिछड़े वर्ग के आरक्षण संबंधी सुझावों के लिए आयोग ने अमेठी में की बैठक

### स्थानीय परिस्थितियों, सामाजिक-आर्थिक स्थिति एवं राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर लिया गया फीडबैक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार, अमेठी में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य एस.पी. सिंह, संतोष कुमार विश्वकर्मा, बृजेश कुमार एवं अरविंद कुमार चौरसिया उपस्थित रहे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी एवं मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिला पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए स्थानीय ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्ग के आरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत सुझाव प्राप्त किए।



आयोग ने ग्रामीण क्षेत्रों में पिछड़े वर्ग की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, भूमि स्वामित्व, भूमिहीन परिवारों की संख्या, आजीविका एवं आय के स्रोत, सरकारी सेवाओं में भागीदारी तथा राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी संकलित की। आयोग के सदस्यों ने विभिन्न जातीय समूहों की जनसंख्या, उनके सामाजिक विकास के स्तर तथा स्थानीय निकायों में उनकी सहभागिता के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की परिस्थितियों के आधार पर सुझाव प्रस्तुत किए, जिन्हें आयोग ने गंभीरता से सुना और अभिलेखित किया। इस दौरान आयोग द्वारा पिछड़े वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान, जनजागरूकता बढ़ाने तथा उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए आवश्यक उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही स्थानीय परिस्थितियों और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप आरक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं न्यायसंगत बनाने के संबंध में प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि आयोग का उद्देश्य प्रदेश के पिछड़े वर्गों की वास्तविक सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति का व्यापक एवं तथ्यपरक अध्ययन करना है, ताकि स्थानीय निकायों में आरक्षण व्यवस्था से संबंधित न्यायसंगत और व्यवहारिक अनुशंसाएं शासन को उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने बताया कि अमेठी जनपद में प्राप्त सुझावों, तथ्यों एवं आंकड़ों का समुचित परीक्षण कर आयोग अपनी संस्तुतियां शासन को प्रेषित करेगा। बैठक शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और आयोग के समक्ष अपने विचार रखे। आयोग ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहभागिता के माध्यम से ही समाज के सभी वर्गों के हितों का समुचित संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है।

# वीएचएनडी निरीक्षण में लापरवाही पर सीएमओ सख्त

### पर्यवेक्षक का वेतन रोकने के निर्देश

### विशुनीपुर में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बुधवार को विकास खंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत विशुनीपुर स्थित पंचायत भवन में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित टीकाकरण, किशोरी स्वास्थ्य तथा पोषण संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान एएनएम रीना शुक्ला ने 12 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) की, जबकि 13 बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया। वहीं चार किशोरियों को पोषण, एनीमिया से बचाव तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के संबंध में परामर्श दिया गया।

सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान ग्राम स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता दिवस के लिए नामित पर्यवेक्षक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी राधा कन्नौजिया को पर्यवेक्षण कार्य से अनुपस्थित पाया। इस पर उन्होंने



नाराजगी जताते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. जावेद अख्तर को संबंधित अधिकारी का वेतन रोकने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि वीएचएनडी ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र गर्भवती महिला या बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। सभी को समयबद्ध ढंग से प्रसव पूर्व जांच, नियमित टीकाकरण एवं पोषण संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने किशोरियों में एनीमिया की रोकथाम, संतुलित आहार और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, आशा कार्यकर्ता शिल्पी गुप्ता, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनीता सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## जलालपुर में प्रेस क्लब उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश पाठक का भव्य स्वागत



**जलालपुर, अंबेडकर नगर।** अंबेडकर नगर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश पाठक के जलालपुर नगर आगमन पर पत्रकारों एवं समाजसेवियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विमलेश दुबे ने की।इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने ज्ञान चंद्र पाठक की जनहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, निष्पक्ष सोच तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में प्रेस क्लब जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को और अधिक मजबूती से उठाएगा। अपने संबोधन में ज्ञान प्रकाश पाठक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि संपूर्ण अंबेडकर नगर प्रेस क्लब का सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब सदैव जनहित के प्रति समर्पित रहा है और आगे भी पत्रकारिता को जनता की आवाज के रूप में सशक्त बनाए रखने के लिए कार्य करता रहेगा।उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और प्रेस क्लब सामाजिक न्याय, जनसमस्याओं तथा आम नागरिकों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर हमेशा मुखर रहेगा। कार्यक्रम में अनेक पत्रकार, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वेतन भुगतान की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

### डीपीआरओ पर अभद्रता का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय आर्य ने बुधवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपकर जिला पंचायत राज अधिकारी 'डीपीआरओ' पर सफाई कर्मचारियों और संगठन के पदाधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने, सामूहिक रूप से गाली देने का आरोप लगाया है। संघ ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य, जिलाकोषाध्यक्ष अशोक कुमार चौहान, संगठन मंत्री अमित कुमार चक्रवर्ती, जिला लेखा सम्प्रेक्षक भरत कुमार यादव के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन के अनुसार, जनपद में कार्यरत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को मई और जून 2026 का वेतन अब तक नहीं मिला है। वेतन भुगतान की मांग को लेकर बुधवार को संगठन के पदाधिकारी और कर्मचारी जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय पहुंचे थे। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वेतन भुगतान का अनुरोध करने के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी ने कर्मचारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा उन्हें अपमानित किया। इस घटना से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

संघ ने अपने आरोपों के समर्थन में जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कराने की मांग की है। संगठन का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से पूरे घटनाक्रम की सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी। ज्ञापन में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी के



विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए तथा लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 10 जुलाई तक सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन आगे आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों मे संजय कुमार यादव, रूद्रनरायन उर्फ रूदल, सन्तोष कुमार, लालजी निषाद, भरतराम, रामपाल भारती आदि सफाईकर्मी, पदाधिकारी शामिल रहे।

# कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट नीतिगत नेतृत्व के लिए उत्तर प्रदेश को मिला 17वां एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड-2026

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट नीतिगत नेतृत्व और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उत्तर प्रदेश को प्रतिष्ठित 17वें एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया गया है। एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को यह सम्मान प्रदान किया। समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, गुजरात के कृषि मंत्री जीतुभाई वघानी, पूर्व मुख्य न्यायाधीश पी. सदाशिवम, एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप के चेयरमैन डॉ. रमजान खान और सीईओ डॉ. हारिस खान भी मौजूद रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रदेश के किसानों की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और आज राज्य देश की कृषि अर्थव्यवस्था का अग्रणी केंद्र बन चुका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन 543 लाख मीट्रिक टन था, जो अब बढ़कर 750 लाख मीट्रिक टन हो गया है। देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत है। इसके साथ ही प्रदेश आज दूध, सब्जी और फल उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है, जबकि शहद, अंडा और मत्स्य उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। कृषि मंत्री ने कहा कि योगी सरकार का पहला बड़ा निर्णय 86 लाख किसानों के 36 हजार करोड़ रुपये के कृषि ऋण की माफी था, जिससे किसानों को आर्थिक राहत मिली और खेती के प्रति उनका विश्वास बढ़ा। उन्होंने कहा कि पहले कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की विकास दर 7.5 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 18 प्रतिशत हो चुकी है। वहीं दलहन उत्पादन में भी लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। श्री शाही ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कृषि क्षेत्र में योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके केंद्रीय कृषि मंत्री रहते किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना लागू हुई, जिससे किसानों को कम ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध होने लगा और कृषि निवेश को नई गति मिली। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने हाल ही में पशुधन बीमा योजना को मंजूरी दी है। इस योजना में किसान को केवल 15 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा, जबकि 35 प्रतिशत भारत सरकार और शेष राशि राज्य सरकार वहन करेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अगले चार वर्षों में उत्तर प्रदेश की कृषि उत्पादकता को पंजाब और हरियाणा के स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि नवाचार, स्टार्टअप, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से उत्तर प्रदेश विकसित भारत के निर्माण में कृषि क्षेत्र का अग्रदूत बनेगा।

# काकोरी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में ऑटो खरीदने निकले युवक की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से मृतक का लूटा गया मोबाइल फोन, ?4,800 नकद तथा घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, दिलीप रावत (30 वर्ष) 7 जुलाई को नया ऑटो खरीदने के लिए अपने घर से ?80 हजार लेकर गांव के ही मुजीब उर्फ मुन्ना के साथ निकला था।

इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों की शिकायत पर काकोरी थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की। इसी दौरान दिलीप का शव आगरा एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड के किनारे बरामद हुआ। जांच के दौरान पुलिस ने सर्विलांस और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मुजीब उर्फ मुन्ना (30 वर्ष) निवासी नकटौरा, दोना थाना काकोरी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ऑटो खरीदने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों ने साथ में शराब पी। इसके बाद मोबाइल और पैसों के लालच में उसने गमछे से दिलीप का गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को एक्सप्रेस-वे किनारे फेंक दिया। वारदात के बाद आरोपी मृतक का मोबाइल और नकदी लेकर फरार हो गया।भौगोलिक संदर्भ पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मृतक का मोबाइल, ?4,800 नकद तथा घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा (क्क32ञ्ञ-4614) बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# नकली सॉस और मिलावटी खाद्य उत्पादों पर प्रदेशभर में बड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने नकली एवं मानकविहीन सॉस, जैम, जेली, मयोनीज, चटनी और अन्य खाद्य उत्पादों के खिलाफ प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। 15-16 जून तथा 6-7 जुलाई को संचालित अभियान के दौरान 496 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 801 खाद्य नमूने जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजे गए। अभियान के दौरान अधिकारियों ने निर्माण इकाइयों, स्टॉकिस्ट, वितरकों और थोक विक्रेताओं के यहां खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता, कच्चे माल की गुणवत्ता, पैकेजिंग, लेबलिंग और संभावित मिलावट की गहन जांच की। इस दौरान 338.61 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 27.77 लाख रुपये है। वहीं, मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए 259.33 क्विंटल खाद्य पदार्थ नष्ट कराए गए, जिनका अनुमानित मूल्य 17.56 लाख रुपये है। कार्रवाई के दौरान उन्नाव में सिंथेटिक रंग से नकली सॉस बनाने और शाहजहांपुर में खराब सौंफ को रंगकर नई सौंफ के रूप में बेचने के मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में एक-एक एफआईआर दर्ज कराई गई। अभियान में कई जिलों में बड़ी कार्रवाई सामने आई। लखनऊ में कालातीत सॉस और अचार जब्त किए गए, बिना लाइसेंस संचालित एक खाद्य इकाई को बंद कराया गया तथा हजारों किलो एक्सपायर्ड उत्पाद नष्ट कराए गए। कानपुर नगर में कालातीत सॉस, खराब कच्चा माल और दूषित अचार जब्त कर एक प्रतिष्ठान को सील किया गया। गाजियाबाद में दो अवैध अचार फैक्ट्रियां सील की गई, जबकि गोरखपुर में एक सॉस फैक्ट्री में भारी गंदगी और मानकविहीन उत्पादन मिलने पर उत्पाद जब्त कर कार्रवाई की गई। इसके अलावा मथुरा, हाथरस, मुजफ्फरनगर, बागपत, कासगंज, हापुड़, चंदौली, मऊ, वाराणसी, बरेली, सहारनपुर समेत कई जिलों में भी बड़ी मात्रा में सॉस, अचार, मुरब्बा और अन्य खाद्य उत्पाद जब्त किए गए तथा खराब और दूषित खाद्य सामग्री का विनष्टीकरण कराया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अभियान का उद्देश्य मिलावटी और नकली खाद्य उत्पाद बनाने वाले बड़े कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई करना है।

# बिराहिमपुर में सीसीटीवी घोटाले का बड़ा खुलासा! विरोधियों के घरों पर कैमरे, सचिव की वायरल ऑडियो से मचा हड़कंप

## .....बिराहिमपुर में त्रिनेत्र योजना पर बड़ा घोटाला! प्रधान पर सरकारी धन के दुरुपयोग के गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद (लखनऊ)।** ग्राम पंचायत बिराहिमपुर में पंचायत की सुरक्षा के लिए लगाई गई त्रिनेत्र (CCTV) योजना अब गंभीर विवादों में घिर गई है। ग्राम प्रधान रामशंकर कश्यप पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी योजना का दुरुपयोग करते हुए चुनावी रंजिश के चलते अपने विरोधियों के घरों की ओर CCTV कैमरे लगवाए, जिससे ग्रामीणों की निजता और सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत की सुरक्षा के नाम पर लगाए गए कैमरों का उद्देश्य पूरे गांव की सुरक्षा करना नहीं, बल्कि कुछ विशेष परिवारों और विरोधियों की गतिविधियों पर नजर रखना था। इससे महिलाओं और परिवारों की निजी जिंदगी प्रभावित हो रही है, जिसके चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कैमरों की निगरानी के लिए लगाई गई स्ष्ठ टीवी ग्राम प्रधान रामशंकर कश्यप ने अपने घर पर लगवा ली, ताकि वह दिन-रात कैमरों की रिकॉर्डिंग और लाइव फुटेज देख सकें। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की संपत्ति किसी निजी आवास में रखना सरकारी नियमों का खुला उल्लंघन है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब पंचायत सचिव का कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल रिकॉर्डिंग में पंचायत सचिव कथित तौर पर कहते सुनाई दे रहे हैं कि उन्होंने केवल आठ कैमरे लगाने की बात कही थी, लेकिन प्रधान ने अपनी मर्जी से अधिक कैमरे लगवा दिए। साथ ही सचिव का यह भी कथित आरोप है कि भुगतान कराने के लिए उन पर लगातार चेक पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया जा रहा है और अवैध तरीके से सरकारी धन निकालने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पूरे मामले की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान की दबंग छवि के कारण प्रशासनिक अधिकारी भी कार्रवाई करने से बच रहे हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या त्रिनेत्र योजना में कथित भ्रष्टाचार, सरकारी धन के दुरुपयोग और ग्रामीणों की निजता से जुड़े इन गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच होगी? क्या वायरल ऑडियो की सत्यता की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी? या फिर यह मामला भी शिकायतों तक ही सीमित रह जाएगा?

# मऊ में 5.30 करोड़ की लागत से बनेगा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र, ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने किया शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ/मऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बुधवार को मऊ जनपद के बंधा रोड स्थित प्रस्तावित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विद्युत अवसंरचना को आधुनिक और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि लगभग 5.30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस उपकेंद्र की क्षमता 5+5 एमवीए होगी। इसके तहत चार नए 11 केवी फीडरों का निर्माण किया जाएगा, जिससे मौजूदा विद्युत उपकेंद्रों पर भार कम होगा और बिजली आपूर्ति व्यवस्था अधिक संतुलित एवं प्रभावी बनेगी।

उन्होंने कहा कि नए उपकेंद्र के शुरू होने से पटन टोला, व्यारी टोला, संस्कृत पाठशाला, हरिकेशपुरा, सदर चौक, मलिक टोला, हट्टी मदारी, औरंगाबाद, हनुमान घाट, ऑफिसर्स कॉलोनी, रेलवे क्वार्टर, गायघाट, खालसा और ख्वाजाजहांपुर सहित कई क्षेत्रों के लगभग 4,000 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इन इलाकों में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। ए.के. शर्मा ने कहा कि उपकेंद्र के संचालन से 11 केवी लाइनों की लंबाई कम होगी, जिससे तकनीकी हानियां और फॉल्ट की घटनाएं घटेंगी। साथ ही ओवरलोडिंग, लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी तथा विद्युत वितरण प्रणाली की कार्यक्षमता में भी सुधार होगा।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी उपभोक्ताओं तक विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए नए विद्युत उपकेंद्रों, लाइनों और अन्य आधारभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन से हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## होमगार्ड्स मुख्यालय में धर्मवीर प्रजापति ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने गुरुवार को होमगार्ड्स मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभागीय कार्यों की प्रगति, सेवा गुणवत्ता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले बृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों पर विशेष चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर संचालित होमगार्ड कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत होमगार्ड स्वयंसेवकों, अवैतनिक अधिकारियों तथा उनके आश्रित परिवारों को योजना से जोड़ने की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह योजना होमगार्ड परिवारों की स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सरकार होमगार्ड स्वयंसेवकों के कल्याण और सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## रायबरेली में सर्विस रोड निर्माण के लिए 1.30 करोड़ रुपये जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने रायबरेली जनपद में प्रतापगढ़ शाखा की बायीं पटरी स्थित सर्विस रोड के निर्माण कार्य के लिए 1.30 करोड़ रुपये की अवशेष धनराशि जारी कर दी है। इस संबंध में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। जारी धनराशि से प्रतापगढ़ शाखा की बायीं पटरी पर किमी 0.100 से 5.100 तक ब्रिक ऑन एज सोलिंग का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा।

इससे परियोजना के कार्यों में तेजी आएगी और क्षेत्र के आवागमन में सुविधा बढ़ेगी। शासनादेश में संबंधित मुख्य अभियंता को निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण कराया जाए। साथ ही परियोजना के प्रत्येक चरण की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# राजधानी में वर्षभर होंगे एक दर्जन से अधिक सांस्कृतिक आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान राजधानी लखनऊ में महापुरुषों की जयंती, राष्ट्रीय पर्व, ऐतिहासिक घटनाओं और आस्था स्थलों से जुड़े अवसरों पर एक दर्जन से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इन आयोजनों में देश-प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि इन आयोजनों का उद्देश्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक घटनाओं और राष्ट्रीय महत्व के अवसरों से नई पीढ़ी को परिचित कराना है। साथ ही स्थानीय कलाकारों को सांस्कृतिक आयोजनों से जोड़कर उन्हें मानदेय के माध्यम से आर्थिक संबल भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्ययोजना के तहत 9 अगस्त 2026 को बाजनगर शहीद स्मारक स्थल पर काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 19 दिसंबर 2026 को काकोरी बलिदान दिवस तथा अक्टूबर में गिरजा देवी समारोह के अवसर पर भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। दिसंबर 2026 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनकी स्मृति में विशेष सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 24-25 जुलाई 2026 को 'रिवर वैली सिविलाइजेशन ऑफ उत्तर प्रदेश एवं आर्कियोलॉजिकल कल्चरल हेरिटेज टूरिज्म प्रोजेक्ट' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन पुरातत्व निदेशालय के सहयोग से होगा। इसी क्रम में 11 नवंबर 2026 को बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय उत्सव आयोजित किया जाएगा। वहीं नवंबर-दिसंबर के दौरान उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल की कठपुतली परंपरा पर आधारित 'पुतुल पर्व' का आयोजन भी प्रस्तावित है। जनवरी 2027 में यूपी दिवस के अवसर पर राज्य ललित कला अकादमी के सहयोग से पांच दिवसीय सैंड आर्ट शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 जनवरी 2027 से राज्य संग्रहालय, लखनऊ के तत्वावधान में संग्रहालय विज्ञान एवं प्राचीन सिक्कों पर आधारित छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त 19 अगस्त 2026 को मोक्ष सप्तमी पर एक दिवसीय संगोष्ठी तथा 31 अगस्त और 1 सितंबर 2026 को कत्थक सम्राट गुरु लच्छू महाराज समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में देश-प्रदेश के नामचीन कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। यह आयोजन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सौजन्य से संपन्न होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को व्यापक पहचान मिलेगी और स्थानीय कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा।

# जूनोटिक एवं पशु रोगों की रोकथाम को लेकर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग ने जूनोटिक (पशुजन्य) एवं प्राथमिकता वाले पशु रोगों की रोकथाम, निगरानी और नियंत्रण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पशु चिकित्सकों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण (ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स) कार्यक्रम का गुरुवार को शुभारंभ किया। होटल गोल्डन ट्यूलिप, लखनऊ में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग झपाइगो द्वारा जीएचएस-राइज परियोजना के अंतर्गत प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन पशुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि जूनोटिक रोगों की समय पर पहचान, निगरानी और रिपोर्टिंग को मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने संभावित और संदिग्ध मामलों की समयबद्ध रिपोर्टिंग पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में अन्य पशु चिकित्सकों और पैरा-वेटरिनरी कर्मियों को भी प्रशिक्षण देंगे, जिससे राज्य में रोग नियंत्रण तंत्र और अधिक प्रभावी होगा। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में प्रदेश के 36 जिलों से दो-दो सरकारी पशु चिकित्सक शामिल हुए हैं। आगामी 16 और 17 जुलाई को शेष 39 जिलों के चिकित्सकों के लिए दूसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए कुल 150 मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बर्ड फ्लू (एच5एन1), रेबीज, जापानी इंसेफेलाइटिस, लेप्टोस्पायरोसिस, ब्रूसेलोसिस, लम्पी स्किन डिजीज, एन्थ्रेक्स, बोवाइन ट्यूबरकुलोसिस, स्क्रब टाइफस, ग्लैंडर्स, साल्मोनेलोसिस और डर्मेटोफाइटोसिस सहित कई प्रमुख पशुजन्य रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण और निगरानी से संबंधित तकनीकी जानकारी दी जा रही है।

## यूपी में सड़क सुरक्षा अभियान का असर, दुर्घटनाओं और जनहानि में आई उल्लेखनीय कमी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के सड़क सुरक्षा अभियान और सख्त प्रवर्तन का सकारात्मक असर अब आंकड़ों में दिखाई देने लगा है। परिवहन विभाग द्वारा मार्च से मई 2026 के दौरान चलाए गए विशेष अभियान के परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं, जनहानि और हिट एंड रन मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। सरकार का कहना है कि प्रभावी कानून प्रवर्तन, आधुनिक निगरानी व्यवस्था और जनजागरूकता के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में सुरक्षित यातायात संस्कृति विकसित हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में परिवहन विभाग ने ओवरस्पीडिंग, यातायात नियमों के उल्लंघन और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत व्यापक कार्रवाई की। मोटर वाहन अधिनियम की धारा-19 के तहत तीन माह में 1,246 चालकों को नोटिस जारी किए गए। इस दौरान 797 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि गंभीर मामलों में 20 ड्राइविंग लाइसेंस स्थायी रूप से निरस्त कर दिए गए।

# नगर निगम की संपत्तियों की सुरक्षा पर महापौर सख्त, अवैध कब्जों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ नगर निगम के संपत्ति विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर निगम की भूमि एवं संपत्तियों के अभिलेखीकरण, संरक्षण, अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई तथा कब्जामुक्त कराई गई भूमि की वर्तमान स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव जी, प्रभारी अधिकारी संपत्ति रामेश्वर प्रसाद जी समेत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल तथा संपत्ति विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सुषमा खर्कवाल ने निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र में ऊसर, बंजर, नवीन परती, चारागाह, तालाब तथा अन्य शेष मदों में दर्ज भूमि का ग्रामवार विस्तृत विवरण तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग के पास प्रत्येक गांव और प्रत्येक श्रेणी की भूमि का स्पष्ट एवं अद्यतन रिकॉर्ड उपलब्ध होना चाहिए। महापौर ने अब तक अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्थल की मौके पर वर्तमान स्थिति की जांच की जाए और स्पष्ट किया जाए कि कब्जामुक्त कराई गई भूमि अभी खाली एवं सुरक्षित है अथवा उस पर दोबारा अवैध कब्जा हो गया है। महापौर ने नगर निगम की संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए अब तक किए गए कार्यों की अलग-अलग जानकारी मांगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन संपत्तियों पर बाउंड्रीवॉल बनाई गई है, तारबाड़ कराई गई है अथवा सूचना पट लगाए गए हैं, उनका पूरा विवरण फोटो सहित प्रस्तुत किया जाए। साथ ही शेष असुरक्षित संपत्तियों की पहचान कर उनके संरक्षण की कार्ययोजना बनाई जाए। बैठक में महापौर ने विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम की संपत्तियों पर अवैध कब्जे से संबंधित लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि पार्षदगणों और क्षेत्रीय नागरिकों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि उनके क्षेत्रों में नगर निगम की संपत्तियों पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। ऐसी शिकायतों की प्रतियां कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजी जाती हैं, इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई में देरी नहीं होनी चाहिए। महापौर ने संपत्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि विभाग के पास तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, कानूनगो और लेखपाल पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। इसके बावजूद नगर निगम की संपत्तियों को कब्जामुक्त कराकर बाउंड्रीवॉल, तारबाड़ और सूचना पट के माध्यम से सुरक्षित क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्तगौरव कुमार ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपालों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन फील्ड में निकलें और अपने-अपने क्षेत्रों में नगर निगम की जमीनों की नियमित निगरानी करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी केवल कार्यालयी अभिलेखों तक सीमित न रहें, बल्कि मौके पर जाकर भूमि की वास्तविक स्थिति देखें, अवैध कब्जे की पहचान करें और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक बार कब्जामुक्त कराई गई भूमि पर दोबारा अवैध कब्जा न हो, इसके लिए नियमित स्थलीय निरीक्षण और निगरानी की व्यवस्था मजबूत की जाए। संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण संपत्तियों की लगातार निगरानी करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति का अद्यतन रिकॉर्ड रखा जाए।

# नगर आयुक्त गौरव कुमार ने निर्माण कार्यों और जलभराव से निपटने की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों एवं वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जलभराव से निपटने की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैसरबाग स्थित चकबस्त परिसर, विभिन्न पंपिंग स्टेशनों एवं कश्मीरी मोहल्ला स्कूल में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सबसे पहले कैसरबाग स्थित चकबस्त परिसर का निरीक्षण किया। यहां नगर निगम जोन-1 का जोनल कार्यालय तथा भूमिगत दो मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण न होने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए इसे 31 अगस्त तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। साथ ही अधिकारियों को कार्य की नियमित निगरानी करने और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा एवं अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा उपस्थित रहे। इसके बाद नगर आयुक्त गौरव कुमार ने वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जलभराव से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जोन-1 स्थित घसियारी मंडी, वजीरगंज, जोन-6 स्थित सरकटा नाला तथा जोन-3 स्थित हार्डिंग-2 पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर पंपिंग स्टेशन क्रियाशील पाए गए। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा के दौरान पंपिंग स्टेशनों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# संपादकीय



## यूपी में शिक्षकों को अब कैशलेस इलाज: स्वास्थ्य सुरक्षा की नई शुरुआत

उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत हुई है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना लागू कर प्रदेश के लाखों शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों को बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में पाँच लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध होगा। इसका उद्देश्य केवल चिकित्सा सुविधा देना नहीं, बल्कि शिक्षकों को आर्थिक और मानसिक सुरक्षा प्रदान करना भी है, ताकि वे पूरी निष्ठा और एकाग्रता के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बना सकें। योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से किया। क्यों थी इस योजना की जरूरत? शिक्षक समाज का वह वर्ग है जो भविष्य की पीढ़ी तैयार करता है। लेकिन विडंबना यह रही कि कई बार गंभीर बीमारी आने पर शिक्षकों और उनके परिवारों को इलाज के लिए अपनी वर्षों की बचत खर्च करनी पड़ती थी या कर्ज लेना पड़ता था। निजी अस्पतालों में महंगा इलाज मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता था। ऐसे में कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच का काम करेगी। अब इलाज के समय पहले पैसे की व्यवस्था करने की चिंता कम होगी और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा तक पहुंच आसान बनेगी। क्या है मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना? इस योजना के तहत बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के पात्र शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। सरकार के अनुसार यह सुविधा आयुष्मान भारत से संबद्ध अस्पतालों के नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न सूचीबद्ध अस्पतालों में भी इलाज कराया जा सकेगा। योजना के अंतर्गत नियमित शिक्षकों के साथ-साथ शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया तथा पात्र कार्मिकों को भी शामिल किया गया है। आगे चलकर उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों को भी इससे जोड़ने की तैयारी है। डिजिटल व्यवस्था से बढ़ेगी पारदर्शिता इस योजना को पूरी तरह डिजिटल स्वरूप दिया गया है। शिक्षकों का ऑनलाइन पंजीकरण होगा, संबंधित अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जाएगा और आधार आधारित ई-केवाईसी पूरी होने के बाद डिजिटल हेल्थ कार्ड जारी किया जाएगा। यही कार्ड अस्पतालों में कैशलेस इलाज का आधार बनेगा। इससे फर्जीवाड़े की संभावना कम होगी और लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित रहेगी। लाखों परिवारों को मिलेगा सीधा लाभ सरकार के अनुसार इस योजना से प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा। विभिन्न जिलों में योजना के शुभारंभ के दौरान प्रतीकात्मक हेल्थ कार्ड वितरित किए गए और हजारों शिक्षाकर्मियों को इस नई व्यवस्था से जोड़ा गया। शिक्षा व्यवस्था पर क्या पड़ेगा प्रभाव? शिक्षक यदि स्वयं स्वस्थ रहेगा तो विद्यालय की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। बीमारी के कारण लंबे अवकाश, आर्थिक तनाव और मानसिक दबाव का असर सीधे शिक्षण कार्य पर पड़ता है। स्वास्थ्य सुरक्षा मिलने से शिक्षक अधिक निश्चिंत होकर अपनी जिम्मेदारियां निभा सकेंगे। इसके साथ ही यह योजना सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास भी बढ़ाएगी। युवा प्रतिभाओं के लिए सरकारी शिक्षक का पेशा अधिक आकर्षक बन सकता है क्योंकि अब सेवा के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा भी मजबूत होगी। सामाजिक सुरक्षा का दायरा भी बढ़ा योजना के शुभारंभ के अवसर पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बीमा सुविधाओं की दिशा में भी पहल की गई। इससे दुर्घटना जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों में परिवारों को आर्थिक सहारा मिलने की संभावना बढ़ेगी। चुनौतियां भी कम नहीं- किसी भी स्वास्थ्य योजना की सफलता केवल घोषणा से तय नहीं होती। इसके लिए जरूरी है कि— सूचीबद्ध अस्पताल पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हों। कैशलेस इलाज में अनावश्यक देरी न हो। अस्पताल बिना भेदभाव मरीजों को भर्ती करें। भुगतान प्रक्रिया समयबद्ध रहे। शिकायत निवारण तंत्र प्रभावी बनाया जाए। यदि इन बिंदुओं पर लगातार निगरानी रखी गई तो योजना का वास्तविक लाभ शिक्षकों तक आसानी से पहुंचेगा। सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी राज्य सरकार को समय-समय पर योजना की समीक्षा करनी होगी, अस्पतालों की संख्या बढ़ानी होगी तथा डिजिटल पोर्टल को सुचारु रूप से संचालित रखना होगा। वहीं शिक्षकों को भी समय पर अपना पंजीकरण, ई-केवाईसी और आवश्यक दस्तावेज अपडेट रखने होंगे ताकि किसी प्रकार की तकनीकी बाधा न आए। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना उत्तर प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी पहल है। यह केवल इलाज की सुविधा नहीं, बल्कि शिक्षकों के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक विश्वास का प्रतीक भी है। यदि योजना का क्रियान्वयन पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से किया गया तो यह लाखों शिक्षकों और उनके परिवारों के जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव ला सकती है। एक स्वस्थ शिक्षक ही स्वस्थ शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला होता है, और यही इस योजना का सबसे बड़ा संदेश है।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष** -मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आने वाला है। भूमि और भवन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलने के संकेत हैं तथा आर्थिक लाभ की संभावना भी प्रबल रहेगी।

**वृषभ** -वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक रहने की संभावना है। व्यापार से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ मिल सकता है और नए प्रयासों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। किसी महत्वपूर्ण निर्णय से पहले अनुभवी लोगों की सलाह लेना आपके लिए हितकारी रहेगा।

**मिथुन** -मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। आपकी वाणी और व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे तथा सामाजिक दायरा भी बढ़ सकता है। लंबे समय से रुका हुआ कोई कार्य बड़े भाई या परिवार के सहयोग से पूरा होने की संभावना है।

**कर्क** -कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन नई खुशियां लेकर आ सकता है। पहले से अधूरा पड़ा कोई महत्वपूर्ण कार्य पूरा होने की संभावना है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। धैर्य और संयम के साथ आगे बढ़ना आपके लिए लाभदायक रहेगा। परिवार से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर लें।

**सिंह**-सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को अपनी योजनाओं को गोपनीय रखने से लाभ मिल सकता है। पहले से तय कार्य समय पर पूरे होंगे। किसी भी नए निवेश से पहले पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

**कन्या** -कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। जीवनसाथी का व्यवहार आपके मन को प्रसन्न करेगा और पारिवारिक जीवन में सुखद वातावरण बना रहेगा। व्यापार में कुछ ऐसे अवसर सामने आ सकते हैं जो भविष्य में लाभदायक सिद्ध होंगे। स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा।

**तुला** -तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन विशेष रूप से शुभ रहने वाला है। लंबे समय से चली आ रही उलझनों का समाधान मिलने से मन हल्का रहेगा। किसी महत्वपूर्ण सूचना के मिलने से भविष्य की योजनाओं को नई दिशा मिल सकती है।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा। समझदारी और धैर्य के साथ लिए गए निर्णय आपके लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। वित्तीय और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए उन्नति के अवसर बन सकते हैं।

**धनु** -धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य से स्नेह और सम्मान प्राप्त होगा। आपका सकारात्मक दृष्टिकोण आपके व्यक्तित्व को और प्रभावशाली बनाएगा। यदि किसी यात्रा की योजना है तो उससे लाभ मिलने की संभावना है। आवश्यक दस्तावेजों का ध्यान अवश्य रखें।

**मकर** -मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन नई संभावनाएं लेकर आएगा। व्यापार में विस्तार और आर्थिक प्रगति के लिए समय अनुकूल रहेगा। पहले से बनाई गई योजनाओं को अमल में लाने से लाभ मिल सकता है।

**कुंभ** -कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन प्रसन्नता से भरा रहेगा। कार्यस्थल पर आपका प्रभाव बढ़ेगा और लोग आपके विचारों को महत्व देंगे।

**मीन** -मीन राशि के जातकों का मन आज आध्यात्मिक और सकारात्मक विचारों की ओर अधिक आकर्षित रहेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा और मानसिक संतुलन भी बना रहेगा। परिस्थितियों के सकारात्मक पक्ष को देखने से आपके कई कार्य सहज रूप से पूरे हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा और विचारों का आदान-प्रदान होगा।

# शाहजहांपुर में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से संवर रहा पारंपरिक शिल्पियों का भविष्य

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और शहरी अंचलों में सदियों से चली आ रही पारंपरिक कारीगरी को पुनर्जीवित करने और स्थानीय हुनरमंदों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियां अत्यंत दूरगामी और प्रभावी साबित हो रही हैं। जिला स्तर पर इन योजनाओं का क्रियान्वयन स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ उन परिवारों के जीवन में समृद्धि का नया सवेरा लेकर आया है, जो लंबे समय से आधुनिक संसाधनों के अभाव में हाशिए पर थे। शाहजहांपुर जनपद में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के सफल संचालन से हजारों शिल्पकारों और श्रमिकों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उनके हुनर को एक नया मंच प्रदान किया गया है, जिससे उनका खोया हुआ सामाजिक और आर्थिक सम्मान वापस लौट रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान शासन की कल्याणकारी सोच और जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन व जमीनी प्रयासों के परिणामस्वरूप शाहजहांपुर जिले में 1,050 पारंपरिक कारीगरों को सीधे तौर पर लाभान्वित किया गया। यह संख्या मात्र एक सरकारी आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उन परिवारों की आत्मनिर्भरता की जीवंत कहानी है जो पीढ़ियों से बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनकर, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची और राजमिस्त्री जैसे पारंपरिक हस्तशिल्प से जुड़े हुए हैं। इन हुनरमंदों को आधुनिकता के इस युग में बाजार की तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि उनका रोजगार न केवल सुरक्षित रहे बल्कि उसमें निरंतर वृद्धि भी सुनिश्चित हो सके। योजना की संवेदनशीलता और प्रभावशीलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान शाहजहांपुर जनपद में लगभग चार हजार उत्साही और जरूरतमंद युवाओं तथा कारीगरों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए थे। प्रशासन द्वारा पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिसके बाद उन्हें उनकी रुचि और पारिवारिक व्यवसाय के अनुरूप विशिष्ट और निशुल्क कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों के रहने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई ताकि वे बिना किसी मानसिक और आर्थिक तनाव के आधुनिक विधाओं को सीख सकें और अपने हुनर को और अधिक निखार सकें। कौशल सुधार की इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद सभी चयनित लाभार्थियों के बैंक खातों में चार हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस वित्तीय सहायता का मुख्य उद्देश्य यह था कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान उनके दैनिक रोजगार में हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके और वे बिना किसी वित्तीय बाधा के अपने काम को दोबारा शुरू कर सकें। इसके अतिरिक्त, सबसे महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रशासन द्वारा लाभार्थियों को उनके व्यवसाय के अनुसार आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाली टूलकिट पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराई गई, जो उनके पुराने और घिसे-पिटे औजारों की जगह नए युग के तकनीकी उपकरणों का समावेश सुनिश्चित करती है।

दर्जी ट्रेड से जुड़े लाभार्थियों को जहां आधुनिक सिलाई मशीनों के साथ-साथ उत्तम श्रेणी की कैंची, सटीक माप फीता और अन्य आवश्यक सहायक उपकरण दिए गए, वहीं नाई, धोबी, हलवाई, राजमिस्त्री, लोहार और बढ़ई जैसे पारंपरिक व्यवसायों के शिल्पियों को भी अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किट प्रदान की गई। पुराने औजारों के कारण जो कार्य पहले अत्यधिक शारीरिक श्रम और घंटों के समय के बाद भी मनमुताबिक फिनिशिंग नहीं दे पाता था, वह अब इन आधुनिक मशीनों की सहायता से बहुत ही कम समय में और वैश्विक स्तर की गुणवत्ता के साथ पूरा होने लगा है, जिससे शाहजहांपुर के इन कारीगरों की कार्यक्षमता और दैनिक आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए डिजिटल पोर्टल को पुन: खोल दिया गया है और इच्छुक कारीगरों से नए सिरे से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस बार भी प्रशासन ने शाहजहांपुर जनपद के भीतर 1,050 नए लोगों को इस मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सीधे तौर पर लाभान्वित करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। आवेदन की पूरी प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश एमएसएमई पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह ऑनलाइन रखा गया है, जिससे किसी भी स्तर पर बिचौलियों या मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश पूरी तरह समाप्त हो गई है और

**शाहजहांपुर जनपद में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के सफल संचालन से हजारों शिल्पकारों और श्रमिकों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उनके हुनर को एक नया मंच प्रदान किया गया है, जिससे उनका खोया हुआ सामाजिक और आर्थिक सम्मान वापस लौट रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान शासन की कल्याणकारी सोच और जिला प्रशासन के कुशल प्रबंधन व जमीनी प्रयासों के परिणामस्वरूप शाहजहांपुर जिले में 1,050 पारंपरिक कारीगरों को सीधे तौर पर लाभान्वित किया गया।**

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजना का वास्तविक लाभ सीधे पहुंच रहा है। इस पूरी व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता इसकी समावेशी और लचीली प्रकृति है, जिसमें समाज के सबसे पिछड़े और वंचित तबके को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं रखी गई है। कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु अठारह वर्ष से अधिक है और जो वास्तव में इन पारंपरिक शिल्पों से आजीविका चला रहा है, वह इस सुनहरे अवसर का हिस्सा बन सकता है। आवेदक की प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए ग्राम प्रधान अथवा स्थानीय वार्ड सदस्य की संस्तुति को ही आधार माना गया है, जिससे कागजी औपचारिकताओं के जटिल जाल में फंसे बिना एक आम और अनपढ़ ग्रामीण भी पूरी गरिमा के साथ अपना अधिकार प्राप्त करने में सक्षम हो पा रहा है। जो कारीगर अपने सीमित व्यवसाय को एक बड़े स्तर पर ले जाने या स्वतंत्र लघु उद्योग स्थापित करने की इच्छा रखते हैं, उनके लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय बाधाओं को समूल नष्ट करने का मार्ग प्रशस्त किया है। उत्तर प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के समन्वय से इन हुनरमंदों को दस हजार रुपये से लेकर दस लाख रुपये तक का अत्यंत रियायती, सुलभ और आसान ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ऋण व्यवस्था के माध्यम से स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे उद्योगों का जाल बिछ रहा है, जिससे न केवल वे स्वयं आत्मनिर्भर बन रहे हैं बल्कि अपने क्षेत्र के अन्य बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार देने की स्थिति में आ रहे हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता के धागे में पिरोने और देश के व्यापक आर्थिक संकल्पों को धरातल पर उतारने में यह योजना शाहजहांपुर जनपद के भीतर एक क्रांतिकारी मील का पत्थर साबित हुई है। आधुनिक संसाधनों, तकनीकी प्रशिक्षण और वित्तीय सुदृढ़ता के इस अनूठे संगम ने जिले के लाखों पारंपरिक परिवारों को एक नया संबल, अटूट स्वाभिमान और स्थायी समृद्धि का मार्ग दिखाया है। जमीन पर दिख रहा यह व्यापक बदलाव इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब सही दिशा में दूरदर्शी नीतियां और पारदर्शी क्रियान्वयन एक साथ मिलते हैं, तो समाज के सबसे कमजोर वर्ग के हाथ भी राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण और सशक्त भूमिका दर्ज कराने के लिए पूरी तरह सक्षम हो जाते हैं।

**जनपद-शाहजहांपुर**

# विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की प्रगति का व्यावहारिक रास्ता



वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, ऊर्जा की बढ़ती मांग और जलवायु से जुड़ी गंभीर चुनौतियों के इस दौर में, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसी ऊर्जा प्रणालियों का निर्माण करने की जरूरत है जो स्वच्छ व अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित, सस्ती एवं भरोसेमंद होने के साथ-साथ विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की विकास संबंधी जरूरतों तथा आर्थिक आकांक्षाओं के अनुरूप भी हों। स्वच्छ ऊर्जा दरअसल ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विकास और दीर्घकालिक विकास की दृष्टि से तेजी से अहम होती जा रही है। यह ईंधन बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव से पैदा होने वाले जोखिमों को कम कर सकती है, ऊर्जा को अपेक्षाकृत अधिक सुलभ बना सकती है, रोजगार सृजित कर सकती है, घरेलू उद्योगों को मजबूत कर सकती है और देश को अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ बना सकती है। फिर भी, स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने के रास्ते एक जैसे नहीं हो सकते। इन रास्तों को राष्ट्रीय परिस्थितियों, उपलब्ध संसाधनों और विकास की प्राथमिकताओं के हिसाब से निर्धारित किया जाना चाहिए। इसी बिंदु पर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच आपसी सहयोग महत्वपूर्ण हो जाता है। ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच बेहतर सहयोग से स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और समावेशी विकास के साझा लक्ष्यों को भी आगे बढ़ाया जा सकता है। भारत का अपना अनुभव यह बताता है कि स्वच्छ ऊर्जा की शुरुआत लोगों से ही होनी चाहिए। पिछले दशक में, प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के तहत लगभग 28.6 मिलियन घरों को बिजली के कनेक्शन दिए गए। इससे सभी तक बिजली पहुंचाने का काम आगे बढ़ा और ग्रामीण व कम सुविधा वाले इलाकों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत महिलाओं को 105 मिलियन से अधिक एलपीजी कनेक्शन दिए गए। इससे खाना पकाने के साफ-सुथरे तरीकों को बढ़ावा मिला, घर में सेहत बेहतर हुई और कठिन श्रम का बोझ कम हुआ। ये पहल एक महत्वपूर्ण सिद्धांत को रेखांकित करती हैं: स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने को केवल स्थापित मेगावाट या जोड़ी गई क्षमता के आधार पर नहीं मापा जा सकता, बल्कि इससे पैदा हुए अवसरों, सुदृढ़ हुई आजीविका और बेहतर हुए जीवन स्तर के आधार पर भी मापा जाना चाहिए। लोगों को प्राथमिकता देने वाले इस दृष्टिकोण के साथ-साथ बड़े पैमाने पर काम और सहयोगी बुनियादी ढांचे की भी जरूरत है। भारत की स्वच्छ ऊर्जा की कहानी में नवीकरणीय ऊर्जा अहम हो गई है। लेकिन इसकी सफलता इसे समर्थन प्रदान करने वाली प्रणालियों पर निर्भर करती है। सौर और पवन ऊर्जा को तेजी से अपनाया जा सकता है, लेकिन इनकी पूरी क्षमता का लाभ तभी मिल पाएगा जब पारेषण (ट्रांसमिशन), वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन), भंडारण (स्टोरेज) और ग्रिड प्रबंधन एकसाथ मिलकर काम करें। भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार में सहायता प्रदान करने वाली प्रणालियों को मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। पारेषण संबंधी बुनियादी ढांचे (ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर) का निरंतर विस्तार हुआ है। इसके साथ-साथ ऊर्जा के भंडारण (एनर्जी स्टोरेज) और ग्रिड की सुदृढ़ता (ग्रिड फ्लेक्सिबिलिटी) के क्षेत्र में भी निवेश बढ़ा है। वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन) संबंधी सुधारों और उन्नत ग्रिड तकनीक को अपनाने से एक ऐसी बेहतर एवं भरोसेमंद ऊर्जा प्रणाली बनाने में मदद मिली है, जो नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी को समन्वित करने में सक्षम है। भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन पर आधारित क्षमता अब 288 गीगावॉट से अधिक हो गई है। बड़े पैमाने की परियोजनाओं के अलावा, वितरित नवीकरणीय ऊर्जा (डीआरई) प्रणालियां - जैसे कि रूफटॉप सोलर, सोलर पंप, मिनी-ग्रिड और माइक्रो-ग्रिड - ग्रामीण और कम सुविधा वाले इलाकों में स्वच्छ ऊर्जा को और अधिक सुलभ बना रही हैं। ये प्रणालियां सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज, स्कूलों, हेल्थकेयर सेंटरों तथा स्थानीय व्यवसायों को मदद पहुंचाने के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका और स्थानीय आर्थिक सुदृढ़ता को भी बढ़ावा दे रही हैं। भारत की 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' बड़े पैमाने पर इस दृष्टिकोण को दर्शाती है। इस योजना से अब तक लगभग 4 मिलियन परिवारों को लाभ हुआ है, जिससे उपभोक्ता अपेक्षाकृत अधिक विकेन्द्रीकृत एवं भागीदारी वाली ऊर्जा प्रणाली में योगदान देने वाले बन पाए हैं। हालांकि, स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार में वित्त पोषण सबसे अहम तत्वों में से एक बना रहेगा। कई विकासशील देशों में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इन संभावनाओं को बड़े पैमाने पर लागू करने तथा बैंक से ऋण पाने योग्य परियोजनाओं में बदलने हेतु सस्ती और दीर्घकालिक पूंजी की जरूरत होती है। आने वाले वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा, वितरण संबंधी बुनियादी ढांचा, ग्रिड के आधुनिकीकरण, भंडारण प्रणाली और कम ऊर्जा खर्च करने वाली तकनीकों में निवेश बेहद जरूरी होगा। न्यू डेवलपमेंट बैंक जैसे संस्थान वित्त पोषण, तकनीक संबंधी साझेदारी और क्षमता विकास के जरिए विकासशील देशों की मदद करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी तकनीकों के लिए सुदृढ़ एवं विविधतापूर्ण आपूर्ति श्रृंखला बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सुरक्षित, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा प्रणालियां सुनिश्चित करने हेतु मैन्यूफैक्चरिंग, तकनीक, नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना जरूरी होगा। अब जबकि ब्रिक्स की भारत की अध्यक्षता आगे बढ़ रही है, सहयोग की एक ऐसी भविष्योन्मुखी रूपरेखा को मजबूत करने का अवसर है जो सामर्थ्य, बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता, विश्वसनीयता, तकनीक की सुलभता, सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला और सतत विकास का समर्थन करे। चुनौती सिर्फ स्वच्छ ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाने की ही नहीं, बल्कि ऐसे ऊर्जा प्रणाली के निर्माण की भी है जो सबके लिए सुलभ, किफायती एवं भरोसेमंद होने के साथ-साथ दीर्घकालिक आर्थिक विकास और मानव विकास को कायम रखने में सक्षम हों।

**(लेखक विद्युत राज्यमंत्री हैं)**

# भारत के एजेंडा में मानवीयता को पहल

साल 2026 भारत के लिए कूटनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साल है। क्योंकि भारत इस साल ब्रिक्स यानी ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नाम के प्रारंभिक अक्षरों से बने संगठन का अध्यक्ष है। एक जनवरी 2026 को हमने यह अध्यक्षता संभाली है और सितंबर 2026 तक जब हम इस संगठन के 18वें शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे, तब तक यह हमारे पास रहेगी। वास्तव में ब्रिक्स की शुरुआत 2009 में इसके नाम में शामिल इन्हीं पांच देशों के संगठन के रूप में हुई थी। लेकिन बाद के वर्षों में इसका लगातार विस्तार होता रहा और 2024-25 के दौरान मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात तथा इंडोनेशिया जैसे देशों के इस संगठन में शामिल हो जाने से यह अत्यधिक प्रभावशाली संगठन बन गया। भारत इसके पहले साल 2012, साल 2016 और साल 2021 में भी इस संगठन की अध्यक्षता कर चुका है। लेकिन पहले की किसी भी साल के मुकाबले साल 2026 की अध्यक्षता कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। क्योंकि अब यह बहुत बड़ा संगठन है और इसकी जिम्मेदारी भी बहुत ज्यादा है। भारत की मौजूदा अध्यक्षता के समय ब्रिक्स की थीम है, 'बिल्डिंग फॉर रेसिलेंस, इनोवेशन, को-ऑपरेशन एंड सस्टेनेबिल्टी' यानी लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास। भारत ने अपने इस अध्यक्षता वर्ष के लिए ब्रिक्स का जो नारा चुना है, वह है- 'मानवता पहले। भारत ने अपने चुने गये नारे से ही अपनी प्राथमिकता और दुनिया को लेकर अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट कर दिया है।भारत ने स्पष्ट किया है कि इस बार अपनी अध्यक्षता के दौरान वह इस संगठन के सदस्य देशों पर कुछ प्रमुख चीजों के लिए विशेष जोर दे रहा है, मसलन- डिजिटल भुगतान और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को मजबूती देना, स्वास्थ्य सहयोग को सुदृढ़ आधार देना, जलवायु परिवर्तन पर गंभीरता से ध्यान देना, हरित ऊर्जा पर जोर देना, युवा सहभागिता का आह्वान करना, नवाचार और स्टार्टअप को प्रोत्साहित करना व वैश्विक शासन सुधार पर ध्यान देना। आज ब्रिक्स दुनिया के गिने चुने महत्वपूर्ण संगठनों में से एक है। विश्व की बड़ी आर्थिकी और जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है। यह समूह विकसित देशों के प्रभुत्व वाले संस्थानों जैसे आईएमएफ, विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग करता रहा है। इसका उद्देश्य विकासशील देशों को अधिक प्रतिनिधित्व और निर्णय लेने में बड़ी भूमिका दिलाना है।

# शिवराज सिंह चौहान हर हफ्ते कर रहे हाई-लेवल मॉनिटरिंग




अल नीनो के संभावित प्रभाव से उपजी मानसून की अनिश्चितता के बीच प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में केंद्र सरकार पूरी तैयारी, स्पष्ट रणनीति और मजबूत ग्राउंड एक्शन के साथ हालात को संभालने में जुटी है। चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन उनसे निपटने के लिए सिस्टम पहले से सक्रिय और सतर्क है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि जून में 33 प्रतिशत कम बारिश के बाद जुलाई में स्थिति में सुधार आया है और अब यह कमी घटकर 24 प्रतिशत रह गई है। हाल के दिनों में देश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई है, जिससे कम वर्षा वाले जिलों की संख्या 262 से घटकर 178 रह गई है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद दिल्ली में मीडिया से चर्चा में कहा कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि जुलाई में बारिश और रफ्तार पकड़ेगी, जिससे खरीफ बुवाई में तेजी आएगी। शिवराज सिंह ने बताया कि फिलहाल 350.85 लाख हेक्टेयर में बुवाई हुई है, जो पिछले साल के मुकाबले करीब 91.95 लाख हेक्टेयर कम है। मानसून में देरी का असर सोयाबीन और कपास पर पड़ा है, लेकिन किसानों को मक्का, बाजरा और मूंग जैसी कम अवधि और कम पानी वाली फसलों की बुवाई की सलाह दी गई है। शिवराज सिंह ने कहा कि सरकार ने इस चुनौती के लिए पहले ही अप्रैल से तैयारी शुरू कर दी थी। आईसीएआर के सहयोग से प्रभावित होने की संभावना वाले जिलों के लिए कंटिंजेंसी प्लान तैयार कर राज्यों के साथ साझा किए गए हैं। जून महीने में चलाए गए 'खेत बचाओ अभियान' के तहत 1.24 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और 80 लाख से ज्यादा किसानों तक सीधे पहुंच बनाई गई। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए करीब 1.75 लाख क्विंटल का राष्ट्रीय बीज भंडार तैयार रखा गया है, ताकि किसी भी स्थिति में बुवाई प्रभावित न हो। साथ ही किसान

**केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि जून में 33 प्रतिशत कम बारिश के बाद जुलाई में स्थिति में सुधार आया है और अब यह कमी घटकर 24 प्रतिशत रह गई है। हाल के दिनों में देश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई है, जिससे कम वर्षा वाले जिलों की संख्या 262 से घटकर 178 रह गई है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद दिल्ली में मीडिया से चर्चा में कहा कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि जुलाई में बारिश और रफ्तार पकड़ेगी, जिससे खरीफ बुवाई में तेजी आएगी।**

क्रेडिट कार्ड अभियान को तेज करते हुए 30 जून तक प्राप्त 1.14 लाख आवेदनों में से 94 हजार से अधिक को स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों की भागीदारी बढ़ाने के प्रयास जारी हैं, ताकि किसी भी संभावित नुकसान की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शिवराज सिंह ने बताया कि अल नीनो की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मॉनिटरिंग सिस्टम पूरी तरह सक्रिय है। अल-नीनो मॉनिटरिंग सेल, क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप, राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम और नियुक्त अधिकारी लगातार मानसून, बुवाई, फसल और बाजार की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इन सबसे स्पष्ट है कि सरकार केवल हालात पर नजर नहीं रख रही, बल्कि मजबूत प्रक्रियाओं, पर्याप्त संसाधनों और समयबद्ध रणनीति के साथ हर चुनौती का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## पुलिस लाइन में फेस रिकग्निशन से होगी जवानों की उपस्थिति



**देवरिया।** पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों की उपस्थिति अब डिजिटल फेस रिकग्निशन सिस्टम से दर्ज होगी। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने बुधवार को दो डिजिटल फेस रिकग्निशन सिस्टम का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य उपस्थिति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक आधारित बनाना है। एसपी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से पुलिस कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनेगी। फेस रिकग्निशन प्रणाली के माध्यम से पुलिस कर्मियों की गणना और उपस्थिति का सत्यापन अधिक सटीक, त्वरित और विश्वसनीय तरीके से हो सकेगा। इससे मैनुअल प्रक्रिया में लगने वाला समय बचेगा और प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को डिजिटल प्रणाली के संचालन, उपयोग और रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तकनीकी पहल से पुलिस लाइन की उपस्थिति व्यवस्था में पारदर्शिता और सुगमता बढ़ेगी तथा कार्यों की निगरानी पहले की अपेक्षा अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय मनकापुर में कक्षा-6 प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**गोण्डा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, मनकापुर, गोण्डा में शैक्षिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा-6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण 07 जुलाई से प्रारम्भ हो गया है। इच्छुक एवं पात्र छात्र-छात्राएं 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रभारी प्राचार्य लालता प्रसाद शर्मा ने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs पर स्वीकार किए जाएंगे। जनपद गोण्डा के निवासी तथा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के दौरान कक्षा-5 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं आवेदन के पात्र हैं।उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना अनिवार्य है। पात्र अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं से समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की गई है, ताकि अंतिम तिथि के निकट होने वाली तकनीकी असुविधाओं से बचा जा सके।

## 16 जुलाई को लगेगी दिव्यांगजन मोबाइल कोर्ट, समस्याओं की होगी सुनवाई

**भदोही।** दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और उन्हें सरकारी योजनाओं व अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 16 जुलाई को जनपद में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह ने बताया कि राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में यह मोबाइल कोर्ट सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी), विकास भवन, कंसापुर (ज्ञानपुर) में आयोजित होगी। मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजन शिक्षा, आरक्षण, रोजगार, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव, दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 से संबंधित अन्य शिकायतों व समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने पात्र दिव्यांगजनों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन देकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## तालाब और नाले पर अतिक्रमण का आरोप, व्यापार मंडल अध्यक्ष ने की कार्रवाई की मांग



**गोपीगंज।** वार्ड संख्या-5 के भगवतपुर स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने तालाब एवं उससे जुड़े नाले पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, गोपीगंज के अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि नाला अवरुद्ध होने से कई मोहल्लों का गंदा पानी सड़कों और घरों के आसपास भर रहा है। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने तथा जल निकासी की व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है।

# 7.72 लाख की स्ट्रीट लाइट खरीद पर उठे सवाल

**जेई-अधिकारियों की कथित मिलीभगत से भ्रष्टाचार का आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह की ग्राम पंचायत खरगूपुर इमलिया में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान स्ट्रीट लाइट की खरीद एवं स्थापना में 7,72,189 रूपये के भुगतान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने खरीद प्रक्रिया में अनियमितता, मानकों की अनदेखी तथा सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्ट्रीट लाइट खरीद के नाम पर विभिन्न तिथियों में 72,078रूपये, 1,51,747रूपये,1,70,711रूपये, 1,51,743रूपये,9,676 रूपये तथा 2,16,234 रूपये का भुगतान किया गया। इन सभी भुगतानों का कुल योग सात लाख बहत्तर हजार एक सौ नवासी रूपये का भुगतान किया गया।

नाम न छापने की शर्त पर कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्ट्रीट लाइट की खरीद एवं स्थापना निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं की गई। उनका कहना है कि अभिलेखों में दर्शाए गए कार्य और मौके पर दिखाई देने वाली स्थिति में काफी अंतर है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं, जबकि जहां लगाई गई हैं वहां भी गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे प्रकरण में कनिष्ठ अभियंता (जेई) एवं संबंधित अधिकारियों की कथित मिलीभगत से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया है। उनका कहना है कि यदि तकनीकी परीक्षण और भौतिक सत्यापन निष्पक्ष ढंग से कराया जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। हालांकि,

ग्रामीणों का कहना है कि मामला केवल एक ग्राम पंचायत तक सीमित नहीं है। यदि विकास खंड रूपईडीह की अन्य ग्राम पंचायतों में भी स्ट्रीट लाइट खरीद, भुगतान और स्थापना की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई और वित्तीय अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं



पंचायती राज विभाग से मांग की है कि खरीद प्रक्रिया, जीएसटी बिल, बिल-वाउचर, माप पुस्तिका (एमबी), तकनीकी स्वीकृति, भुगतान अभिलेख, गुणवत्ता तथा मौके के भौतिक सत्यापन की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जांच में किसी स्तर पर वित्तीय अनियमितता या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

## गाड़ी लोडिंग को लेकर विवाद, चालक-खलासी से मारपीट; सात पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा, गोरखपुर।** गाड़ी पर माल लोड करने को लेकर हुए विवाद में कुछ मनबढ़ों ने चालक और खलासी के साथ मारपीट कर दी। घटना में चालक का मोबाइल फोन तोड़ दिया गया, जबकि खलासी का हाथ टूटने का आरोप है। पुलिस ने नामजद दो आरोपियों समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बी.एन. मुखर्जी रोड, पंकुनी हुबली निवासी राकेश श्रीवास्तव, जो गीडा स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत हैं, बुधवार दोपहर कंपनी का माल लोड करा रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप चालक वहां पहुंचा और अपनी गाड़ी पर पहले माल लोड कराने के लिए दबाव बनाने लगा। राकेश ने बताया कि वर्तमान लोडिंग पूरी होने के बाद गाड़ी हटा दी जाएगी। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर पिकअप चालक पांच अन्य लोगों को बुला




लाया और गाली-गलौज करते हुए कारोबार बंद कराने की धमकी दी।

शाम करीब चार बजे जीरो प्वाइंट कालेसर के पास आरोपितों ने चालक और खलासी को गाड़ी से खींचकर पीटा। इस दौरान चालक का मोबाइल फोन तोड़ दिया गया और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ओबैदुल्लाह, मुस्ताक तथा पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रदर्शनी में मारपीट के मामले में सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बाईपास रोड स्थित मोदा मंडी परिसर में लगी प्रदर्शनी में रुपये के लेनदेन को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना सोमवार देर रात की है। रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए थे। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के कुल सात लोग घायल हुए थे। इनमें एक पक्ष से सरवन और दूसरे पक्ष से अमन मिश्र की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था। मामले में उपनिरीक्षक राम बहादुर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने एक पक्ष से सब्जी मंडी मोहल्ला निवासी सरवन, पवन, अमन और ऋतिक और दूसरे पक्ष से शांती नगर मोहल्ला निवासी अमन, अमित और आकाश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस चौकी से 100 मीटर दूर प्रतिबंधित पेड़ों की लकड़ियों का ढेर

**वन माफियाओं के हौसले बुलंद!**

**वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद में वन संपदा पर लगातार संकट गहराता नजर आ रहा है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित हरे पेड़ों की अवैध कटान की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग की कथित उदासीनता के चलते वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और वे हरे पेड़ों पर आरा चलाकर हरियाली को नष्ट करने में जुटे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार गोण्डा-बहराइच राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर स्थित पुलिस चौकी से महज लगभग 100 मीटर की दूरी पर तीन अलग-अलग स्थानों पर लकड़ियों के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। दावा



किया जा रहा है कि इनमें प्रतिबंधित प्रजातियों के हरे पेड़ों की लकड़ियां भी शामिल हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खुलेआम लकड़ियों का भंडारण होने के बावजूद कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े कर रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध कटान का खेल जारी है। यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र की हरियाली पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। लोगों का यह भी कहना है कि सरकार एक ओर बड़े स्तर पर



वृक्षारोपण अभियान चला रही है, जबकि दूसरी ओर अवैध कटान की घटनाएं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को कमजोर कर रही हैं। ग्रामीणों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध कटान, परिवहन और लकड़ी के भंडारण में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्रीय वन दरोगा इंद्रजीत ने बताया कि यदि प्रतिबंधित पेड़ों की कटान की गई है तो मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** गोपीगंज थाना पुलिस ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार नौ जून 2026 की रात भोपतपट्टी नहर पुलिया के पास दीपक उर्फ बंडल सरोज के साथ रास्ता रोककर रॉड, डंडे व लात-घूंसों से मारपीट की गई थी, जिससे उसके सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आई थीं। पीड़ित के भाई जीतू कुमार पासी की तहरीर पर गोपीगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।



मामले में वांछित चल रहे चंदन सरोज उर्फ बंटी (25) निवासी भोपतपट्टी घाटमपुर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र यादव एवं कांस्टेबल बृजमोहन सिंह शामिल रहे।

## चलती ट्रेन में मोबाइल झपटने वाला गिरफ्तार



**देवरिया।** गौरीबाजार पुलिस ने चलती ट्रेन में यात्री से मोबाइल झपटने के आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार बैतालपुर स्टेशन के पास हुई घटना के मामले में राज चौहान (19) को भगुआ मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में नई धाराएं बढ़ाई गई हैं। घटना में शामिल दूसरे आरोपित की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक

**फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और स्वच्छता अभियान को तेज करने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान (जुलाई-2026) की प्रथम जनपद स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक में 1 जुलाई से अब तक विभिन्न विभागों द्वारा संचालित गतिविधियों की विभागवार समीक्षा की गई और अभियान को अधिक प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने सभी अधिशासी अधिकारियों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को संचारी रोगों की रोकथाम के लिए फॉगिंग एवं एंटी लार्वा छिड़काव को नियमित, व्यापक और प्रभावी ढंग से कराने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान की सभी गतिविधियां विभागीय समन्वय के साथ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के साथ पूरी की जाएं।ईशा प्रिया ने चिकित्सा अधीक्षकों, एमओआईसी एवं चिकित्सकों को अपने दायित्वों का संवेदनशीलता एवं पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करने को कहा। उन्होंने चिकित्सालयों में नियमित साफ-सफाई, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और जरूरी चिकित्सीय सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को चूहों एवं छछूंदरों से फैलने वाले रोगों के प्रति किसानों को जागरूक करने, जबकि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सुअर पालकों का संवेदीकरण कराने, सुअर बाड़ों की नियमित सफाई और एईएस/जेई जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।इसके



अलावा, सैम एवं माम (एसएएम/एमएएम) बच्चों के समयबद्ध चिन्हांकन, उन्हें पोषण, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और जरूरत पड़ने पर पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित कृषि, पशुपालन, नगर पालिका, नगर पंचायत और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस सुनवाई के दौरान विवाद, युवक की मौत

**देवरिया।** रुद्रपुर थाना क्षेत्र के पिड़हनी गांव में आईजीआरएस प्रकरण की सुनवाई के दौरान हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सुनवाई के दौरान दो पक्षों में कहासुनी हुई, जिसमें धक्का लगने से सर्वजीत यादव गिर पड़े और घायल हो गए। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया जागरूक


**देवरिया।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने स्कूलों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया। टीमों ने हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1098, 1930 सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए।

## दूसरी पत्नी के उकसावे में पति बना हैवान

**पहली पत्नी व तीन बच्चों को पीटकर घर से निकाला, केस दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा/गोरखपुर:** सहजनवा क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति पर दूसरी महिला के प्रभाव में आकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने और तीन बच्चों समेत घर से निकाल देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ज्योति चौबे का आरोप है कि उसकी शादी विजय कुमार से हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं। कुछ समय से पति का व्यवहार पूरी तरह बदल गया है। आरोप है कि उसने पहली पत्नी के रहते दूसरी महिला को अपने साथ रख लिया है और उसी के उकसावे में आकर पहली पत्नी व बच्चों के साथ लगातार मारपीट और अभद्र व्यवहार करता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पति वर्तमान में दूसरी महिला के साथ गोरखपुर



में रह रहा है। साथ ही वह पैतृक जमीन को बेचने की तैयारी में है, जिससे उसके और बच्चों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। इसे लेकर विवाहिता ने प्रशासन से जमीन की बिक्री पर रोक लगाने और अपने वैधानिक अधिकारों की रक्षा करने की मांग की है। पीड़िता की शिकायत पर सहजनवा पुलिस ने आरोपी विजय कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि इसमें पारिवारिक विवाद के साथ पहली पत्नी और बच्चों के अधिकारों से जुड़े गंभीर आरोप भी सामने आए हैं।

## लिफ्ट मांगकर युवक एक्टिवा लेकर फरार

**बीमारी का बहाना बनाकर मालिक को बैठाया पीछे, मौका मिलते ही गाड़ी लेकर भागा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखनाथ थाना क्षेत्र में दिन बुधवार देर रात्रि लिफ्ट मांगने के बहाने एक युवक द्वारा एक्टिवा स्कूटी लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लच्छीपुर खास निवासी वंदना निषाद ने बताया कि 1 जुलाई की भोर करीब 4:15 बजे उनका छोटा भाई सूरज निषाद उनकी नई एक्टिवा (UP53FU0264) लेकर काम से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक युवक ने उसे रोककर लिफ्ट मांगी। पहले सूरज ने मना किया, लेकिन युवक ने खुद को बीमार बताते हुए जल्द अस्पताल पहुंचाने की गुहार लगाई।

मानवीय आधार पर सूरज ने उसे पीछे बैठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद युवक ने स्कूटी रुकवाई और कहा कि वह खुद गाड़ी चलाकर जल्दी अस्पताल पहुंच जाएगा। इस पर सूरज पीछे बैठ गया। राजेंद्र नगर स्थित चंद्रा पेट्रोल पंप के पास युवक ने स्कूटी रुकवाई और जैसे ही सूरज नीचे उतरा, वह स्कूटी लेकर फरार हो गया। सूरज ने कुछ दूर तक शोर मचाते हुए उसका पीछा भी किया, लेकिन आरोपी तेज रफ्तार में भाग निकला। घटना के बाद परिजन काफी



परेशान हैं, क्योंकि स्कूटी हाल ही में खरीदी गई थी। इस संबंध में गोरखनाथ थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उपनिरीक्षक अनीस कुमार सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

## बरियारपुर थाने का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने गुरुवार को बरियारपुर थाने का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्य, अभिलेखों के रखरखाव तथा साफ-सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही थाना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, रात्रि गश्त तथा संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित चेकिंग को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों से भी संवाद किया और उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा तथा जनता के प्रति सकारात्मक व्यवहार बनाए रखने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी की पहचान उसके व्यवहार और कार्यशैली से होती है। इसके अलावा थाना परिसर की स्वच्छता, अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा शासन के अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष दीपक सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीप मंजरी पाण्डेय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## यातायात अभियान में 120 वाहनों का चालान, दो सीज



**देवरिया।** यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और ओवरब्रिजों पर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस वाले वाहन, नो-पार्किंग में खड़े वाहन तथा सड़क पर सवारी भर रहे बस, ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान में 120 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज किया गया।

## मां-बेटी के सामने किराना दुकानदार की चाकू से हत्या

**जमीन विवाद में हमला, हिरासत में मुख्य आरोपी सहित कई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव में दिन बुधवार देर रात्रि एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां मां और पत्नी के सामने ही किराना दुकानदार की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गिरमिट चौराहा निवासी अमरनाथ गुप्ता (56) अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान जमीन विवाद को लेकर पड़ोसी अवधेश चौहान उर्फ गब्बर चौहान से कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने चाकू निकालकर अमरनाथ पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावर ने सीने और पेट पर करीब 10 वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़े।

घटना के समय अमरनाथ की 85 वर्षीय मां जानकी देवी मौके पर मौजूद थीं। उन्होंने बेटे को बचाने के लिए हमलावरों से मिन्नतें कीं, लेकिन आरोपियों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया, जिससे वह भी घायल हो गईं। शोर सुनकर पत्नी गुजराती देवी भी मौके पर पहुंचीं और बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। परिजन घायल अमरनाथ को तत्काल बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी निमिष पाटिल मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली।

मृतक के बेटे ऋषिकेश गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी गब्बर चौहान सहित 10 नामजद और 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है,




जबकि चार अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच पिछले करीब 5 वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था और मामला कोर्ट में विचाराधीन था। आरोप है कि विवादित जमीन पर निर्माण को लेकर भी तनाव बना हुआ था। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसपी सिटी निमिष पाटिल ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर यह घटना हुई है, मामले की गहन जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम के दौरे से हर्रैया के विकास की जगी उम्मीद: सुदामाजी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के हर्रैया विधानसभा में आगामी 10 जुलाई को हर्रैया स्थित बीआरसी कार्यालय मैदान में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामाजी' ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री का यह दौरा हर्रैया के समग्र विकास के साथ-साथ मनोरमा एवं रामरेखा नदी को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल का मार्ग प्रशस्त करेगा।

श्री पाण्डेय ने कहा कि वर्ष 2018 में मखौड़ा धाम के विकास एवं मनोरमा नदी की सफाई की मांग को लेकर उनके द्वारा किए गए सप्ताह भर के अनशन के बाद प्रशासन ने आश्वासन देकर अनशन समाप्त कराया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के उपरांत मनोरमा नदी की सफाई एवं कुछ घाटों के निर्माण-पुनरुद्धार का कार्य प्रारम्भ भी हुआ, किन्तु बाद में स्थानीय स्तर पर अपेक्षित गंभीरता न मिलने से यह अभियान कागजों तक सीमित होकर रह गया।

उन्होंने कहा कि डेढ़ दशक से चल रहा उनका जनजागृति अभियान आज व्यापक जनसमर्थन प्राप्त कर रहा है। मखौड़ा धाम में उनके अभियान से प्रेरित होकर चलाए गए सफाई प्रयासों का उल्लेख देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में किया। इसके अतिरिक्त अनेक समाचार पत्रों, मीडिया संस्थानों तथा सामाजिक संगठनों ने भी स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त मनोरमा के अभियान का समर्थन किया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि बीबीसी की रिपोर्ट ने भी मनोरमा नदी की वर्तमान स्थिति को उजागर किया है।

## आजमगढ़ में युवक की पीट-पीटकर हत्या करने वाला आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार

**आजमगढ़।** मेहनाजपुर थाना की पुलिस ने शादी समारोह में भोजन करने की बात को लेकर हुए विवाद में लाठी-डंडों से हमला कर युवक की हत्या करने के आरोपित को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित पहचान अजीत यादव उर्फ भन्टा निवासी डंडवल के रूप में हुआ है। थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित पर हत्या, तस्करी आर्म्स एक्ट सहित कुल सात मामले पहले से दर्ज है। मंगलवार की रात शादी समारोह में खाने को लेकर प्रितोष राजभर एवं ओटू राजभर के साथ कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से पीट पीटकर अधमरा कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्रितोष की मौत हो गई। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई विवेचना के क्रम में अजीत यादव उर्फ भन्टा का नाम प्रकाश में आया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी को दबिश दे रही थी।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रदीप कुमार गुप्ता बने जिला संरक्षक,आकाश बने बहेड़ी के अध्यक्ष, वलबेंद्र मंत्री



**बरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली की जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष ने शिक्षकों को संगठन की विचार धारा से जोड़ने एवं जिले में च्यनवेतनमान जल्द से जल्द लगवाने की बात रखी। उसके बाद प्रदीप कुमार गुप्ता,प्रधानाचार्य ,पीएन दीवान पब्लिक स्कूल,रिठौरा को सर्वसम्मति से जिला संरक्षक पद का दायित्व दिया गया। एवं बहेड़ी ब्लॉक के प्रभारी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार एवं सहप्रभारी ब्लॉक मंत्री अजय कुमार द्वारा ब्लॉक में गठन की कार्यवाही शुरू की गई। जिसमें आकाश कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, वलवेंद्र गंगवार को ब्लॉक मंत्री, मोहम्मद राशिद को कोषाध्यक्ष,थान सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं संयुक्त मंत्री प्रदीप सिंह को, सबबमित्र बौद्ध को ब्लॉक उपाध्यक्ष,राजुकमार सिंह को संगठन मंत्री एवं कृष्णा गौतम को ब्लॉक उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। जिला मंत्री गिरजेश कुमार ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर संगठन की रिति नीति से परिचय कराया गया।

## एक माह पूर्व हुए सड़क का शिलान्यास के पश्चात भी कार्य न होने से ग्रामीणो मे रोष

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** गोला तहसील क्षेत्र के गांव गोला जडौरा मार्ग से कोटखेरबा मार्ग का विगत एक माह पूर्व क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि के कर कमलो द्वारा किया गया था ले कोटखेरवा ,देवकली व कोटखेरबा गांव के ग्रामीणो ने बताया के विधायक के उद्घाटन के पश्चात लगभग ऐक हफ्ता के बाद ठेकेदार ने जेसीबी से सडक के दोनो ओर खेतो से खोदकर सडक पर मिट्टी डाल दी गई थी, लेकिन दो हफ्तो से ज्यादा का समय हो जाने के बाद भी सड़क पर काम न होने से सडक पर भारी वारिस के चलते मिट्टी के रिसाव होने के चलते पूरे मार्ग पर मिट्टी कट कर आ गई ,जिससे ग्रामीणो को निकलने पर काफी कठिनाईयो का सामना करना पडता है, मोटर साइकिल व वाहन भी दलदल मे फस कर घंटो फसे रहते है। ग्रामीणो को कोटबारा बाजार व गोला जाने मे भी काफी कठिनाई हो रही है। इस संबंध मे जब जेई मनीष गिरि को फोन लगाया गया तो उनका फोन नही उठा। सुशील वर्मा ग्राम प्रधान कोटबारा ,सडक का निर्माण तीव्र गति से चालू है लेकिन बरसात होने के चलते कुछ रूकावट आई है,जल्द ही सडक का निर्माण कराया जायेगा।

## 'बारिश में भी नहीं थम रहा हरे पेड़ों का कत्ल!

**बेहजम खीरी।** जहां एक ओर पूरे उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव के तहत लाखों-करोड़ों पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने का अभियान चलाया जा रहा है, वहीं बेहजम क्षेत्र में अवैध पेड़ कटान का खेल बेखौफ जारी है। बारिश के मौसम में भी लकड़कट्टों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सरकारी आदेशों और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एक तरफ सरकार पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है, तो दूसरी तरफ हरे-भरे पेड़ों पर आरी चल रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की हरियाली पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या वन महोत्सव सिर्फ पौधे लगाने तक सीमित रहेगाक्या अवैध कटान पर जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई करेगा, या हरियाली यूं ही उजड़ती रहेगी?

## रायपुर बुजुर्ग गौशाला की हालत को लेकर ग्रामीणों ने जताई चिंता

**बेहजम खीरी-** विकास खंड बेहजम क्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग स्थित गौशाला की स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर चिंता जताई है। आरोप है कि गौशाला में मौजूद गौवंश को पर्याप्त चारा और पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे भूख और प्यास से परेशान हैं। साथ ही गौशाला परिसर में कीचड़ और दलदल होने के कारण गौवंश उसमें फंसे हुए दिखाई दे रहे हैं। जिससे बैठ नही पा रहे है ! गौशाला की व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है, लेकिन संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा नहीं ले रहे हैं जमीनी स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गौशाला की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए, पर्याप्त चारा और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा दलदल में फंसे गौवंश को सुरक्षित किया जाय और समुचित रखरखाव की व्यवस्था की जाए।

# 45.70 करोड़ का बजट पास

## लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी बोर्ड बैठक

### सभासदों ने पालिका प्रशासन को किया कठघरे में खड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर, शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद की वित्तीय वर्ष 2026-27 की बजट बोर्ड बैठक गुरुवार को विकास योजनाओं से अधिक भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और जवाबदेही के सवालों के कारण सुर्खियों में रही। करीब 45.70 करोड़ रुपये का बजट तो सर्वसम्मति से पारित हो गया, लेकिन बैठक के दौरान सभासदों ने पालिका प्रशासन पर एक के बाद एक गंभीर आरोपों की झड़ी लगा दी। सरकारी संपत्तियों पर कब्जे, संदिग्ध टेंडर, सूचना छिपाने और मनमानी कार्यशैली जैसे मुद्दों पर जमकर हंगामा हुआ। चेयरमैन हाजरा बेगम और अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में बजट प्रस्तुत करते हुए अधिकारियों ने नगर विकास, सड़क, नाला निर्माण, सफाई, वेतन और पेंशन को प्राथमिकता देने की बात कही। अधिकारियों के दावों के बीच ही सभासदों ने व्यवस्था पर तीखे सवाल उठाने शुरू कर दिए। सभासद दिलीप कुमार सक्सेना (अक्कू) ने आरोप लगाया कि नगर पालिका की करोड़ों रुपये की सरकारी संपत्तियों से जुड़े मुकदमों में पालिका का अधिवक्ता ही नगर हितों के विपरीत काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। सभासद सुशील कुमार सिंह ने वर्ष 2024 से लंबित सूचना न दिए जाने को पारदर्शिता पर सवाल बताते हुए कहा कि आखिर ऐसी कौन-सी जानकारी है जिसे दो वर्ष बाद भी छिपाया जा रहा है। उन्होंने 16 लाख रुपये के नाला सफाई टेंडर पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि जब मलबा हटाने का काम पालिका कर्मचारियों से कराया गया तो ठेकेदार को लाखों रुपये का भुगतान किस आधार पर किया गया। उन्होंने सरकारी कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं की भी जांच की मांग उठाई। मामला उस समय और गरमा गया जब चेयरमैन आवास पर कार्यरत बताए जा रहे 15 संविदा कर्मचारियों का ब्योरा मांगा गया। आरोप है



कि स्पष्ट जवाब देने के बजाय टालमटोल की गई, जिस पर सभासदों और पालिका प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। बैठक में कई सभासदों ने नगर पालिका की जमीनों पर अवैध कब्जे न हटाने, जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा, फोन तक न उठाने, बदहाल सड़कें, जलभराव और चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन को घेरा। उनका कहना था कि नगर की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजों में विकास दिखाने में व्यस्त हैं। लगातार बढ़ते विरोध और आरोपों के बीच अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने सभी शिकायतों की जांच कराने और दोष पाए जाने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद हंगामे के बीच ही 45.70 करोड़ रुपये का बजट पारित कर दिया गया।

## सीओपी नंबर के बगैर अब प्रेक्टिस नहीं कर सकेंगे वकील

**कोंच(जालौन)-** सीओपी नंबर के बगैर वकील अब प्रेक्टिस नहीं कर सकेंगे। सिविल जज जूनियर डिवीजन कोंच ने इस संबंध में आदेश पारित किया है कि बगैर सीओपी नंबर के कोई भी वकील विधि व्यवसाय नहीं कर सकता है। दरअसल, न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन/ जेएम, तहसील कोंच में विधि व्यवसाय निष्पादित करने वाले कतिपय वरिष्ठ अधिवक्तागणों द्वारा लिखित तथा मौखिक रूप से जेएम से इस आशय की शिकायत की गई थी कि बार एसोसिएशन कोंच में कुछ अधिवक्तागण सीओपी धारक नहीं है, फिर भी न्यायालय के समक्ष न्यायिक कार्य निष्पादित कर रहे हैं जिस कारण से सीओपी धारक अधिवक्ताओं का कार्य प्रभावित होता है। अतः बगैर सीओपी धारक अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्य निष्पादित करने से रोका जाए तथा उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। उक्त शिकायत के परिप्रेक्ष्य में न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन के जेएम सतनाम सिंह यादव ने वकालत पेशे से जुड़े सभी अधिवक्ताओं को निर्देशित किया है कि सीओपी (सर्टिफिकेट ऑफ प्रेक्टिस) को प्राप्त किए बिना न्यायिक कार्य निष्पादित न करें। ऐसा कृत्य, अधिवक्ता अधिनियम 1961 के विधिक प्रावधानों के विपरीत है और सुसंगत प्रावधानों के तहत अपराधिक दायित्व भी अधिरोपित करता है।

# हाइवे पर चला बुलडोजर

### मिनटों में जमींदोज हुए खोखे-टीनशेड; अतिक्रमणकारियों में भगदड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर, शाहजहांपुर।** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कब्जों के खिलाफ एनएचएआई ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन बुलडोजर कार्रवाई कर अतिक्रमणकारियों की नींद उड़ा दी। बाइपास चौराहा ओवरब्रिज के नीचे और दोनों सर्विस रोड पर वर्षों से जमे खोखे, ठेले और टीनशेड पर जेसीबी गरजी तो पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। कार्रवाई से बचने के लिए कई लोगों ने आनन-फानन में अपना सामान समेटना शुरू कर दिया, जबकि शेष अवैध कब्जे जेसीबी से ध्वस्त कर दिए गए। एनएचएआई के प्रबंधक अंजनी कुमार के निर्देश पर नियंत्रण अधिकारी इंद्रेश यादव के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में टीम ने एक-एक कर सड़क किनारे किए गए स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह का विरोध सफल नहीं हो सका। अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी





कि राष्ट्रीय राजमार्ग और सर्विस रोड पर दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कीमत पर सड़क की भूमि पर अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लगातार दूसरे दिन चली बुलडोजर कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में दहशत का माहौल बना रहा। एनएचएआई अधिकारियों ने साफ कर दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराने तक अभियान बिना रुके जारी रहेगा और अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलता रहेगा।

## ओवर स्पीड वाहनों पर यातायात पुलिस की कड़ी कार्यवाही, 272 वाहनों के स्पीड चालान

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज दिनांक 9.07.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 34 ट्रक, 3 बस, 73 चार पहिया / दो पहिया 110 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 03 बस, 104 चार पहिया / दो पहिया 107 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 55 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें । सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें।

## सैकड़ों महिलाओं ने काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** किदवई नगर श्री संकट मोचन विजय हनुमान एवं दुर्गा मंदिर में महिला मंडल के द्वारा राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की 13 वर्षीय बालिका से 32 लोगों द्वारा लगातार 5 दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म करने की दिल दहला देने वाली घटना से महिलाओं ने बड़ी संख्या में काली पट्टी बांध प्रदर्शन किया। वीरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि इस जघन्य अपराध को लेकर पूरे देश में भारी आक्रोश है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए जगह-जगह कैंडिल मार्च निकाले जा रहे हैं। अध्यक्ष नीलम वीरेंद्र चौहान ने कहा कि इस हृदय विदारक घटना ने झकझोर दिया है। महामंत्री रेनू शुक्ला ने मांग करते हुए कहा कि ऐसे दुर्दांत अपराधियों को फांसी होनी चाहिए।वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीना त्रिपाठी सुधा शुक्ला अंजू द्विवेदी मधु मिश्रा डॉली द्विवेदी शालिनी अवस्थी अर्चना राठौर रेनू सेंगर सुषमा भारद्वाज संयोगिता तिवारी बबीता पांडे सुधा त्रिपाठी ने मां दुर्गा के समक्ष पूजन कर आत्मा की शांति की प्रार्थना की। वीरेंद्र सिंह चौहान ने महिलाओं को संबोधित करते हुए अभिभावकों को बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए जागरूक रहने की बात कही।



वही संयुक्त महिलाओं ने काली पट्टी बांध अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से मंत्री शिवानी तिवारी करुणा त्रिवेदी रंजना अवस्थी अपर्णा तिवारी सुशीला श्रीवास्तव सुषमा कुशवाहा रानी गुप्ता नीलम दुबे कंचन सक्सेना लक्ष्मी द्विवेदी ज्योति दुबे संतोषी गुप्ता प्रियंका ठाकुर अर्चना सक्सेना मधु गुप्ता मीना पाल शांति तिवारी सुनीता शर्मा ममता मिश्रा रुचि त्रिपाठी भारती मिश्रा साधना दीक्षित मनोरमा दीक्षित सुहानी पाल एड सीमा राठौर आशा त्रिवेदी किरण पांडे रीता शास्त्री डॉ सुषमा सिंह गांधी आंटी सुदामा दुबे विजयलक्ष्मी दुबे विनीता ओमकार गुप्ता सोनी मुकुंद गुप्ता पप्पू तिवारी राजकुमार सिंह पप्पू तिवारी अमित मिश्रा अमित राठौर मयंक सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय महिला आयोग के 'शक्ति और सुरक्षा ' कार्यक्रम के प्रथम दिवस में जेंडर - सेंसिटिव

### पुलिसिंग पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया गया प्रशिक्षित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा न्याय तक उनकी प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने तथा पुलिस अधिकारियों में लैंगिक संवेदनशीलता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित 'शक्ति और सुरक्षा : Advancing Gender - Sensitive Policing' विषयक दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के प्रथम दिवस का आयोजन आज दिनांक 9 जुलाई, 2026 को रागेंद्र स्वरूप सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स ऑडिटोरियम, पुलिस कमिश्नरेट, कानपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय महिला आयोग, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश पुलिस तथा पुलिस कमिश्नरेट, कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ रघुबीर लाल, पुलिस



आयुक्त, कानपुर नगर एवं सुभाष चंद्र दुबे, पुलिस महानिरीक्षक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध / मुख्यालय स्नेहा तिवारी द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर ने अपने संबोधन में महिलाओं के प्रति संवेदनशील पुलिसिंग को सुरक्षित एवं सशक्त समाज की आधारशिला बताते हुए महिला सुरक्षा संबंधी मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं पीड़ित-केंद्रित कार्रवाई पर बल दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से समाज में विश्वास एवं सुरक्षा का वातावरण और अधिक सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता,



गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा समयबद्ध कार्रवाई पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है तथा ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिसिंग की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभागियों के पंजीकरण एवं स्वागत के साथ हुआ। प्रथम तकनीकी सत्र में सेवानिवृत्त डीआईजी, एनआईए एन. एन. दुबे ने एफआईआर पंजीकरण एवं जीरो एफआईआर विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए महिलाओं से संबंधित अपराधों में त्वरित एफआईआर दर्ज करने, जीरो एफआईआर की कानूनी व्यवस्था तथा पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने में पुलिस की भूमिका पर प्रकाश डाला। दोपहर में आयोजित तकनीकी सत्र में अर्चना सिंह, सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटर, वन स्टॉप सेंटर, लखनऊ ने जेंडर सेंसिटाइजेशन इन पुलिसिंग विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

## नगर पालिका निरीक्षण में डीएम को मिली तमाम खामियां

### रजिस्टर नहीं दिखा सके, बगलें झांकते नजर आए पालिका के अधिकारी और बाबू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** नगर पालिका परिषद कोंच कार्यालय के वार्षिक निरीक्षण में डीएम को नगर की प्रकाश व्यवस्था से लेकर हैंडपंप (पेयजल) और सीवर सहित करीब सभी व्यवस्थाओं में खामियां मिली। मौके पर बाबुओं/कर्मचारियों द्वारा व्यवस्थाओं से संबंधित रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किए जा सके और डीएम के सवालों पर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी बगलें झांकते हुए देखे गए। डीएम ने सभी व्यवस्थाएं शीघ्र ही दुरुस्त किए जाने के कड़े निर्देश दिए। डीएम राजेश कुमार पांडेय ने गुरुवार की शाम नगर पालिका परिषद कोंच कार्यालय का निरीक्षण करते हुए नगर में प्रकाश व्यवस्था, सीवर व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, विभागीय गाड़ियों के संचालन की व्यवस्था, डीजल खपत से लेकर निर्माण/विकास कार्यों को लेकर बिंदुवार जानकारी ली। इनमें से अधिकांश व्यवस्थाओं से जुड़े रजिस्टर मौके पर डीएम को नहीं दिखाए जा सके जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। खराब हैंडपंप और लाइटों सहित दुर्दशाग्रस्त शौचालयों को लेकर डीएम ने एसडीएम को लेखपालों की मदद से जल्द ही सर्वे कर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सुलभ शौंचालय तीनों पहर खोले जाएं और केयर टेकर की तैनाती सुनिश्चित की जाए। एमआरएफ सेंटर सहित नगर पालिका के वाहनों के रखरखाव और संचालन की निगरानी के लिए पालिका के किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर उसकी जिम्मेवारी तय की जाए। निर्माण/विकास कार्यों को लेकर डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि बैठक कर रणनीति के साथ विकास कार्यों में तेजी लाएं और गुणवत्ता एवं मानकों की अनदेखी किसी सूरत में न की जाए। नगर में ध्वस्त सीवर व्यवस्था को लेकर डीएम ने निर्देशित किया कि इसके लिए योजना बनाकर सीवर व्यवस्था में सुधार लाएं। नगर में साफ सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के भी डीएम ने कड़े निर्देश दिए। उधर, बीते समय पूर्व नगर



पालिका द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आंकड़े निरीक्षण में गलत साबित हुए जिसको लेकर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए सभी व्यवस्थाएं अविलंब दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए। दरअसल, भेजी गई रिपोर्ट में पालिका द्वारा नगर में सिर्फ़ 31 लाइटें खराब होने का हवाला दिया गया था और निरीक्षण के दौरान चार वार्डों में ही सौ से डेढ़ सौ लाइटें खराब होने की बात संबंधित सभासदों द्वारा सामने लाई गई। निरीक्षण के दौरान सीडीओ केके सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, एसडीएम हेमंत कुमार पटेल, ईओ मोनिका उमराव, कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह सहित सभासदगण और नगर पालिका के बाबू-कर्मचारी मौजूद रहे।

## यातायात व्यवस्था में बाधित बनीं कारों को क्रेन से खींचकर भिजवाया थाने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में 'सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के अंतर्गत शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई ।यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा लाउड हेलर के माध्यम से वाहन स्वामियों/ चालकों को सूचित करते हुए अपने वाहनों को तत्काल नो पार्किंग क्षेत्र से हटाने हेतु निर्देशित किया गया । इसके बावजूद भी जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन नहीं हटाए गए, उनके वाहनों को क्रेन के माध्यम से कुल 6 चार पहिया वाहनों को सम्बन्धित थाने में भेजा गया। वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अंतिम चेतावनी देते हुए नियमानुसार उनके वाहन सुपुर्द किए गए। यातायात पुलिस कानपुर



नगर द्वारा आमजन से अपील कि गई है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। यातायात नियमों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। यातायात पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं किसी भी असुविधा की स्थिति में ट्रैफिक कण्ट्रोल/ हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

## पूर्व चेयरमैन स्व. रूपेन्द्र भानु गुप्ता की स्मृति में नगर पालिका परिसर में आरओ वाटर कूलर का लोकार्पण

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ द्वारा नगरवासियों एवं पुस्तकालय आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नगरीय पेयजल योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिसर स्थित स्मृतिशेष राम नरेश तिवारी पुस्तकालय के प्रवेश द्वार पर स्थापित वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अभय गुप्ता, स्वर्गीय पूर्व पालिकाध्यक्ष रूपेन्द्र भानु गुप्ता के सुपुत्र रहे। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' एवं अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र के साथ फीता काटकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाजसेवी अभय गुप्ता ने कहा, 'मेरे पूज्य पिताजी स्वर्गीय रूपेन्द्र भानु गुप्ता की स्मृति में यह वाटर कूलर स्थापित कराने के लिए मैं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' का हृदय से आभारी हूँ। यह जनसेवा का एक सराहनीय कार्य है।

## पुलिस अफसर प्रीति बाला की प्रोन्नति पर जताई खुशी



**कोंच(जालौन)-** उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाली जांबाज पुलिस अफसर प्रीति बाला गुप्ता को उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नत किए जाने पर उनकी ननिहाल कोंच में खुशी का माहौल है। मूलरूप से एमपी के दतिया की निवासी प्रीति बाला गुप्ता को तेजतर्रार, जांबाज और अनुशासित पुलिस अधिकारी के तौर पर जाना जाता है। करीब ढाई दशक की पुलिस सेवा के दौरान उन्होंने बेहतर कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं संगठित अपराधों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर एक अलग ही पहचान बनाई है। ललितपुर गाजियाबाद व अन्य जनपदों में मिली जिम्मेदारियों को चुनौती के रूप में स्वीकार कर उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने अपनी प्रशासनिक क्षमता का परिचय दिया है। वर्तमान में एटीएस में जांबाज अफसर के रूप में तैनात है। गौरतलब है कि कोंच में ओमप्रकाश सोहाने के यहां प्रीति बाला का ननिहाल है, इस लिहाज से उनकी आईपीएस में प्रोन्नति पर कोंच नगर में खुशी का माहौल है। कोंच के पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष और नामित सभासद सुनील लोहिया ने उनको आईपीएस कैडर प्रदान किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कोंच के लिए भी गौरव का विषय बताया।

## सीडीओ ने ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

### आवास योजना के पात्र लाभार्थियों की सूची पोर्टल पर अपलोड न होने पर सचिवों को लगाई फटकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह ने गुरुवार को विकास खंड कार्यालय कोंच का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों की सूची अब तक पोर्टल पर अपलोड न करने वाले सचिवों को उन्होंने कड़ी फटकार लगाई और शीघ्र ही सूची अपलोड करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कहा कि गांवों में आवास के पात्र आवेदकों की सूची समय से पोर्टल पर अपलोड की जानी थी, लेकिन कई सचिव अभी तक यह कार्य पूरा नहीं कर सके हैं। उन्होंने संबंधित सचिवों को चेतावनी देते हुए तत्काल सूची अपलोड करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर सभी ग्राम पंचायतों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने तथा



ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने गौशालाओं की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बताया कि कैथी गौशाला का संचालन एनजीओ को सौंपा जा चुका है, जबकि अंडा और पिंडारी गौशालाओं का संचालन भी जल्द ही एनजीओ को हस्तांतरित करने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है। नमामि गंगे योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत के संबंध में सीडीओ ने बताया कि इसके लिए जल निगम को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद संबंधित सड़कें ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर दी जाएंगी। निरीक्षण के दौरान राम अयोध्या प्रसाद, खंड विकास अधिकारी यज्ञदेव कुमार सहित सभी ग्राम पंचायत सचिव और ब्लॉक कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 'जनता दर्शन' में आने वाले हर नागरिक को सौंपा गया 'हरित उपहार'

### समस्या निवारण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम 'एक पौधा, एक जीवन- जब तक हम प्रकृति को नहीं सहेजेंगे, हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं- जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद-** जिलाधिकारी फ़िरोज़ाबाद संतोष कुमार शर्मा की संवेदनशीलता और दूरगामी सोच के चलते आज कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम एक बेहद खास और प्रेरणादायक अभियान में बदल गया। अपनी समस्याओं को लेकर दूर-दराज से आए प्रत्येक नागरिक को जिलाधिकारी द्वारा न केवल धैर्यपूर्वक सुना गया, बल्कि उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश देने के साथ-साथ एक अनोखा उपहार भी भेंट किया गया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आने वाले प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक एक-एक पौधा (वृक्ष) प्रदान किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनपद वासियों के भीतर पर्यावरण के प्रति गहरी जागरूकता पैदा करना और उन्हें प्रकृति के महत्व से सीधे जोड़ना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि 'जनता दर्शन में लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन आज मैं चाहता हूँ कि हर नागरिक यहाँ से अपने घर खुशहाली और जीवन का एक नया संकल्प लेकर जाए। यह पौधा महज एक उपहार नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदारी है।' 'आज प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए सिर्फ शासन प्रशासन के भरोसे बैठना काफी नहीं है। जब तक हर एक नागरिक पर्यावरण की रक्षा को अपना व्यक्तिगत कर्तव्य नहीं मानेगा, तब तक हम आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ कल नहीं दे पाएंगे। मेरी पूरी जनपद वासियों से अपील है कि इस मानसून सत्र में आप सब कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं, उसकी संतान की तरह देखभाल करें और इस धरती को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान दें। जब एक पौधा बड़ा होकर वृक्ष बनेगा, तो वह सिर्फ ऑक्सीजन नहीं देगा, बल्कि आपके आँगन में खुशहाली और आशीर्वाद बनकर लहकेगा।' कलेक्ट्रेट में



आए नागरिकों के लिए यह एक बेहद सुखद और विस्मयकारी अनुभव था। अपनी शिकायत लेकर आए ग्रामीणों और शहरी निवासियों ने जब जिलाधिकारी के हाथों में पौधे देखे, तो उनके चेहरों पर एक अलग ही चमक आ गई। सभी नागरिकों ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि वे इस पौधे को अपने घर, खेत या आँगन में पूरी श्रद्धा के साथ रोपेंगे और इसके बड़े होने तक इसकी पूरी देखरेख करेंगे। जिलाधिकारी का उद्देश्य है कि प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ जन-जन को पर्यावरण संरक्षण की मुहिम से जोड़ना। 'एक नागरिक, एक पौधा' के मंत्र के साथ पूरे जनपद को हरा-भरा बनाना। आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा, जल और संतुलित पर्यावरण की सौगात देना।

## संक्षिप्त खबरें

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2027 के लिए आवेदन शुरू

**भदोही।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2027 के तहत कक्षा छह में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षा पांच में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई 2026 तक निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं, जबकि प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर 2026 (शनिवार) को आयोजित होगी। विद्यालय प्रशासन के अनुसार चयनित विद्यार्थियों को सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ निःशुल्क आवास, भोजन, पुस्तकें, गणवेश तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस वर्ष प्रवेश परीक्षा के प्रारूप में बदलाव करते हुए पर्यावरण अध्ययन से 20 प्रश्न शामिल किए गए हैं। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से समय रहते आवेदन करने और अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, भदोही से संपर्क करने की अपील की है।

### प्रवक्ता पद पर चयनित हुए विकास यादव, जोरई गांव में खुशी की लहर

**ज्ञानपुर।** जोरई गांव के प्रशासक एवं ग्राम प्रधान रमेश चंद्र 'ददा' के पुत्र विकास यादव का राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर चयन होने पर गांव एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर शुभचिंतकों और गणमान्य लोगों ने उनके आवास पहुंचकर बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में पूर्व प्रमुख एवं पूर्व समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष विकास यादव, पूर्व प्रधान धर्मराज यादव, विधान यादव, रामधर यादव (पंचू), अधिवक्ता सर्वेश यादव, पर्यावरण प्रेमी कृष्णा यादव, नरेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, संतोष यादव, रवि शिवकरन यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। सभी ने विकास यादव की सफलता को गांव और क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

### चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगदी, जेवरात व मोबाइल उड़ाया

**चुनार, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सेटेलमेंट एरिया मुहल्ले में मंगलवार की रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी, सोने के जेवरात व मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया।घटना के समय गृह स्वामी परिवार सहित अपने गांव गए थे। बुधवार की सुबह गांव से वापस आने पर चोरी होने की जानकारी हुई और कोतवाली पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। गृहस्वामी शैलेश कुमार दूबे एड0 पुत्र स्व0सूरज प्रसाद जमालपुर थाना क्षेत्र के मुडहुआ स्थित अपने गांव किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने परिवार सहित गए थे। मंगलवार की रात दो अज्ञात व्यक्तियों ने घर का ताला तोड़कर कमरें में रखा हुआ 30 हजार रूपये नकदी सोने का पांच जोड़ा बाली, सोने की सिकडी, एक जोड़ा सोने का कंगन व दो मोबाइल चोरी कर लिया। बुधवार की सुबह परिवार सहित वापस आएं तो घर का मुख्य द्वार का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए और तत्काल घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालना शुरू किया तो घटना की पूरी जानकारी हुई जिसमें दो व्यक्ति चेहरा ढके हुए दिखाई दिए। घटना की मौखिक सूचना पर तत्काल कस्बा चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच पड़ताल किया। बृहस्पतिवार की सुबह गृह स्वामी ने कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर देकर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही की मांग किया।

### मुंडन मुहूर्त पर अदलपुरा बड़ी शीतला मंदिर में उमड़े श्रद्धालु,बच्चों का हुआ मुंडन संस्कार

**चुनार मीरजापुर।** चुनार तहसील क्षेत्र के अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता मंदिर में गुरुवार को मुंडन का शुभ मुहूर्त होने पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यहां वाराणसी जौनपुर, भदोही, मिर्जापुर, चंदौली,सोनभद्र जिले के आलावा बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि प्रदेशों से अपने निजी वाहन के साथ सुबह से ही श्रद्धालुओं का हुजूम अपने नवजात और छोटे बड़े बच्चों के साथ माता के दरबार पहुंच कर मंदिर परिसर में कढ़ाई चढ़ा कर पुड़ी, हलुआ, गुलगुला आदि पकवान बना कर गीत गाते हुए मां के गर्भगृह में पहुंच कर मां को भोग अर्पित कि।पूरे दिन 'जय माता दी' के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजयमान हो रहा था। गोद में बच्चे नवजात को लेकर महिला श्रद्धालुओं ने मां शीतला को चुनरी, नारियल और प्रसाद चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। शुभ मुहूर्त होने के के कारण मंदिर प्रांगण में 100 से अधिक बच्चों का मुंडन संस्कार विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। माताएं गोद में बच्चों को लेकर मां से उनके स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद मांगती नजर आईं। बड़े बुजुर्गों का मानना है कि बड़ी शीतला माता के दरबार में मुंडन कराने से बच्चे निरोगी रहते हैं और बुरी नजर से बचाव होता है।मंदिर पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की थी।

# बस्ती में मुख्यमंत्री योगी का दौरा आज

» हरैया में 36 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास; सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम

» सुरक्षा के कड़े निगरानी में लैंड करेगा हेलीकाप्टर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया तहसील में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बस्ती जनपद का बहुप्रतीक्षित दौरा अब पूरी तरह फाइनल हो गया है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया है। लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए अब पूरा जिला मुख्यमंत्री के स्वागत और कार्यक्रम की तैयारियों में जुट गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर दोपहर 12:20 बजे हरैया में उतरेगा। इसके बाद वे हरैया एवं कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री हरैया में लगभग एक घंटा दस मिनट तक रहेंगे और इस दौरान 36 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक कंपोजिट विद्यालय का शिलान्यास भी करेंगे, जिसे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि भी वितरित करेंगे। इससे हजारों पात्र लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। एनएसजी कवर सहित जेड श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी। पुलिस, पीएसी तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित 1,460 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी लगातार कार्यक्रम स्थल और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए फुटहिया और छावनी क्षेत्र में हाईवे पर रूट डायवर्जन लागू किया गया है। यह डायवर्जन कार्यक्रम शुरू होने से पहले से लेकर कार्यक्रम समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने आमजन से निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। मुख्यमंत्री के इस दौरे को जिले के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं और पूरा जिला मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरी तरह तैयार दिखाई दे रहा हैं।

## सुरियावां पुलिस ने तीन आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली

**भदोही।** अपराध नियंत्रण अभियान के तहत सुरियावां पुलिस ने तीन सक्रिय एवं आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार साहिल पुत्र अनवर अली, पवन कुमार बिंद उर्फ भोलई तथा विजय कुमार उर्फ कल्लू को 'ए' श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया है। तीनों के विरुद्ध हत्या के प्रयास, चोरी, एनडीपीएस, गोवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न गंभीर मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि हिस्ट्रीशीट खोलने का उद्देश्य इन अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखना तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना है। एसपी अभिनव त्यागी ने स्पष्ट किया कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नो-बॉल के विवाद में छात्र की मौत

» क्रिकेट बैट से हमले के बाद तोड़ा दम

» क्रिकेट खेलते समय हुआ था विवाद, आरोपी नाबालिग हिरासत में; पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** दुर्गागंज थाना क्षेत्र के भानीपुर गांव स्थित अंबेडकर पार्क में क्रिकेट खेलने के दौरान नो-बॉल को लेकर हुए मामूली विवाद ने एक मासूम की जान ले ली। क्रिकेट बैट से किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल 12 वर्षीय आदित्य गौतम की उपचार से पहले ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने आरोपी 14 वर्षीय किशोर को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को गांव के अंबेडकर पार्क में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। खेल के दौरान नो-बॉल को लेकर 14 वर्षीय छात्र और कक्षा चार में पढ़ने वाले 12 वर्षीय आदित्य गौतम के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और गुस्से में आरोपी किशोर ने आदित्य के सिर पर क्रिकेट बैट से जोरदार प्रहार कर दिया।

हमले में आदित्य के सिर में गंभीर चोट लगी और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है।

# जेम पोर्टल से होगा जोरई मिनी औद्योगिक आस्थान के भूखंडों का आवंटन

## चार अगस्त को होगी ऑनलाइन नीलामी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद के उद्यमियों और निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। उत्तर प्रदेश उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय के निर्देश पर अब औद्योगिक आस्थानों में रिक्त भूखंडों का आवंटन पूरी तरह पारदर्शी तरीके से जेम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नीलामी से किया जाएगा। इसी क्रम में मिनी औद्योगिक आस्थान, जोरई (ज्ञानपुर) के रिक्त भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज ने बताया कि जोरई औद्योगिक आस्थान के रिक्त भूखंडों के लिए निविदा संख्या 36288 जारी कर दी गई है। इच्छुक उद्यमी और निवेशक निर्धारित अवधि में जेम पोर्टल पर पंजीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि तीन जुलाई से 15 जुलाई तक पंजीकरण होगा। 14 से 20 जुलाई तक आवेदनों की जांच की जाएगी। पात्र आवेदकों को 21 से 29 जुलाई के बीच निर्धारित धनराशि का 10 प्रतिशत बतौर जमानत राशि जमा करनी होगी। इसके बाद 30 जुलाई से तीन अगस्त तक जमानत राशि का सत्यापन किया जाएगा।

चार अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से रिक्त भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग ने इच्छुक निवेशकों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया या भूखंड आवंटन से संबंधित जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, ज्ञानपुर कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था जिले में नए उद्योगों की स्थापना, निवेश को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## 24 वर्षीय विवाहिता का कुएं में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में बृहस्पतिवार को सुबह 24 वर्षीय विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों मे कुएं में मिला शव। परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर विवाहिता के ससुराल पक्ष के ऊपर लगाया हत्या का आरोप । दिए गए प्रार्थना पत्र में अशोक पाल पुत्र बसुधा पाल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया की अपनी बेटी के नंद अर्चना देवी पुत्री हरिशंकर पाल 24 वर्ष निवासी परसिधीया महुली थाना कोरांव जिला प्रयागराज की शादी 5 वर्ष पूर्व वीरेंद्र पाल निवासी मड़वा धनावल थाना ड्रमंडगंज के साथ करवाया था। मृतक अर्चना देवी को एक लड़का एक लड़की है। फिर भी अर्चना देवी का पति वीरेंद्र पाल व सांस व देवर पवन व ओझा पाल ने मिलकर दहेज के लिए अत्यधिक प्रताड़ित करते थे तथा दिनांक 9/07/2026 को सुबह करीब 7:00 बजे दिन में अर्चना देवी को उक्त चारों लोग मिलकर मारपीट कर हत्या कर दिए तथा लाश छुपाने के लिए लाश को कुए में डाल दिए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मीरजापुर ने मुझे बनाया': दिव्या मित्तल

## विंध्यधाम पहुंचीं दिव्या मित्तल, हुईं भावुक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**विंध्याचल (मीरजापुर)।** मीरजापुर की पूर्व जिलाधिकारी एवं वर्तमान में राजस्व विभाग की स्पेशल सेक्रेटरी दिव्या मित्तल वर्षों बाद गुरुवार को मां विंध्यवासिनी धाम पहुंचीं। मां के दरबार में दर्शन-पूजन के दौरान वह भावुक नजर आईं। उन्होंने मंदिर की पहली सीढ़ी को स्पर्श कर प्रणाम किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जनपद की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के बाद दिव्या मित्तल मां गंगा के पक्का घाट भी पहुंचीं, जहां उन्होंने अपने कार्यकाल में लगाए गए कल्पवृक्ष को देखा और मां गंगा को नमन किया। इस दौरान वह कुछ देर ध्यानमग्न रहीं और अपने जिलाधिकारी कार्यकाल की यादों में खो गईं। उन्होंने उस समय आयोजित विंध्य महोत्सव और गंगा महोत्सव को याद करते हुए कहा कि दीवान घाट की भव्य सजावट और आतिशबाजी आज भी उनकी स्मृतियों में ताजा है।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, 'मीरजापुर से जाने के बाद पहली बार यहां आने का अवसर मिला है। पहले भी यहां आकर भावुक हो जाती थी और आज भी वैसा ही महसूस कर रही हूं। मां विंध्यवासिनी के दर्शन मेरे लिए सौभाग्य की बात है। विंध्य कॉरिडोर की परिकल्पना मेरे सामने शुरू हुई थी। आज इसका विकसित और भव्य स्वरूप देखकर बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने बताया कि वह पूरा दिन मीरजापुर में बिताएंगी और अगले दिन रवाना होंगी। वर्तमान में राजस्व विभाग में स्पेशल सेक्रेटरी के रूप में कार्यरत दिव्या मित्तल ने कहा कि प्रस्तावित नए कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण लंबे समय से लंबित है। उन्होंने आश्वस्त किया कि परियोजना में आ रही बाधाओं को दूर कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा हो सके।

मीरजापुरवासियों के प्रति अपना स्नेह व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, 'जितना मीरजापुर मेरा प्रशंसक है, उससे कहीं अधिक मैं मीरजापुर की प्रशंसक हूं। आज मैं जो भी हूं, मीरजापुर की वजह से हूं। इसी जनपद ने मुझे बनाया, तराशा और पहचान दी। यहां की जनता का स्नेह मैं जीवनभर नहीं भूल सकती।' उन्होंने कहा कि स्थानांतरण के समय मीरजापुर की जनता ने उन्हें जो सम्मान और प्रेम दिया, वह उनके जीवन की अमूल्य धरोहर है। दिव्या मित्तल ने मां विंध्यवासिनी से जनपद और विंध्याचल की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते हुए सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की। गौरतलब है कि मीरजापुर से उनके स्थानांतरण के समय उनकी विदाई ऐतिहासिक रही थी। बड़ी संख्या में लोगों ने भावुक होकर पुष्पवर्षा के बीच उन्हें विदाई दी थी। उनकी लोकप्रियता का वह दृश्य आज भी

# जिलाधिकारी ने चार बड़े विक्रय विलेखों का किया स्थलीय निरीक्षण

## स्टांप देयता एवं संपत्तियों के मूल्यांकन की गहन जांच, सभी प्रकरणों में मूल्यांकन पाया गया सही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा जनपद में पंजीकृत बड़े विलेखों में से 4 विक्रय विलेख का स्टांप देयता की दृष्टि से स्थल निरीक्षण किया गया। तहसील ज्ञानपुर स्थित मौजा जौहरपुर स्थित आराजी संख्या 145 रकबा 655.07 वर्ग मीटर अकृषक भूमि जी टी रोड पर सेगमेंट की दर से और चारदीवारी दिखाते हुए तथा आस पास व्यवसायिक गतिविधि दर्शाते हुए 12696960/ प्रतिफल और 22296000/ मूल्यांकन निर्धारित कर 1561000/ का स्टांप शुल्क अदा करते हुए 17 जून 2026 को निबंधन कराया गया था। स्थल निरीक्षण में विकृत भूमि का मूल्यांकन सही पाया गया।

तहसील भदोही के 3 विक्रय विलेखों का भी स्थल निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। मौजा महबूबपुर स्थित आराजी संख्या 36 रकबा 1750 वर्ग मीटर अकृषक भूमि प्रतिफल 12000000/ मूल्यांकन 12778000/ निर्धारित कर 895000/ का स्टांप शुल्क अदा कर 17 जून 2026 को निबंधन कराया गया है। स्थल निरीक्षण में मूल्यांकन सही पाया गया। इसी प्रकार मौजा नई बाजार स्थित आराजी संख्या 23/1 मि रकबा 246.282 वर्ग मीटर व्यावसायिक भवन का प्रतिफल 800100/मूल्यांकन 22414000/ निर्धारित कर 1470000/ स्टाम्प शुल्क अदा कर 17 जून 2026 को पंजीयन कराया गया है। स्थल निरीक्षण विलेख का मूल्यांकन सही पाया गया। मौजा कस्बा भदोही स्थित आराजी संख्या 9 मि रकबा 380 वर्ग मीटर अकृषक भूमि प्रतिफल 6000000/ मूल्यांकन 10410000/ निर्धारित कर सेगमेंट की दर से 629000/ स्टाम्प शुल्क अदा कर दिनांक 10 जून 2026 को पंजीयन कराया गया है। स्थल निरीक्षण में विलेख का मूल्यांकन सही पाया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्टांप एवं पंजीयन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने तथा राजस्व की क्षति रोकने के उद्देश्य से बड़े मूल्य के विक्रय विलेखों का नियमित स्थलीय सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पंजीकृत विलेख का मूल्यांकन शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रचलित बाजार दरों के अनुरूप ही सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा राजस्व क्षति पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सहायक महानिरीक्षक निबंधन, भदोही, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर, उप निबंधक भदोही तथा तहसीलदार भदोही सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्व० माता प्रसाद दुबे की मनाई गई 6 वी पुण्य तिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़ मीरजापुर,** मीरजापुर शहर में स्थित होटल स्प्रिंग में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष स्व0 माता प्रसाद दुबे जी की 6 वी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वस्वश माता प्रसाद दुबे की मनाई गई 6 वी पुण्य तिथि। सीखड़ मीरजापुर, मीरजापुर शहर में स्थित होटल स्प्रिंग में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष स्व0 माता प्रसाद दुबे जी की 6 वी पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्य तिथि के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमश एलश सी डॉ मणि संकर पांडेय रहे, मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वश माता प्रसाद दुबे जी जैसा नेता सदियों में कभी कभी आते हैं साथ में उनके साथ अपने विताए पल का भी जिक्र किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्राचार्य राजेंद्र त्रिपाठी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष गंगा सागर दुबे ने किया। अन्त में कार्यक्रम के आयोजक स्व0 माता प्रसाद दुबे जी के ज्येष्ठ पौत्र ईश्श हर्ष नारायण दुबे ने आयें हुए सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया किया एवं कांग्रेस जिला कमेटी के सचिव मनीष दुबे ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा, पूर्व विधायक, भगवती प्रसाद चौधरी, बालेंदु मणि त्रिपाठी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री शिव कुमार पटेल, राजन पाठक पूर्व प्रमुख, राजेश नारायण तिवारी, केदार नाथ दुबे, राजधर दुबे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष, प्रमोद कुमार पांडेय , विजय नारायण सिंह, दीपक उपाध्याय, सुशील कुमार दुबे, पंकज दुबे, अशोक कुमार दुबे, जनार्दन मामा सहित सैकड़ो गणमान्य नागरिक एवं शुभ चिंतको ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## घर में घुसकर मारपीट का आरोप, दो घायल; बुजुर्ग के सिर में गंभीर चोट

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के महुगढ़ी ( पुरानी बाजार) गांव में शनिवार रात लगभग 9.30 बजे कथित रूप से कुछ लोगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में 75 वर्षीय रमाशंकर केसरी तथा महेंद्र केसरी गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष के अनुसार, रामचंद्र केसरी पुत्र शंकर लाल, गोपीचंद केसरी पुत्र शंकर लाल, राम लखन पुत्र शंकर लाल तथा अंकित कुमार पुत्र राम लखन पर आरोप है कि वे घर में घुस आए और टागा, लाठी-डंडे तथा पत्थरों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमले के दौरान 75 वर्षीय रमाशंकर केसरी के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिससे वे मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। महेंद्र केसरी को भी चोटें आईं। घटना की सूचना तत्काल यूपी-112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हलिया भेजा गया। इस मामले में ड्रमंडगंज थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर ठगी के शिकार महिला के खाते में 20,000 की धनराशि कराई गई वापस




**कोन/सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल मार्गदर्शन में थाना कोन की साइबर टीम द्वारा साइबर ठगी की शिकार महिला की संपूर्ण धनराशि वापस कराकर सराहनीय कार्य किया गया।आवेदिका पूजा देवी पत्नी विजय कुमार, निवासी ग्राम कुड़वा, थाना कोन, जनपद सोनभद्र के साथ 50,000 की साइबर धोखाधड़ी हुई थी। घटना के संबंध में पीड़िता द्वारा एनसीआरपी (NCRP) पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होते ही थाना कोन साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर संपूर्ण धनराशि होल्ड कराई गई।

इसी क्रम में 30,000 की धनराशि पूर्व में ही आवेदिका के खाते में वापस कराई जा चुकी थी। तत्पश्चात न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आवश्यक पत्राचार कर शेष 20,000 की धनराशि भी सफलतापूर्वक आवेदिका के बैंक खाते में वापस कराई गई। इस प्रकार आवेदिका की 50,000 की संपूर्ण साइबर ठगी की धनराशि वापस कराई जा चुकी है। धनराशि वापस मिलने पर आवेदिका ने पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), क्षेत्राधिकारी ओबरा एवं थाना कोन साइबर टीम के अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।पूर्व में वापस कराई गई धनराशिः 30,000/- वर्तमान में वापस कराई गई धनराशिः 20,000/- धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, थाना कोन, का0 रोहित यादव, म0का0 स्वधा सिंह शामिल रहे। यदि आप किसी भी प्रकार के साइबर अपराध के शिकार होते हैं, तो तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। त्वरित सूचना देने से धनराशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनीं आमजन की समस्याएं दिये, त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** गुरुवार दिनांक 09.07.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता,02 अभियुक्त गिरफ्तार

## 01 बाल अपचारी को पुलिस ने लिया अभिरक्षा में, कब्जे से चोरी की गई बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चोपन/ सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन गोपाल जी गुप्ता के कुशल नेतृत्व में चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। चोपन पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार एवं 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा उनके कब्जे से चोरी की गई 03 भैंस, 03 पड़िया एवं 01 पड़वा बरामद किया गया। वादी द्वारा थाना चोपन पर भैंसों की चोरी के संबंध में तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर मु0अ0सं0 263/2026, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई।

दिनांक 08.07.2026 को चोपन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम पटेहरा, थाना घोरावल क्षेत्रान्तर्गत विनोद सिंह के खेत के पास पहाड़ी के नीचे नाले के किनारे जंगल से 02 अभियुक्त अमर राज उर्फ अमृत पुत्र राधेश्याम उम्र 22 वर्ष, ग्राम ओदार, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र, बबुन्दर विश्वकर्मा उर्फ बुल्ल पुत्र जितेन्द्र प्रसाद, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम ओदार, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र व बाल अपचारी उम्र लगभग 15 वर्ष (पुलिस अभिरक्षा में)लिया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी की गई 03 भैंस, 03 पड़िया एवं 01 पड़वा बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने उक्त पशुओं की चोरी कर उन्हें जंगल में छिपाकर रखा था तथा अवसर मिलने पर उन्हें बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस द्वारा बरामद पशुओं को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार/अनावरण करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता थाना चोपन जनपद सोनभद्र, उ0नि0 रामज्ञान सिंह यादव थाना चोपन जनपद सोनभद्र,. हे0का0 राजेन्द्र प्रसाद, का0 मन्टु सिंह, का0 सत्यम त्रिपाठी शामिल रहे। सोनभद्र पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सतत जारी है।

## चुनार पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार को वापस दिलाए 17947 की धनराशि

**चुनार, मिर्जापुर।** अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के नेतृत्व में टीम लगातार सक्रिय हैं। इसी कड़ी में चुनार पुलिस और साईबर टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति के साथ हुई 17947 रूपए की साइबर ठगी का खुलासा किया और ठगे गए पैसे वापस दिलाएं। यह मामला कोतवाली क्षेत्र के रेहिया गांव निवासी संगीत सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह ने साइबर टीम को शिकायत पत्र देकर बताया कि अज्ञात साइबर ठग द्वारा उनके साथ 17947 रूपए की आनलाइन ठगी की गई है। पुलिस ने तत्काल शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज करते हुए पीड़ित के खाते को होल्ड कर 9704 रूपए की वापसी सुनिश्चित की। संगीत सिंह ने चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह व पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। डिजिटल इंडिया के दौर में आनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं । चुनार पुलिस ने साइबर ठगों को गिरफ्तार करने और पीड़ितो के पैसे वापस दिलाने के लिए दिन-रात काम कर रही है। इस सम्बन्ध में कोतवाल विजय शंकर सिंह ने लोगों से साइबर सुरक्षा सम्बंधित अपील की है और उन्होंने सलाह दी कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर मोबाइल काल व्हाट्सएप आने वाले लाटरी या लिंक पर क्लिक न करें।

# संक्षिप्त खबरें

## भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, लगे जयकारे

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मन्दिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित भण्डारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। लक्ष्मणपुर ब्लाक अन्तर्गत पूरे पण्डित का पुरवा डांडी में नवनिर्मित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोचार के बीच भगवान श्री सिद्धेश्वर महादेव के साथ ही श्रीगणेश, मां गौरी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा विधिविधान से सम्पन्न हुआ। आचार्य संतोष तिवारी के नेतृत्व में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सम्पन्नता के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन राधेकृष्ण तिवारी ने किया। वहीं राधेश्याम तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, नारेन्द्र तिवारी, नागेन्द्र तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, सत्यम तिवारी, राजीव तिवारी ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागिता की। भण्डारे में पहुंचे भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख संजय तिवारी, प्रधान संघ अध्यक्ष दिनेश सिंह, सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल महेश, विकास मिश्र, अधिवक्ता गिरीश मिश्र, उदयराज तिवारी आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।

## लाईन में खराबी के चलते बाधित रही बिजली, हलाकान हुए ग्रामीण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तैंतीस हजार लाईन में आयी खराबी के चलते विद्युत उपकेन्द्र भटनी की सप्लाई करीब ग्यारह घंटे बाधित रही। विद्युत उपकेंद्र भटनी से जुड़े फीडरों की सप्लाई बुधवार दोपहर करीब एक बजे अचानक ठप हो गयी। जिसके चलते क्षेत्र के भटनी, लकुरी, केदौरा, वीरसिंहपुर, लोहंगपुर, उमरपुर समेत दर्जनों गांवों की सप्लाई बन्द हो गयी। विद्युत सप्लाई रात बारह बजे चालू हो सकी। इससे करीब ग्यारह घंटे लोग हलाकान रहे। अवर अभियंता तीर्थराज सिंह ने बताया कि तैंतीस हजार लाईन में खराबी आ गयी थी। जिसे ठीक कराकर सप्लाई बहाल करा दी गयी। इधर लालगंज विद्युत उपकेंद्र के ग्रामीण फीडर से संचालित तिना फीडर में आयी खराबी के चलते उपभोक्ता रात भर अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। सप्लाई बाधित होने के चलते तिना फीडर से जुड़े करीब आधा दर्जन गांवों की आपूर्ति ठप होने से लोग हलाकान दिखे। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत सप्लाई का कोई रोस्टर नहीं रह गया है। इससे खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## सांड के हमले में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के बढ़नी विकास क्षेत्र में छुट्टा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है। सड़कों पर घूम रहे आवारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और राहगीरों पर हमला कर रहे हैं। बीते दिनों खुरहुरिया गांव में एक सांड के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। खुरहुरिया गांव निवासी बिरसेन चौधरी 12 जून की शाम एक छुट्टा सांड के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पहुंचाया, जहां प्रभारी चिकित्सक डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में उन्हें लखनऊ के केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका ऑपरेशन हुआ। लगभग दस दिन बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई, लेकिन चार दिन घर पर रहने के बाद मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि छुट्टा पशुओं को तुरंत पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, प्रशासन से छुट्टा पशुओं की समस्या पर गंभीरता से कार्रवाई करने और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत इटवा बांसी मार्ग पर गुरुवार को एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर निवासी राजकपूर (25) पुत्र सुमिरन मोटरसाइकिल से इटवा किसी काम से जा रहा था अभी वह गनवरिया टोला के पूरब के पास पहुंचा ही था कि उसकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गयी जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने एंबुलेंस से सीएचसी इटवा लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है: सांसद जगदंबिका पाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 50वीं वाहिनी बलरामपुर द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के महादेव बुजुर्ग के मानपुर गांव में गुरुवार को निःशुल्क पशु चिकित्सा का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना, पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वैज्ञानिक पशुपालन को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। समय पर उपचार, टीकाकरण और उचित देखभाल से पशुओं की उत्पादकता बढ़ती है, जिससे पशुपालकों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में एसएसबी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी गतिविधियों की सराहना करते हुए ऐसे शिविरों को बेहद उपयोगी बताया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया। पशुपालकों को टीकाकरण, संतुलित आहार, स्वच्छता, रोगों की रोकथाम और वैज्ञानिक पशुपालन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सीवीओ एसजी एसएचक्यू गोरखपुर चंदन तालुकदार, 50वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट एवं मेडिकल अधिकारी अरुण चौधरी, सहायक कमांडेंट अजय कुमार, संजय के. पी.दीपक चंद, बढ़नी नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरी, अनिल अग्रहरि, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, नीलू चौधरी, बरकत, लक्की, रमेश गुप्ता, रामपाल सिंह, संजय दूबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पशुपालकों ने भाग लिया।

## वकीलों को भी कैशलेस हेल्थ बीमा दिये जाने की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में गुरूवार को हुई अधिवक्ताओं की बैठक में सरकार से शिक्षकों व कर्मचारियों की भांति वकीलों को भी कैशलेस हेल्थ बीमा योजना से जोड़ने की आवाज उठायी है। बैठक को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की सरकारें अधिवक्ताओ की सुरक्षा के साथ कल्याणकारी योजनाओं के प्रबंधन में भी भेदभाव कर रही है। उन्होने कहा कि सरकार ने प्रदेश के शिक्षकों व शिक्षामित्रों के साथ कर्मचारियों तक को कैशलेस हेल्थ बीमा योजना से लाभान्वित किया है। इसके बावजूद अधिवक्ताओं को न तो प्रोटेक्शन एक्ट दिया जा रहा है और न ही उनसे जुड़ी चिकित्सीय सुविधा समेत कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश तथा संचालन प्रदेश प्रभारी विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर बेनीलाल शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, संजय सिंह, सुमित त्रिपाठी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, शिवप्रसाद यादव, विपिन शुक्ल, राम अभिलाष यादव, जितेन्द्र कनौजिया, राहुल मिश्र, मो0 असलम, प्रभाकर पाल, गीता सिंह, आभा त्रिपाठी, रमेश पाण्डेय, विजय प्रकाश मिश्र, शैलेन्द्र शुक्ला, अमरनाथ यादव, प्रदीप सिंह, बीडी पटेल, दिनेश सिंह, केबी सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पंचायत सचिव से मारपीट, केस दर्ज

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन में तैनात पंचायत सचिव रविन्द्र कुमार जाटव ने एक व्यक्ति पर मारपीट किए जाने का तहरीर लोटन कोतवाली पर दिए जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लोटन ब्लॉक में तैनात सचिव द्वारा गुरुवार को थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति पर मारपीट का आरोप लगाया गया है।सचिव रविन्द्र कुमार जाटव ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि मैं ब्लॉक सभागार में विभागीय संबंधी आवश्यक कार्य कर रहा था। इसी बीच पीयूष सिंह उर्फ गोलू सिंह निवासी ग्राम परसौना एवं गुड्डू यादव निवासी करमहा ब्लाक सभागार में आकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और मेरे साथ मारपीट करने लगे। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी भी दिए।पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया हैऔर मामले की जांच की जा रही है।

# जमीन विवाद में घायल किशोर की ईलाज दौरान मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना के कोनी में विवादित जमीन पर मेड़ बांधने का विरोध करने पर 8 जुलाई को पट्टीदारों ने किशोर व उसकी मां बहन पर लाठी डंडा कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर घायल किशोर की ईलाज दौरान मौत हो गई और मां व बहन का ईलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। कंधई पुलिस के साथ एएसपी पूर्वी आलोक कुमार सीओ पट्टी मनोज रघुवंशी ने मौका मुआयना किया।कोनी ग्राम निवासी पृथ्वीपाल पटेल का पट्टीदारों से जमीन विवाद चल रहा है।

बुधवार की दोपहर पृथ्वीपाल मुकदमे की पैरवी करने तहसील पट्टी गया, तभी विपक्षी पट्टीदारों ने विवादित जमीन पर मेड़बंदी करने लगे।पृथ्वीपाल पटेल का 14 वर्षीय बेटा प्रवेश पटेल मना करने लगा तो विपक्षियों ने धमकाते हुए उसके घर पहुंच गए और लाठी डंडा कुल्हाड़ी से प्रवेश पटेल पर हमला कर दिया, बीच बचाव करने पहुंची उसकी मां प्रमिला व बहन प्रतिभा 17 को मारपीट कर घायल कर दिया।शोर मचाने पर लोग दौड़े तो उनकी जान बची। घायलों को सीएचसी कोहंडौर ले जाया गया जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल और प्रवेश पटेल की अति गंभीर हालत को देखते हुए एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया।

ईलाज दौरान प्रवेश पटेल की मौत हो गई।मौत की खबर गांव पहुंचने पर तनाव का माहौल हो गया।पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है और शव को पीएम के लिए भेजा है।गांव में भारी पुलिस बल तैनात है।

# चित्रकूट बनेगा शस्त्र और शास्त्र का केंद्र: योगी, सपा- कांग्रेस पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट।** तपोभूमि में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 950 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में डिफेंस कारिडोर बनकर तैयार है। जल्द हम यहां आएंगे और यहां निवेश की शुरुआत होगी। प्रभु श्रीराम की तपोभूमि शस्त्र और शास्त्र के संधान का केंद्र बनेगी। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां सपा के विधायक हैं, वहां कोई विकास के लिए कहने वाला नहीं। सपा को ठेका, पट्टा और जमीन कब्जाने से फुरसत नहीं है।

वे बाबर और औरंगजेब को अपना आदर्श मानते हैं। सनातन का सम्मान नहीं करते। सरकार का दबाव है कि वे अपने मन की कर नहीं पा रहे। चित्रकूट से डबल इंजन सरकार के विधायक-सांसद होते तो और विकास होता। उन्होंने अयोध्या को लेकर सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला कि हमारे प्रभु को काल्पनिक बोलने वाले लोग किस मुंह से आज अयोध्या में आस्था की बात कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को एक तरह से क्लीन चिट देते हुए कहा कि ट्रस्ट के कहने पर ही एसआइटी जांच हुई। जो प्रमाण मिले केवल छह लोग इसमें चोरी करते हुए और दो साजिश में शामिल पाए गए। आठ लोग पकड़े गए। ट्रस्ट ने एफआइआर कराई।

तो फिर पूरे ट्रस्ट को बदनाम करने का औचित्य कहां है। उन्होंने कांग्रेस व सपा को गिरगिट की संज्ञा दी। कन्नौज मेडिकल कालेज से डा. भीमराव अंबेडकर का नाम हटाने को लेकर भी सपा पर निशाना साधा और परिवारवाद-वंशवाद की पार्टी बताई। जनसभा के बाद मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था और लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। साथ में मंडलीय अधिकारियों के साथ नई कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा किया। सीएम निर्धारित समय से 28 मिनट देर से चित्रकूट पहुंचे। वह देवांगना स्थित नए सर्किट हाउस में रात्रि प्रवास करेंगे और गुरुवार सुबह बरहा हनुमान मंदिर से कामदगिरि परिक्रमा करेंगे। सुबह करीब 10:30 बजे वह बांदा चले जाएंगे।

## सिद्धार्थनगर : मैरिज हॉल में पंखे से रस्सी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र स्थित भैसाही गांव के मेजबान गार्डन मैरिज हॉल में गुरुवार दोपहर एक 27 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सचिन विश्वकर्मा (27) पुत्र अमरनाथ विश्वकर्मा, निवासी ग्राम शंकरगढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सचिन ने करीब पांच वर्ष पहले अंशु विश्वकर्मा से प्रेम विवाह किया था। दंपति की तीन वर्षीय पुत्री बनिष्का है।

परिवार पिछले लगभग दो महीने से मेजबान गार्डन मैरिज हॉल में किराये पर रह रहा था।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर मिश्रौलिया थाना प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि घटना के हर पहलुओं की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## आजमगढ़ में सर्पदंश से ढाई वर्षीय मासूम की मौत, इलाज के दौरान रास्ते में तोड़ा दम

**आजमगढ़।** अतरौलिया थाना क्षेत्र के चिस्तीपुर गांव में सर्पदंश से ढाई वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घर में खेलते समय जहरीले सांप के डसने के बाद स्वजन उसे उपचार के लिए अतरौलिया के 100 शैय्या अस्पताल ले गए, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। स्वजन उसे टांडा लेकर जा रहे थे, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। चिस्तीपुर गांव निवासी राजू का ढाई वर्षीय पुत्र उत्कर्ष, जहरीले सांप ने डस लिया। स्वजन आनन-फानन में उसे सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय अतरौलिया लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए टांडा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही मासूम ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

# आजमगढ़ में नरौली के रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**आजमगढ़।** शहर के नरौली तिरंगा चौराहा के पास स्थित एक रेस्टोरेंट में गुरुवार तड़के भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे दूसरे तल को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की चार दमकल गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई।

गनीमत था की घटना के समय होटल में कोई मौजूद नहीं था। नरौली तिरंगा चौराहा के पास संचालित ग्रिल टू चिल रेस्टोरेंट के दूसरे तल पर गुरुवार सुबह करीब पांच बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। कुछ ही देर में धुएं और आग की लपटों ने पूरे तल को अपनी चपेट में ले लिया। रेस्टोरेंट से धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग लगातार विकराल होती चली गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कई घंटे तक लगातार पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। इस दौरान सिधारी थाना पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर आसपास का यातायात डायवर्ट कराया और राहत कार्य में सहयोग किया।

## युवती के अंतिम संस्कार को लेकर बना तनाव, पुलिस के समझाने पर माने पीड़ित

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन विवाद के चलते युवती के शव के अंतिम संस्कार को लेकर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने पर मामला शान्त हो सका। उदयपुर थाना क्षेत्र के खानीपुर पूरे कुशही निवासी मंगल सरोज की पुत्री पूजा सरोज का बीमारी के चलते चण्डीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में निधन हो गया।

परिजन शव को लेकर बुधवार को गांव पहुंचे और गांव में ही अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। इसी बीच आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग पहुंचे और जमीन का विवाद होने के चलते वहां अंतिम संस्कार करने से मना करने लगे। इससे तनाव की स्थिति बन गयी। जानकारी होने पर पुलिस पहुंची और समझा बुझाकर दोनों पक्ष को शांत कराया। इसके बाद अंत्येष्टि के लिए स्थान को चिन्हित कराकर शव का शांतिपूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार कराया। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि विवादित जमीन पर शव के अंतिम संस्कार को लेकर तनावपूर्ण स्थिति बनी थी, लेकिन समझा बुझाकर शांतिपूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार करा दिया गया।

# वर्ष भर की उपलब्धियां पेश कर शिक्षक हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई पट्टी के निर्वाचन के एक वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पट्टी परिसर में सम्मान एवं समीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र के बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। इस अवसर पर बीते एक वर्ष के दौरान संगठन की उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए भविष्य में भी एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी पट्टी गुलाबचंद तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ पट्टी के अध्यक्ष राजमणि यादव एवं प्राथमिक शिक्षक संघ प्रतापगढ़ के जिला कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. पन्नालाल यादव ने पिछले एक वर्ष में संगठन द्वारा किए गए कार्यों, शिक्षक हितों से जुड़े प्रयासों और विभिन्न उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सहयोग और विश्वास ने संगठन को मजबूती प्रदान की है तथा भविष्य में भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। ब्लॉक मंत्री सूर्यमणि ने सभी शिक्षकों के सहयोग एवं विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए संगठन की एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं कोषाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि संगठन प्रत्येक शिक्षक के सुख-दुख और संघर्ष में मजबूती से साथ खड़ा रहेगा तथा शिक्षक हित सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। इस अवसर पर रवींद्र प्रताप सिंह, राकेश कुमार पाल, राजेंद्र पाल त्रिपाठी, सेवानाथ ओझा, शैलेशधर, विजय प्रकाश, नियाज मोहम्मद, कृष्ण कुमार, सुनील आनंद, कमलेश बहादुर सिंह, आलोक कुमार सिंह, संजय वर्मा, सीताराम प्रजापति, लालजी वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम ने वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की तैयारियों को लेकर की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के सीडीओ कार्यालय में बैठक कर आगामी 12 जुलाई 2026 को जनपद में होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पौधरोपण सुनिश्चित करना होगा।उन्होने निर्देशित किया कि पौधरोपण से सम्बन्धित समस्त व्यवस्थायें पूर्व से ही पूर्ण कर ली जाये तथा अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुये जन आन्दोलन का स्वरूप दिया जाये। बैठक में डीएफओ आशुतोष गुप्ता ने बताया कि ‘एक पेड़ माँ के नाम’ की थीम पर शासन द्वारा जनपद को 58 लाख 96 हजार 8 सौ पौधरोपित करने का लक्ष्य आवंटित किया गया था जिसमें से 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 7 लाख 73 हजार पौधरोपित किये गये। उन्होने बताया कि 12 जुलाई को प्रातः 7 बजे से सायंकाल 6 बजे तक वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान के दौरान शेष 51 लाख 23 हजार 8 सौ पौधो का रोपण जनपद में किया जायेगा। उन्होने बताया कि जनपद में वन विभाग के पास कुल 25 पौधशालाएं है जिनमें 85.96 लाख पौधे तथा उद्यान विभाग के पास कुल 02 पौध शालायें है जिनमें 2.40 लाख पौधे है। वन विभाग के पास कुल 65 प्रजातियों के पौधे उपलब्ध है जिनमें शीशम, अमरूद, कंजी, जामुन, केसिया श्यामियां, अर्जुन सहित अन्य पौधे शामिल है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना, उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीएफओ आशुतोष गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मना विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस




**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय पर राष्ट्रीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, के द्वारा नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय में छात्र उदघोष के मुख्य अतिथि के रूप में अजय गुप्ता ने शामिल होकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शो से प्रेरित यह संगठन राष्ट्रभक्ति, सेवा और नेतृत्व की भावना के साथ युवा शक्ति का निरंतर मार्गदर्शन करता रहे, यही मंगलकामना है इस अवसर पर नगर पंचायत बिस्कोहर अधिशाषी अधिकारी अखिलेश दीक्षित, नगर अध्यक्ष अंकुर चतुर्वेदी, नगर मंत्री विकास गुप्ता, नगर सहमंत्री काजल कसौधन, ममता विश्वकर्मा व समस्त विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी की उपस्थिति रहे।

# फर्जी बैनामा कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** थाना लालगंज पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त उमेश सरोज को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत दीवानी रोड़ कस्बा लालगंज के पास से गिरफ्तार किया गया।वादिनी ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करने की नीयत से कूटरचना एवं षड्यंत्र कर किसी अन्य महिला को वादिनी के स्थान पर प्रस्तुत करते हुए फर्जी अंगूठा निशान एवं कूटरचित अभिलेखों के आधार पर उसकी क्रयशुदा भूमि का जाली बैनामा रजिस्ट्री कार्यालय लालगंज से निष्पादित करा लिया। वादिनी का कहना है कि उक्त बैनामे पर अंकित फोटो एवं अंगूठा निशान उसके नहीं हैं तथा अभियुक्तगण उक्त फर्जी बैनामे के आधार पर भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर वादिनी को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। इस संबंध में थाना लालगंज में 04 लोगों पर नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया था।थाना प्रभारी लालगंज आलोक कुमार के नेतृत्व में थाना लालगंज के व0उ0नि0 अरुण कुमार सिंह मय हमराह तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमा से संबंधित 01 अभियुक्त उमेश सरोज पुत्र स्व0 गुलाबचन्द सरोज उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम गोपालपुर मालाघर छत्ता थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत दीवानी रोड़ कस्बा लालगंज के पास से गिरफ्तार किया गया।

## चित्रकूट में ष्टरूयोगी आदित्यनाथ ने की कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा, बंदरों को कराया भोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट।** दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में आस्था और परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान कामदनाथ के दरबार में माथा टेका। नंगे पैर करीब डेढ़ घंटे की कामदगिरि परिक्रमा कर उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया, महाआरती में शामिल हुए और संत-महंतों का आशीर्वाद लिया। परिक्रमा के दौरान मुख्यमंत्री ने बंदरों को केले खिलाए और बच्चों को टाफियां बांटकर स्नेह भी जताया। बुधवार रात न्यू सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद मुख्यमंत्री सुबह 7:25 बजे बरहा हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां श्रीराम-जानकी मंदिर में दर्शन-पूजन और आरती के बाद उन्होंने कामदगिरि परिक्रमा शुरू की। परिक्रमा मार्ग में सरयू धारा पर कुछ देर ध्यानमग्न होकर बैठे। इसके बाद कामदनाथ के प्रमुख मुखारबिंद में मंदिर व्यवस्थापक संत मदन गोपालदास के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की। आगे प्राचीन मुखारबिंद और तृतीय मुखारबिंद में भी दर्शन कर आरती में शामिल हुए, जहां प्रमुख पुजारी भरतदास महाराज ने उनका पूजन कराया। परिक्रमा के दौरान मुख्यमंत्री ने कामदगिरि की प्राकृतिक छटा का अवलोकन किया। बरहा हनुमान मंदिर में संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन करने के बाद वे कामदगिरि महाआरती स्थल पहुंचे, जहां विपिन विराट महाराज के नेतृत्व में ब्राह्मण बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने यहां भगवान कामदनाथ की महाआरती में सहभागिता की। पूरे परिक्रमा मार्ग पर स्थित मठ और मंदिरों में संत-महंतों ने तिलक लगाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर यूपी और मध्य प्रदेश पुलिस की पांच स्तरीय सुरक्षा तैनात रही। श्रद्धालु मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए मार्ग के दोनों ओर खड़े दिखाई दिए।

परिक्रमा के दौरान लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, आलोक पांडेय, अश्वनी आवस्थी, एडीजी प्रयागराज जोन ज्योति नारायण, मंडलायुक्त अजीत कुमार, डीआईजी राजेश एस, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। परिक्रमा पूरी करने के बाद मुख्यमंत्री न्यू सर्किट हाउस लौटे और वहां से सुबह 10:35 बजे चित्रकूट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से विशेष विमान से बांदा के लिए रवाना हो गए।

## थाना उदयपुर पुलिस द्वारा 08 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** थाना उदयपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त पवन कुमार सिंह पुत्र शिवदर्शन सिंह निवासी ग्राम पूरे सिरोही मजरे मंगापुर, कमलेश चौरसिया पुत्र रामनरेश चौरसिया निवासी ग्राम पूरे बसन्दर मजरे मंगापुर को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।दो और वारण्टी अभियुक्तों, भारत सिंह पुत्र रामनाथ सिंह उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम जोगापुर नोनार,लल्लन सिंह पुत्र रामनाथ सिंह उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम जोगापुर नोनार थाना उदयपुरको उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

दो अन्य वारण्टी अभियुक्तों अखिलेश कुमार विश्वकर्मा पुत्र सदाशिव विश्वकर्मा उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम बीरगढ़ पूरे भगवत ,रामू उर्फ दिलीप विश्वकर्मा पुत्र राजकुमार विश्वकर्मा उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम बीरगढ़ पूरे भगवत को ग्राम वीरगढ़ के अगवान वीर बाबा स्थान के पास से गिरफ्तार किया गया।ऐसे ही दो वारण्टी अभियुक्तों जितेन्द्र सिंह पुत्र भानु प्रताप सिंह निवासी ग्राम पूरे शिववंश खानीपुर उम्र करीब 30 वर्ष व सुबेदार सिंह पुत्र शिवबहादुर सिंह निवासी ग्राम बड़ा का पुरवा खानीपुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 26 वर्ष को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आठों वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर हवाले हवालात कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### 16 जुलाई को चौपारण में निकलेगी श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** प्रखंड में आगामी गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं रथयात्रा समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन भी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है।जानकारी के अनुसार रथयात्रा चौथी मोड़ से प्रारंभ होकर बीघा बाजार मार्ग होते हुए मौसीबाड़ी मंदिर तक जाएगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात व्यवस्था तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के उद्देश्य से प्रशासन ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।प्रशासन की ओर से बीगहा बाजार के सभी दुकानदारों एवं आम नागरिकों से अपील की गई है कि 16 जुलाई (गुरुवार) को सड़क के किनारे किसी भी प्रकार की दुकान, ठेला, वाहन अथवा अन्य अतिक्रमण न करें। उक्त दिन सड़क के आसपास बाजार लगाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा, ताकि रथयात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके और आम ग्रामीणों तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।प्रशासन ने सभी व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें और धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं।

### बिहार टेंडर घोटाले में रिशुश्री को झटका, जमानत याचिका खारिज

**पटना।** बिहार के बहुचर्चित टेंडर घोटाले में गुरुवार को अदालत में अहम घटनाक्रम देखने को मिला। निगरानी के विशेष न्यायाधीश अतुल कुमार सिंह की अदालत ने जेल में बंद ठेकेदार रिशुश्री की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने बुधवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था, जिस पर गुरुवार को आदेश सुनाया गया। जमानत याचिका खारिज होने के बाद फिलहाल रिशुश्री को जेल में ही रहना होगा। यह मामला राज्य के चर्चित टेंडर घोटाले से जुड़ा है, जिसकी जांच विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) कर रही है। इसी मामले में आरोपित आईएएस अधिकारी संजीव हंस की अग्रिम जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब अदालत इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई करेगी, जिस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

### बिहार के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी, अब 12 घंटे मिलेगी सस्ती बिजली

**पटना।** बिहार में सूखे जैसे हालात और सिंचाई की बढ़ती चुनौतियों के बीच राज्य सरकार ने किसानों के लिए बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक एग्रीकल्चर फीडर के जरिए 12 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए। सरकार के इस फैसले से खासतौर पर उन किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है, जो बारिश की कमी के कारण सिंचाई को लेकर परेशान हैं। अब खेतों तक पर्याप्त बिजली पहुंचने से पटवन का काम आसान हो सकेगा। राज्य सरकार पहले से ही कृषि उपभोक्ताओं को बेहद रियायती दर पर बिजली उपलब्ध करा रही है। किसानों को कृषि कनेक्शन पर करीब 55 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली मिल रही है। सरकार के अनुसार किसानों को बिजली दर में लगभग 93 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इसका उद्देश्य खेती की लागत कम करना और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाना है। बिहार में अब तक 2,700 से अधिक एग्रीकल्चर फीडर स्थापित किए जा चुके हैं। इन फीडरों के जरिए सिंचाई के लिए अलग और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

# नन्हा सा दिल अभियान से बच्चों को मिलेगा नया जीवन

## 11 से 22 जुलाई तक विशेष शिविर, हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का होगा निःशुल्क उपचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** हृदय रोग से पीड़ित 0 से 18 वर्ष के बच्चों को समय पर पहचान कर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बरही प्रखंड में 11 से 22 जुलाई तक नन्हा सा दिल अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर बच्चों की जांच की जाएगी तथा जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह अभियान श्री सत्य साई अस्पताल, छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है। अनुमंडलीय अस्पताल बरही में आयोजित प्रेस वार्ता में उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि अभियान के तहत प्रखंड की सभी पंचायतों में कुल 30 विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की निःशुल्क जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि कई बार जन्मजात हृदय रोग के लक्षण सामान्य बीमारी समझकर नजरअंदाज कर दिए जाते हैं, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है। इसलिए जिन बच्चों में धड़कन तेज चलना, शरीर या होंठों में नीलापन दिखना, वजन नहीं बढ़ना, बार-बार सर्दी-खांसी या निमोनिया होना, सांस लेने में परेशानी होना अथवा दूध पीते समय अत्यधिक पसीना आना जैसे लक्षण दिखाई दें, उन्हें अवश्य शिविर तक पहुंचाना चाहिए। आरबीएसके के मेडिकल ऑफिसर डॉ. मो एजाज ने बताया कि शिविरों में प्रारंभिक स्क्रीनिंग के बाद संदिग्ध बच्चों की इको सहित विशेषज्ञ जांच कराई जाएगी। यदि किसी बच्चे में जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि होती है तो उसे श्री सत्य साई अस्पताल भेजा जाएगा, जहां उसका ऑपरेशन एवं संपूर्ण उपचार पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में चार बच्चों तथा वर्ष 2026-27 में अब तक दो बच्चों का सफल ऑपरेशन कराया जा चुका है, जिससे कई परिवारों को राहत मिली है। वहीं आरबीएसके के मेडिकल ऑफिसर डॉ. मेराजुल इस्लाम व डॉ. अमन कुमार ने बताया कि वर्तमान में 15 सक्रिय मरीजों की पहचान की जा चुकी है और उनकी नियमित निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि समय पर पहचान और उपचार मिलने पर जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चे भी सामान्य जीवन जी सकते हैं। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि निजी अस्पतालों में ऐसे उपचार पर लाखों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन इस योजना के अंतर्गत जांच, विशेषज्ञ परामर्श, ऑपरेशन, दवा, अस्पताल में भर्ती, आवास, भोजन तथा बच्चे के साथ दो परिजनों के आने-जाने तक का पूरा खर्च संस्था द्वारा वहन किया जाता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें निकटतम शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित न रह जाए। प्रेस वार्ता में डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी के अलावा डॉ. एजाज, डॉ मेराजुल इस्लाम, डॉ. अमन कुमार मौजूद थे।

## रांची के अशोक नगर में चोरी की कोशिश नाकाम



### बॉडीगार्ड अपनी ही लाइसेंसी पिस्तौल से चली गोली से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंडः-** राजधानी रांची के अशोक नगर रोड नंबर-5बी स्थित स्थानीय निवासी नितेश प्रियदर्शी के आवास पर देर रात चोरी का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, दो अज्ञात चोर चोरी की नीयत से घर के परिसर में प्रवेश करने की फिराक में थे। इसी दौरान सुरक्षा में तैनात बॉडीगार्ड ने अपराधियों को डराने तथा आत्मरक्षा के उद्देश्य से अपनी लाइसेंसी हथियार निकालकर फायरिंग करने का प्रयास किया। बताया जाता है कि इस दौरान आपाधापी और अफरा-तफरी में अचानक हथियार से गलती से गोली चल गई, जो सीधे बॉडीगार्ड को ही लग गई। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर घटनास्थल पर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनते ही दोनों अज्ञात चोर मौके का फायदा उठाकर अंधेरे का लाभ लेते हुए फरार हो गए।

घायल बॉडीगार्ड को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा फरार चोरों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

## अमजोरा में आंगनबाड़ी सेविका का हुआ चयन

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** गुरूवार को नारायणपुर प्रखंड के अमजोरा आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन की प्रक्रिया आयोजित हुई। इस अवसर पर सीओ सह सीडीपीओ देवराज गुप्ता, पंचायत के मुखिया व पंसस प्रतिनिधि पान मरांडी , हबीब अंसारी, महिला पर्यवेक्षिका नियुति दास, कविता कुमारी, दलगोविंद रजक व ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर सीओ देवराज गुप्ता ने ग्रामीणों को आंगनबाड़ी सेविका चुनाव की प्रक्रिया से अवगत कराया और तय प्रावधान के अनुरूप आंगनबाड़ी सेविका के पद पर मोनिका कुमारी का चयन हुआ। चयन के लिए मोनिका कुमारी, कुमकुम कुमारी, पिंकी कुमारी और नाजमा खातून के आवेदन आए थे। प्रावधान के अनुरूप मोनिका कुमारी का चयन हुआ। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका नीयुति दास ने कहा कि प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद चयनित आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के साथ मिलकर बढ़िया ढंग से केंद्र संचालन करें और मिलकर बच्चों को शिक्षा देने का कार्य करें।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के आलोक में 110 गर्भवती महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 जुलाई को प्रखंड के विभिन्न सुदूर ग्रामीण इलाकों की 110 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टर वसीम रजा ने किया। मिली जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान वजन, रक्त परीक्षण, रक्तचाप, आयरन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई और आवश्यकता के अनुरूप दवाएं भी दी गई। इस स्वास्थ्य जांच में स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मंजर आलम, गंगाशरण साह, तकनीशियन नियोग प्रसाद, अटल प्रसाद, शैलेन्द्र सोरेन, अलख निरंजन प्रसाद, राजकुमार, योगेश प्रसाद, नर्स एवं मेडिकल स्टाफ का पूरा सहयोग रहा। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण प्रत्येक माह की 9 तारीख को किया जाता है। यदि किसी कारणवश कोई गर्भवती महिला निर्धारित तिथि को जांच के लिए नहीं आ पाती है, तो वह उसी माह के अंतिम सप्ताह में पुनः जांच करा सकती है। गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य साहिया के साथ निर्धारित तिथि पर जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचती हैं। जांच के उपरांत चिकित्सकों ने महिलाओं को मौसमी फल, हरी सब्जियां तथा ताजा एवं पौष्टिक भोजन समय पर खाने की सलाह दी। साथ ही गर्भवती महिलाओं को भारी काम नहीं करने तथा शारीरिक स्फूर्ति बनाए रखने के लिए केवल हल्के घरेलू कार्य, जैसे झाड़ू लगाना और बर्तन धोना, करने की सलाह दी। स्वास्थ्य परीक्षण से गर्भवती महिलाओं को होने वाले लाभ के संबंध में पूछे जाने पर चिकित्सकों ने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच से गर्भावस्था के दौरान संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान हो जाती है, जिससे सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने में काफी सुविधा मिलती है।

## हथियार तस्करी नेटवर्क का खुलासा, बरही पुलिस ने गिरोह के सदस्य को किया गिरफ्तार

### बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी, रामगढ़ से हथियार लाकर बेचने की थी तैयारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईयाधमना गांव में पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को देशी रिवॉल्वर, जिंदा कारतूस और मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर ने गुरुवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि 8 जुलाई 2026 को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी रामगढ़ जिले से अवैध हथियार कम कीमत पर खरीदकर हजारीबाग जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अधिक कीमत पर बेचने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के अनुसार गिरोह का एक सदस्य बरही थाना क्षेत्र के रसोईयाधमना गांव में अपाचे मोटरसाइकिल से हथियार और कारतूस बेचने का प्रयास कर रहा था। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। तकनीकी शाखा से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम रसोईयाधमना पहुंची। वहां एक व्यक्ति अपने घर के पास मोबाइल पर बात कर रहा था। पुलिस वाहन को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन पुलिस बल ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी ने अपनी पहचान मो. आमिर सोहैल उर्फ राजा बाबू पिता यूनुस अंसारी रसोईयाधमना थाना बरही निवासी के रूप में बताई। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक गिरोह बनाकर रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र से अवैध हथियार खरीदकर हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों को ऊंचे दाम पर बेचने का काम करता है।आरोपी ने गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम सकलैन रजा उर्फ सकलेन कुरैशी, इबरार, बाबर तथा मुनाजिर हुसैन उर्फ बबलू बताए हैं। पुलिस इन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।बरामद सामान में एक देशी रिवॉल्वर, दो जिंदा कारतूस, एक मिसफायर कारतूस, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पंजीकरण संख्या जेएच 02 एएम 5798 शामिल है। इस अभियान में एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर, बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुमीत साव, राजबल्लभ कुमार, सुशील कुमार, दीपक कुमार, रूपलाल यादव सहित बरही थाना के सशस्त्र बल एवं चालक शामिल थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## स्व. रामेश्वर सिंह की 70वीं जयंती पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** जनजागरण केंद्र बरही पंचमाधव में समाजसेवी सह संस्था के संस्थापक स्वर्गीय रामेश्वर सिंह की 70वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके सामाजिक योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनजागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह ने की। कार्यक्रम में स्व. रामेश्वर सिंह की पत्नी शारदा सिंह, प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप, जदयू नेता चंद्रमोहन पटेल, जनजागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह, अर्जुन मेहता मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार उमेश प्रताप ने कहा कि स्व. रामेश्वर सिंह का व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्रोत था। उन्होंने सामाजिक सरोकारों को हमेशा प्राथमिकता दी और जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उनके विचार और कार्य आज भी समाज को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। जदयू नेता चंद्रमोहन पटेल ने कहा कि स्व. रामेश्वर सिंह हमेशा बेसहारा और जरूरतमंद लोगों का सहारा बने रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों को समर्पित कर दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का समग्र विकास संभव है। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन मेहता ने कहा कि स्व. रामेश्वर सिंह ने समाज के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। जनजागरण केंद्र के माध्यम से उन्होंने शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने से लेकर कई लोगों को जीविकोपार्जन से जोड़ने का कार्य उन्होंने किया, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। स्व. रामेश्वर सिंह की पत्नी शारदा सिंह ने कहा कि स्व. रामेश्वर सिंह का पूरा जीवन समाज सेवा, गरीबों की सहायता और जनकल्याण के कार्यों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि लोगों का स्नेह और सम्मान ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी थी।

आज उनकी जयंती पर उन्हें याद करते हुए हम सभी उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही उनके पति का जीवन उद्देश्य था, जिसे आगे भी जारी रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए स्व. रामेश्वर सिंह के पुत्र एवं जनजागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह ने कहा कि उनके पिता का सपना समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना था। जनजागरण केंद्र उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इधर जनजागरण केंद्र हजारीबाग में भी स्व. रामेश्वर सिंह की 70वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता बटेश्वर मेहता मौजूद रहे और उन्होंने स्व. सिंह के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि स्व. रामेश्वर सिंह सामाजिक बदलाव के प्रहरी थे। मौके पर काजल कुमारी, कोषाध्यक्ष प्रीति कुजूर, चितरंजन महतो, सुरेश चंद्र महतो, अश्विनी कुमार, विमला देवी, लक्ष्मण कुमार, प्रियांशी कुमारी, अनुज कुमार, रितेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने स्व. रामेश्वर सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ ABVP ने मनाया 78वां स्थापना दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (ABVP) के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, मधुपुर नगर परिषद द्वारा मधुपुर के विभिन्न विद्यालयों एवं स्वामी विवेकानंद मठ में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर परिषद् के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों के बीच कॉपी, कलम एवं चॉकलेट का वितरण किया। साथ ही उन्हें शिक्षा के महत्व, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूक करते हुए जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। स्वामी विवेकानंद मठ में भी बच्चों के बीच अध्ययन सामग्री एवं चॉकलेट वितरित की गई। इस दौरान उन्हें नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने, अच्छे संस्कार अपनाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मधुपुर नगर परिषद के उपाध्यक्ष ऋषभ भारद्वाज, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुदामा यादव, नगर मंत्री सूरज कुमार एवं गुड्डू दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद् के कार्यकर्ता शुभम कुमार, सागर जायसवाल, शौरव कुमार, सुमित कुमार, मुकेश कुमार, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, श्रीधर मंडल, प्रीतम मेहरा, विकास मेहरा, शैलेश कुमार, चंदन कुमार, प्रिंस कुमार सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। नशामुक्त, शिक्षित एवं संस्कारित युवा ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर शिक्षा, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा 'नशा छोड़ें, शिक्षा अपनाएँ – स्वस्थ युवा, सशक्त भारत' का संकल्प लेकर किया गया।

## विद्यार्थियों के बीच साइकिल का हुआ वितरण

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** गुरुवार को कन्या मध्य विद्यालय नारायणपुर में विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर बीडीओ कमलेश कुमार दास ने कुल 41 विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरकार के द्वारा साइकिल मिली है, विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और प्रतिदिन विद्यालय आए। साइकिल वितरण के बाद बीडीओ ने विद्यालय में एमडीएम संचालन व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने रसोइयों से आवश्यक जानकारी हासिल की और कहा कि मीनू के अनुसार विद्यालय में एमडीएम का संचालन होना चाहिए। कोताही बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार, दलगोविंद रजक, सोहन रजक, तापस गोप, अनिश तिवारी आदि उपस्थित थे। वही एक अन्य समाचार के अनुसार मध्य विद्यालय नारायणपुर में भी अष्टम वर्ग के विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गई। प्रधानाध्यापिका संध्या कुमारी एसएमसी अध्यक्ष प्रमोद रवानी ने विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान किया। इस अवसर पर गौरी कुमारी, शेख अकबर, मोहम्मद दानिश, रतन पोद्दार आदि उपस्थित थे। साइकिल मिलने से विद्यार्थी काफी खुश दिखे।

## आधार अपडेट में तेजी लाने के निर्देश, ओवरचार्जिंग पर सख्ती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आधार नामांकन, अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट और विभिन्न विभागों के समन्वय की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि 5 से 17 वर्ष तक के जिन बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है, उनके लिए विद्यालयों में विशेष शिविर लगाकर अभियान तेज किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आयु वर्ग के बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट पूरी तरह निःशुल्क है। उन्होंने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की निष्क्रिय आधार मशीनों को जल्द चालू कराने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशानी न हो। साथ ही सभी आधार केंद्रों पर निर्धारित सेवा शुल्क सूची प्रमुखता से प्रदर्शित करने के आदेश दिए। निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली करने वाले ऑपरेटरों के खिलाफ मशीन ब्लॉक करने और कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बैठक में 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लंबित आधार नामांकन एवं सत्यापन मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लोगों ने पिछले 10 वर्षों में अपना आधार अपडेट नहीं कराया है, वे पहचान एवं पते के दस्तावेज अपडेट अवश्य कराएं, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अगली समीक्षा बैठक से पहले लंबित कार्यों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## टूण्डला में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान का भव्य स्वागत

### मंच से सपा पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** गुरुवार को टूण्डला के सुभाष चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान के प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनका भव्य एवं जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया तथा भारत माता और भाजपा के समर्थन में जमकर नारे लगाए गए। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने विपक्षी समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के मंदिर में दान की चोरी करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने कहा कि जो लोग कभी रामभक्तों पर गोलियां चलवाने का काम करते थे, वही आज इस मामले पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है और मुख्यमंत्री द्वारा मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के चेहरे बेनकाब होंगे और कानून के अनुसार उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित, सुशासन और जनसेवा की राजनीति करती है तथा प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह, सुशील पोनिया, दीपक चौधरी, सचिन जैन, रामतीर्थ चक, किशोर चौधरी,सुनील पाठक, अंकित शर्मा, लोकेश जादौन, भाजपा नगर अध्यक्ष आजाद जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## बलिया में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद का कांग्रेसियों ने किया विरोध,'माफी मांगो' के नारों से गूंजा डाक बंगला

### सात महीने पुराने कथित बयान पर गरमाई राजनीति, पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद के बलिया दौरे के दौरान गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और छात्र नेताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पीडब्ल्यूडी डाक बंगले के बाहर बड़ी संख्या में जुटे प्रदर्शनकारियों ने 'संजय निषाद वापस जाओ' और 'संजय निषाद माफी मांगो' के नारे लगाए। विरोध के चलते करीब एक घंटे तक मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि करीब सात महीने पहले डॉ. संजय निषाद ने बलिया के लोगों को 'अंग्रेजों का दलाल' कहा था। इसी कथित टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता और छात्र नेता मंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग कर रहे थे। हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। एएसपी उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ल और सिटी मजिस्ट्रेट आशाराम वर्मा ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मंत्री से मुलाकात और माफी की मांग पर अड़े रहे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कांग्रेस नेता सागर सिंह राहुल, जैनेंद्र पांडेय, अभिजीत तिवारी 'सत्यम', रूपेश चौबे सहित कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया। इसके बाद माहौल सामान्य हुआ और डॉ. संजय निषाद अपने निर्धारित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। वहीं, डॉ. संजय निषाद ने विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनका विरोध करने वाले लोग 'एक विशेष वर्ग के थे।' इस घटनाक्रम के बाद एक बार फिर मंत्री का पुराना कथित बयान बलिया की राजनीति में चर्चा का विषय बन गया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब तक मंत्री अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, उनका विरोध जारी रहेगा।

# पंजाब पर गृह मंत्री अमित शाह का फोकस

## नए प्रभारी की नियुक्ति के मिले संकेत; 2027 चुनाव से पहले भाजपा खेलेगी बड़ा दांव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में जुटी भारतीय जनता पार्टी अब संगठन को पूरी तरह सक्रिय करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। हाल ही में केवल सिंह ढिल्लों को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अब पार्टी की नजर प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति पर है। पार्टी जल्द ही पंजाब भाजपा को नया प्रभारी दे सकती है। माना जा रहा है कि यह जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के किसी भरोसेमंद और चुनावी अनुभव वाले वरिष्ठ नेता को सौंपी जा सकती है। पंजाब भाजपा पिछले करीब 13 महीने से स्थायी प्रभारी के बिना काम कर रही है। पिछले वर्ष 12 जून को एयर इंडिया विमान हादसे में तत्कालीन पंजाब प्रभारी एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन के बाद यह पद खाली है। सितंबर 2022 में उन्हें पंजाब का प्रभारी बनाया गया था।

**जल्द होगा नाम पर अंतिम फैसला**

पार्टी के एक राष्ट्रीय नेता के अनुसार, भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अगले 10 दिनों में अपनी नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर सकते हैं। इसके बाद विभिन्न राज्यों के प्रभारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इसी क्रम में पंजाब के लिए भी नए प्रभारी के नाम पर अंतिम फैसला होने की संभावना है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि पंजाब में विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। ऐसे में पार्टी ऐसे नेता को प्रभारी बनाएगी, जिसे चुनावी रणनीति, संगठन विस्तार और राजनीतिक समीकरणों का व्यापक अनुभव हो। पंजाब के राजनीतिक घटनाक्रम पर अमित शाह स्वयं लगातार नजर बनाए हुए हैं और अंतिम निर्णय भी उनकी राय से ही होगा।

**समन्वय स्थापित करेगी नई नियुक्ति**

पार्टी का मानना है कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में केवल सिंह ढिल्लों की नियुक्ति के बाद अब संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के लिए नए प्रभारी की तैनाती जरूरी है। नए प्रभारी की जिम्मेदारी संगठन और चुनावी तैयारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की होगी। पिछले महीने दिल्ली में अमित शाह ने पंजाब भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ लंबी बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की थी। इससे संकेत मिले थे कि पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव की कमान और रणनीति पर शाह की सीधी नजर रहेगी।

# संक्षिप्त खबरें

### जालंधर के वरदान अस्पताल फायरिंग का मास्टरमाइंड अरेस्ट

**जालंधर।** जालंधर में कई महीने पहले वरदान अस्पताल पर सरेआम फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले मुख्य आरोपित जोधा को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपित को गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर पकड़ने की कोशिश की गई थी, लेकिन उसने खुद को घिरा देखकर पुलिस टीम पर ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके दाएं पैर में लगी, जिसके बाद उसे काबू कर लिया गया। घायल हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से बत्तीस बोर का पिस्तौल भी बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपित मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिटी इंस्टीट्यूट के नजदीक से गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी कर निगरानी शुरू कर दी। जैसे ही संदिग्ध वहां पहुंचा, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। इसी दौरान आरोपित ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पार्टी पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपित घायल हो गया और मौके पर ही दबोच लिया गया।

### अमृतसर देहात में नाके की ड्यूटी छोड़ शराब के नशे में सोता मिला

**अमृतसर।** अमृतसर में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाली एक गंभीर लापरवाही सामने आई है। बार्डर रेंज के डीआईजी हरमनबीर सिंह गिल के औचक निरीक्षण के दौरान राजासांसी थाना के एसएचओ एएसआई हरजीत सिंह अपनी ड्यूटी छोड़कर थाने के कमरे में शराब के नशे में सोता मिला। हैरानी की बात यह रही कि जिस समय उसकी नाके पर ड्यूटी लगी हुई थी, उस समय वह अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय कमरे में आराम कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी ने मौके पर ही उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दे दिए। जानकारी के अनुसार, डीआईजी हरमनबीर सिंह गिल देर रात देहात क्षेत्र के विभिन्न पुलिस थानों का औचक निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली, अनुशासन और कानून-व्यवस्था से जुड़े प्रबंधों की समीक्षा करना था। इसी क्रम में जब वह राजासांसी थाना पहुंचे तो वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की उपस्थिति और तैनाती की जांच की गई।

### मोहाली के जीरकपुर में अवैध निर्माण पर सख्ती, कई दुकानें और शोरूम किए सील

**जीरकपुर (मोहाली)।** स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण और पार्किंग क्षेत्र के अवैध कमर्शियल इस्तेमाल पर नगर परिषद जीरकपुर ने सख्त कार्रवाई की है। परिषद की टीम ने रहमत होम्स में करीब 27 दुकानों को सील कर दिया। नगर परिषद की इस कार्रवाई के बाद अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है। इन इमारतों के लिए एस प्लस थ्री का नक्शा पास था, लेकिन पार्किंग के लिए छोड़ी गई जगह को दुकानों में बदल दिया गया था। नगर परिषद की बिल्डिंग इंस्पेक्टर शिवानी गोयल ने बताया कि कार्रवाई कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी के निर्देश पर की गई। संबंधित संपत्ति मालिकों को पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सीलिंग की कार्रवाई करनी पड़ी। इसी दौरान प्राइम स्क्वेयर में नियमों का उल्लंघन करने पर एक शोरूम को भी सील किया गया।परिषद अधिकारियों के अनुसार पार्किंग क्षेत्र को दुकानों में बदलने से भवन उपनियमों के साथ-साथ लोगों की सुविधा और सुरक्षा पर भी असर पड़ता है। विभाग ने साफ किया है कि स्वीकृत नक्शे से अलग निर्माण, अवैध कमर्शियल इस्तेमाल और नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### घर में घुसकर चोरी, लाखों के आभूषण लेकर फरार; पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के चकमनदाता हरदेवपुर (पोस्ट धीरपुर) गांव में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पीड़ित चन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र रामकुमार पाण्डेय ने गोपीगंज थाने में दी गई तहरीर में बताया कि रात लगभग 1 बजे से 2 बजे के बीच अज्ञात चोर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि चोरों ने सबसे पहले उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया, जिससे वह बाहर नहीं निकल सके। इसके बाद घर में रखे बक्सों और सूटकेसों को खंगालकर लगभग 35 ग्राम का सोने का हार, 5 ग्राम की सोने की चेन, करीब 4 ग्राम की नथ, लगभग 400 ग्राम की चांदी की पेटी सहित अन्य चांदी के सामान चोरी कर फरार हो गए। बताया गया कि रात करीब 2:25 बजे पीड़ित की माता सिद्धेश्वरा देवी की नींद खुली तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला। शोर मचाने पर परिवार के अन्य लोग जागे और दरवाजा खोलकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था तथा जेवरात गायब थे। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

## रोहिणी इमारत हादसा: मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 4

### आखिर कैसे गिर गई नवनिर्मित बिल्डिंग?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बाहरी दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर-16 में एक पांच मंजिला इमारत बुधवार शाम को भरभरा कर गिर गई। इमारत के मलबे में दबने से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। इमारत गिरने से मौके पर कई लोग दब गए थे, जिन्हें सुरक्षित बचाने के लिए रेस्क्यू चलाया गया। मलबा हटाने का काम अभी भी चल रहा है। संबंधित धाराओं के तहत FIR दर्ज की गई है।

**आखिर कैसे गिर गई नवनिर्मित इमारत?**

नवनिर्मित इमारत गिरने के बाद भवन के ढांचे और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर निगम के एक अधिकारी का कहना है कि निर्माण कार्य पूरा होने के कुछ माह बाद इमारत गिरने का यह अपनी तरह का पहला है, वह भी तब, जब इमारत में कोई बड़ा कार्य नहीं चल रहा था। जानकारी के अनुसार, इमारत का ढांचागत निर्माण कार्य तीन से चार महीने पहले पूरा हो चुका है और फिलहाल फिनिशिंग का कार्य चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों का भी कहना है कि इमारत धंसने के बाद गिरी है, इस कोण से देखा जाए तो भवन गिरने के दो ही कारण हो सकते हैं, एक- ढांचागत खामी और दूसरा निम्न स्तरीय निर्माण सामग्री।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ढांचागत खामी और निम्न स्तरीय निर्माण सामग्री के इस्तेमाल का अंदेशा जताया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह इमारत दो तरफ से खुली (टू साइड ओपन) थी। दोनों ओर छज्जे भी बनाए गए थे। इमारत गिरने के सटीक कारण तो जांच के बाद ही सामने आ पाएंगे, लेकिन भवन निर्माण को लेकर तय नियमों की अवहेलना, नगर निगम की लापरवाही साफ-साफ नजर आ रही है।

## छात्रों ने समझी प्रशासनिक व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटियाला।** जिला प्रशासन की ओर से शुरू किए गए **'चेतना प्रोजेक्ट'** के तहत गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, मॉडल टाउन के विद्यार्थियों ने बुधवार को उपायुक्त (डीसी) कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यों को नजदीक से देखा और प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उपायुक्त डॉ. हिमांशु अग्रवाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों को सरकारी कार्यप्रणाली, प्रशासनिक ढांचे और विभिन्न विभागों के दायित्वों से परिचित कराना है, ताकि वे शासन-प्रशासन को बेहतर ढंग से समझ सकें। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके करियर निर्धारण में भी सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्य, करियर विकल्प और विभिन्न चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की। साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य एवं विद्यार्थियों द्वारा उठाए गए विद्यालय से जुड़े मुद्दों के समाधान का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार शिक्षा क्रांति के तहत सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन का 'चेतना प्रोजेक्ट' विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान और बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उपायुक्त कार्यालय, डीसी कोर्ट, रोजगार कार्यालय, फर्द केंद्र, सेवा केंद्र, पुलिस थाना सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों का अवलोकन किया और उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को अपने सुझाव और अनुभव साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने 'चेतना प्रोजेक्ट' की सराहना करते हुए छ्रुञ्ज, क्कस्ष्ट, मेडिकल तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर उपायुक्त से मार्गदर्शन प्राप्त किया। भ्रमण के बाद विद्यार्थियों ने अपने अनुभव और सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर डिप्टी जिला शिक्षा अधिकारी रविंदरपाल सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार तथा विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## सीनियर सिटिज़न्स के अधिकारों की रक्षा के लिए बनी डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी

### सीनियर सिटिज़न्स हमारे समाज की कीमती संपत्ति हैं - डॉ. नरिंदर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (रूरल डेवलपमेंट) डॉ. नरिंदर सिंह की अध्यक्षता में सीनियर सिटिज़न्स के अधिकारों की रक्षा के लिए बनी डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी की मीटिंग लोकल ऑफिस में हुई, जिसमें जिले के सीनियर सिटिज़न्स को आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई। मीटिंग की शुरुआत में डिस्ट्रिक्ट सोशल सिक्योरिटी ऑफिसर वरिंदर सिंह टिवाना ने बताया कि पंजाब सरकार लुधियाना जिले में लगभग 2.50 लाख सीनियर सिटिज़न्स को हर महीने लगभग 37.38 करोड़ की बुढ़ापा पेंशन का फ़ायदा दे रही है और जिले में लगभग 2.80 लाख नागरिकों को सीनियर सिटिज़न्स कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा, लुधियाना जिले में करीब 700 बेघर सीनियर सिटिजन को 7 ओल्ड एज होम में रखकर उनकी देखभाल की जा रही है। मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे एडिशनल डिप्टी कमिश्नर डेवलपमेंट डॉ. नरिंदर सिंह ने पुलिस डिपार्टमेंट के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे ओल्ड एज होम में रहने वाले सीनियर सिटिजन का पुलिस वेरिफिकेशन करके एक महीने के अंदर डिस्ट्रिक्ट सोशल सिक्योरिटी ऑफिसर को ज़रूरी रिपोर्ट भेजें। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर लुधियाना को निर्देश दिया कि वे जिले की सभी बैंक ब्रांचों में सीनियर सिटिजन की सुनवाई प्रायोरिटी के आधार पर करें और इसके लिए लिखित कार्रवाई करें। उन्होंने सीनियर सिटिजन को होने वाली मुश्किलों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यूअल, नया अकाउंट खोलना, सर्विस सेंटर, हॉस्पिटल, सरकारी और प्राइवेट ऑफिस में सीनियर सिटिजन के लिए अलग लाइन लगवाने का खास ध्यान रखा। उन्होंने आगे कहा कि सभी सब डिविजनल मजिस्ट्रेट सीनियर सिटिजन के मामलों की प्रायोरिटी के आधार पर सुनवाई करें और अपने कोर्ट के बाहर सीनियर सिटिजन के बैठने का सही इंतजाम करें। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर डॉ. नरिंदर सिंह ने असिस्टेंट सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि जिले के सीनियर सिटिजन को सभी सरकारी अस्पतालों में इलाज दिया जाए, वहीं ओल्ड एज होम में रहने वाले सीनियर सिटिजन के हेल्थ चेक-अप के लिए मेडिकल टीमों का शेड्यूल बनाकर जिला प्रशासन के साथ शेयर किया जाए और सीनियर सिटिजन को बेहतर हेल्थ सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने सभी सीनियर सिटिजन से अपील करते हुए कहा कि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी हो तो वे पंजाब सरकार की तरफ से जारी हेल्पलाइन 14567 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने बुजुर्गों की परेशानियों को दूर करने के लिए यह एल्डरलाइन नंबर जारी किया है। इसके अलावा, सीनियर सिटिजन एक्ट 2007 के सेक्शन 20 में मेडिकल केयर और एक्ट के सेक्शन 21 में जान-माल की सुरक्षा पर भी खास चर्चा हुई। मीटिंग के दौरान, डिस्ट्रिक्ट सोशल सिक्योरिटी ऑफिसर श्री वरिंदर सिंह टिवाना ने मौजूद सदस्यों को मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटिजन एक्ट 2007 के बारे में डिटेल में जानकारी दी। इस मौके पर असिस्टेंट सिविल सर्जन विवेक कटारिया, लुधियाना के पुलिस कमिश्नर इंस्पेक्टर बलवंत सिंह, खन्ना के छ्रस्क्कपवन कुमार, लुधियाना के छ्र एडमिन विशाल आनंद, रेड क्रॉस के सेक्रेटरी नवनीत जोशी, लीड बैंक मैनेजर गुरदीप सिंह, डॉ. इंद्रजीत सिंह कोटनिस हेल्थकेयर के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

### स्पीकर कुलतार सिंह संधवान ने गांव धुडी, नांगल और तेहना में पब्लिक मीटिंग कीं

**कोटकपूरा-** पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवान ने अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव धुडी, नांगल और तेहना का दौरा किया और लोगों से सीधे बातचीत की। इस मौके पर पब्लिक मीटिंग के दौरान गांववालों की समस्याओं और मांगों को ध्यान से सुना गया और उनके जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को ज़रूरी निर्देश दिए गए। स्पीकर संधवान ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों की बुनियादी ज़रूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार की जनकल्याण योजनाओं का लाभ हर योग्य परिवार तक पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर स्पीकर कुलतार सिंह संधवान ने ज़रूरतमंद परिवारों को राशन किट भी बांटी और भरोसा दिलाया कि कोई भी ज़रूरतमंद व्यक्ति सरकारी मदद से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं का ज़्यादा से ज़्यादा लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर एक्सियन अरुण शर्मा, जगदेव सिंह सरपंच टहना, जालौर सिंह सरपंच ढुडी, सुखवंत सिंह पक्का, बब्बू सेखों, भोला सिंह टहना ब्लॉक अध्यक्ष, कुलवंत सिंह, बलदेव सिंह खालसा, सुखचैन सिंह, धरमिंदर सिंह सदस्य, बहल सिंह सदस्य, जस्सा सिंह, सुखमंदर सिंह, बलदेव सिंह सदस्य, प्रीतम सिंह, सुखदेव सिंह और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद थे।

## जगराओं ब्रिज पर कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य का सीनियर डिप्टी मेयर ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**लुधियाना-** शहर की लाइफलाइन माने जाने वाले जगराओं ब्रिज पर यातायात को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से चल रहे सड़क निर्माण कार्य का बुधवार को सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैफिक लाइट के समीप एलिवेटेड रोड के एक हिस्से पर कंक्रीट (सीसी) सड़क निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने बताया कि इस हिस्से में बरसात के दौरान पानी जमा होने के कारण सड़क पर बार-बार गड्ढे बन जाते थे, जिससे आम लोगों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए इस भाग का निर्माण कंक्रीट सामग्री से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जगराओं ब्रिज से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क के इस हिस्से के कंक्रीट बनने से यात्रियों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा सड़क की मजबूती भी लंबे समय तक बनी रहेगी। राकेश पराशर ने बताया कि भारी यातायात को देखते हुए निर्माण कार्य चरणबद्ध (फेज़वाइज) तरीके से किया जा रहा है, ताकि ट्रैफिक पूरी तरह बाधित न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो यह कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान तथा स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में शहर के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सतत विकास को ध्यान में रखते हुए शहर भर में अनेक विकास परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।

### दिल्ली में एलबीएस अस्पताल के इलेक्ट्रीशियन ने फंदा लगाकर दी जान

**पूर्वी दिल्ली।** एलबीएस अस्पताल के इलेक्ट्रीशियन ने मंगलवार को घर पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान दीपक कुमार के रूप में हुई है। कल्याणपुरी थाना पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एलबीएस अस्पताल के शव गृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक के स्वजन का आरोप है कि एक जुलाई को इलेक्ट्रीशियन पर अस्पताल के अंदर बिजली उपकरण चोरी करने का आरोप लगा था। परिवार ने इस आरोप को झूठा बताते हुए कहा कि इस आरोप की वजह से इलेक्ट्रीशियन अवसाद में थे। दीपक कुमार अपने परिवार के साथ कल्याणपुरी में रहते थे। परिवार में मां व चार बहन हैं। पिछले 20 वर्षों से दीपक अस्पताल में इलेक्ट्रीशियन की नौकरी कर रहे थे। परिवार ने बताया कि वह बुधवार सुबह दीपक ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। परिवार को लगा कि वह सो रहे हैं। दोपहर एक बजे तक दरवाजा नहीं खोला तो परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घर पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा तो देखा दीपक फंदे के सहारे लटके हुए हैं। उन्हें पुलिस ने उतारा और एलबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## सरकारी अस्पतालों पर हाई कोर्ट सख्त

### दिल्ली सरकार को दिए कड़े निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सरकारी अस्पतालों में करोड़ों रुपये की लागत से खरीदे गए चिकित्सा उपकरणों के वर्षों तक बेकार पड़े रहने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने इसे जनता के पैसों की भारी बर्बादी बताते हुए दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों को ऐसे उपकरणों का ऑडिट कराने और विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की विशेष पीठ ने यह आदेश उस समय दिया, जब दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (डीएससीआई) ने बताया कि पीईटी स्कैन में इस्तेमाल होने वाली पीईटी साइक्लोट्रान मशीन कई वर्षों तक विशेषज्ञ डॉक्टर और जरूरी मंजूरियां नहीं मिलने के कारण बंद पड़ी रही। बताया कि 15.42 करोड़ की लागत से खरीदी गई मशीन का वर्षों तक उपयोग न होना सार्वजनिक संसाधनों की भारी बर्बादी को दर्शाता है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षक शपथपत्र दाखिल कर बताएं कि कौन-कौन से उपकरण उपयोग में नहीं हैं, उनकी खरीद कब और कितनी लागत से हुई, उनका उद्देश्य क्या था और वे अब तक इस्तेमाल क्यों नहीं किए जा सके। यह रिपोर्ट अगली सुनवाई से कम से कम पांच दिन पहले दाखिल करनी होगी। इस मामले की जानकारी न्यायमित्र अशोक अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि पीईटी साइक्लोट्रान मशीन सितंबर 2017 में स्थापित की गई थी, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर के अभाव में अप्रैल 2022 से बंद पड़ी है। उसका लाइसेंस फरवरी 2024 में समाप्त हो गया, जिसे अब तक नवीनीकृत भी नहीं कराया गया। इस मामले की जानकारी न्यायमित्र अशोक अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि पीईटी साइक्लोट्रान मशीन सितंबर 2017 में स्थापित की गई थी, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर के अभाव में अप्रैल 2022 से बंद पड़ी है। उसका लाइसेंस फरवरी 2024 में समाप्त हो गया, जिसे अब तक नवीनीकृत भी नहीं कराया गया।

### दिल्ली में थाना प्रभारी की स्कॉर्पियो में लगी आग, बाल-बाल बचे पुलिस अधिकारी और ड्राइवर

**बाहरी दिल्ली।** दिल्ली में बाहरी-उत्तर जिले के अलीपुर में एक थाना प्रभारी की स्कॉर्पियो गाड़ी में अचानक आग लग गई। गनीमत यह थी कि आग लगने से पहले दोनों पुलिसकर्मी गाड़ी से बाहर निकल गए थे और कोई हताहत नहीं हुआ था। पुलिस के अनुसार, अलीपुर थाना इलाके के खाटू श्याम मंदिर के पास नेशनल हाईवे पर स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई और देखते-देखते गाड़ी धू-धू कर जलने लगी। बुधवार रात करीब 9:30 बजे थाना प्रभारी समयपुर बादली स्थित डीसीपी ऑफिस बैठक खत्म कर थाना वापस जा रहे थे। इस दौरान गाड़ी में अचानक आग लग गई। इस गाड़ी में थाना प्रभारी और चालक सवार थे। इस घटना में थाना प्रभारी मनोज यादव और चालक समेत सुरक्षित हैं। घटना को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। फिलहाल अलीपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर विपक्ष की वोछी राजनीति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सोशल मीडिया एवं आईटी सह प्रभारी शुभम सिंघल ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी को अधार्मिक एवं अनैतिक कृत्य बताते हुए कहा कि निश्चित रूप से इससे सनातन की भावना आहत हुई है। परंतु केंद्र की मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने साफ कर दिया है कि सनातन की भावना से खिलवाड़ करने एवं चंदा चोरी में शामिल लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।श्री सिंघल ने कहा कि इस मामले की गहराई से जांच चल रही है,परंतु इस पूरे प्रकरण में विपक्षी दलों की भूमिका पूरी तरह से नकारात्मक है और उनकी सिर्फ और सिर्फ कोशिश है कि केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार को बदनाम किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने राम मंदिर निर्माण के कार्य में रोड़ा अटकने का कार्य किया,उन लोगों को राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला ज्यादा खल रहा है।कार सेवकों पर गोली चलवाने वाली पार्टी के लोग इस मामले में ज्यादा बेसब्री दिखा रहे हैं।उनका सिर्फ एक ही लक्ष्य है कि इस मामले में भाजपा सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराते हुए उसे बदनाम किया जाए।शुभम सिंघल ने कहा कि जैसे-जैसे जांच प्रक्रिया आगे बढ़ रही है कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं,इसमें विपक्षी दलों के षड्यंत्र का भी पता चल रहा है।जांच प्रक्रिया जारी है,परंतु विपक्षी एवं विरोधी सिर्फ भाजपा एवं राम मंदिर ट्रस्ट को बदनाम करने की नाकाम कोशिश में दिन रात लगे हैं।उन्होंने विपक्षी दलों को राम भक्त न बनने और इस मामले में घड़ियाली आँसू नहीं बहने की नसीहत दी,और कहा कि सरकार इस मामले पर पूरी तरह गंभीर हैं,दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## चंडीगढ़ कोर्ट का कड़ा फैसला, झपटमारों को 5 साल की जेल

### कहा- 'स्नैचिंग समाज के लिए नासूर'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ़।** शहर में स्नैचिंग की घटनाएं काफी बढ़ चुकी हैं। ऐसे में स्नैचिंग के एक मामले में चंडीगढ़ जिला अदालत ने कड़ा फैसला सुनाते हुए दो युवकों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि स्नैचिंग की घटना समाज के लिए नासूर बन चुकी हैं। इन घटनाओं ने सड़क पर चलने वाले लोगों, पैदल यात्रियों और दोपहिया वाहन चालकों के मन में भय पैदा कर दिया है। ऐसे मामलों में नरमी बरतने का कोई आधार नहीं है। अदालत ने दोषियों दड़वा निवासी राहुल सैनी उर्फ छैला और राबिन कुमार उर्फ जट्ट को सजा भुगतने के साथ-साथ 25-25 हजार रुपये जुर्माना भरने के भी निर्देश दिए। यह कार्रवाई 17 फरवरी 2024 की घटना पर हुई है। एफसीआई राजपुरा में मजदूरी करने वाले राम अवध रात करीब 9.40 बजे हल्लोमाजरा लाइट पाइंट से सुंदरनगर स्थित घर की ओर पैदल जा रहे थे। रास्ते में दो युवकों ने उन्हें रोक लिया और उनका मोबाइल, आधार कार्ड और पांच हजार रुपये छीन लिए। आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। करीब एक सप्ताह बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों को पकड़ लिया। उनके कब्जे से पीड़ित का मोबाइल, आधार कार्ड और 1300 रुपये बरामद हुए, जिसकी पहचान शिकायतकर्ता ने मौके पर ही कर ली।

**अदालत ने नहीं मानी दोषियों की दलीलें**

दोनों दोषियों के वकीलों ने उनका पक्ष रखते हुए कहा कि इनकी गिरफ्तारी सात दिन बाद हुई। शिकायत में इनका हुलिया दर्ज नहीं था और बरामदगी के समय कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था। हालांकि, अदालत ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि हर मामले की शिकायत में आरोपित का विस्तृत हुलिया देना कानूनी अनिवार्यता नहीं है। यदि पुलिस अधिकारियों की गवाही विश्वसनीय हो तो केवल स्वतंत्र गवाह न होने से अभियोजन का मामला कमजोर नहीं होता।

# खेत में करंट दौड़ाने से दो की मौत मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के खालसा गांव में खेत की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से लगाए गए बिजली के नंगे तार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत के मामले में बहरिया पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, थाना बहरिया में दर्ज मुकदमा संख्या 130/2026, धारा 105 बीएनएस के तहत नामजद आरोपी नागेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र पृथ्वीपाल सिंह, निवासी ग्राम खालसा, थाना बहरिया, को गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर सरायगनी मोड़ स्थित ईदगाह के पास से दोपहर 12:10 बजे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि जंगली एवं आवारा पशुओं से फसल बचाने के लिए उसने अपने खेत के चारों ओर बिजली के खंभे से अवैध रूप से नंगा तार जोड़ दिया था। उसका कहना था कि उसने कम करंट रहने की सोचकर तार लगाया था, लेकिन भूलवश उसमें अधिक बिजली प्रवाहित हो गई। इसी नंगे तार की चपेट में 8 जुलाई 2026 को गांव के कमलेश कुमार यादव (30 वर्ष) पुत्र सीताराम यादव तथा प्रिंस यादव (14 वर्ष) पुत्र सुरेन्द्र यादव आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। पुलिस का कहना है कि आरोपी द्वारा अपने खेत में अवैध रूप से बिजली का नंगा तार लगाने की बात स्वीकार किए जाने के बाद उसके विरुद्ध साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। मामले में नामजद दूसरे आरोपी की तलाश भी जारी है।

## बिजली विभाग की लापरवाही से मंदिर के गाय की करंट लगने से मौत, लोगों में आक्रोश।

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र के डांडी विद्या नगर में बिजली विभाग की कथित लापरवाही के चलते एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। क्षेत्र स्थित कृष्णेश्वर महादेव मंदिर के सामने गाय की खुले ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से करंट लगने से मौत हो गई।घटना बृहस्पतिवार देर शाम की बताई जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डांडी विद्या नगर स्थित कृष्णेश्वर महादेव मंदिर से कुछ दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप 60 फीट रोड पर 'मोहित शीशा वाले' की दुकान के सामने बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा के लिए लोहे की जाली नहीं लगाई गई है, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।बताया गया कि बृहस्पतिवार देर शाम मंदिर का नंदी परिसर से बाहर निकलकर सड़क किनारे चरते हुए ट्रांसफार्मर के पास पहुंच गया।

# नहर में नहाने गया आईटीआई छात्र डूबा तीन घंटे की मशक्कत के बाद मिला शव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हंडिया (प्रयागराज)।** हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत चौकी अंतर्गत सिधवार रायपुर के पास नहर में नहाने गए 19 वर्षीय आईटीआई छात्र की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस और ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे तक लगातार तलाश अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर छात्र का शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, बरौत क्षेत्र के पूरे गोबई गांव निवासी हिमांशु शर्मा (19) पुत्र संतलाल शर्मा रविवार को अपने साथियों के साथ सिधवार रायपुर के पास नहर में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव की चपेट में आने से डूब गया। साथ मौजूद युवकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर हंडिया पुलिश ग्रामीणों के सहयोग से नहर में करीब तीन घंटे तक लगातार तलाश अभियान चलाया गया। काफी खोजबीन के बाद घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर हिमांशु का शव बरामद कर लिया गया।

# एसीपी ट्रैफिक का सघन चेकिंग अभियान, चार वाहन सीज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और नियमों का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से एसीपी ट्रैफिक निकिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की गहन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान चार वाहनों को सीज कर दिया गया, जबकि संबंधित बसों के चालक और परिचालक कार्रवाई से बचने के लिए वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। चेकिंग अभियान के दौरान बिना वैध दस्तावेज, निर्धारित नियमों का उल्लंघन, यातायात मानकों की अनदेखी तथा अन्य अनियमितताओं पर विशेष नजर रखी गई। पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों की बारीकी से जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की। एसीपी ट्रैफिक निकिता श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क सुरक्षा और आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# बरसात से पहले नालों, सीवर व जल निकासी व्यवस्था की समुचित सफाई कराए प्रशासन : रजनीकांत श्रीवास्तव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नैनी, प्रयागराज।** समाजसेवी रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि बरसात की शुरुआत होते ही विद्यार्थी नगर, चकदोदी सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों में भय का वातावरण बन जाता है। हल्की बारिश होते ही सड़कों, गलियों और घरों में पानी भर जाता है, जिससे लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। जलभराव के कारण आवागमन बाधित होता है तथा नालियों और सीवर की गंदगी पेयजल में मिल जाने से लोगों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि यदि संबंधित विभाग समय रहते नालियों, नालों एवं सीवर लाइनों की नियमित सफाई कराए और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करे, तो हर वर्ष उत्पन्न होने वाली इस गंभीर समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को केवल चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहना चाहिए।उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने के बजाय समन्वय बनाकर स्थायी समाधान की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन को कॉटन मिल मुख्य मार्ग से लेकर अरेल तिराहा होते हुए चकदोदी एवं कसाई मोहल्ला तक नालियों, सीवर लाइनों और जल निकासी मार्गों की तत्काल सफाई करानी चाहिए, ताकि बरसात के दौरान नागरिकों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

# यमुना पुल से नदी में कूदा युवक, जल पुलिस तलाश में जुटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** शहर के यमुना पुल पर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने अचानक पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दी। घटना को देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत इसकी सूचना जल पुलिस और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और नदी में युवक की तलाश शुरू कर दी। स्थानीय लोगों की मदद से नदी के आसपास कई स्थानों पर सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चल सका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक पुल पर कुछ देर तक खड़ा रहा और अचानक नदी में कूद गया। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग उसे रोक नहीं सके। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग पुल पर एकत्र हो गए। जल पुलिस द्वारा नावों की सहायता से नदी में लगातार खोजबीन की जा रही है। साथ ही स्थानीय पुलिस युवक की पहचान करने और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है।

# पावर हाउस में घुसकर परिचालक से मारपीट करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**प्रयागराज।** उतरांव थाना पुलिस ने पावर हाउस में घुसकर परिचालक के साथ मारपीट करने के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया गया। उतरांव पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए उमेश कुमार पुत्र राजमनी उर्फ लल्लू, निवासी ग्राम हकीमपट्टी कजरिहवा पर, थाना हंडिया, को बीडीएस एकेडमी इंटरमीडिएट कॉलेज, भदवा सैदाबाद स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि 4 जून 2026 की रात आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र (पावर हाउस), सैदाबाद में जबरन प्रवेश किया था। आरोप है कि उन्होंने पावर हाउस के परिचालक पर बिजली का शटडाउन करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर परिचालक के साथ मारपीट की गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर थाना उतरांव में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई थी।

# नगर पालिका में नजूल लिपिक पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

## हटाने के आदेश के बावजूद कुर्सी पर जमे होने का दावा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में तैनात नजूल लिपिक सुधीर कुमार रावत के खिलाफ एक बार फिर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना के गंभीर आरोप सामने आए हैं। वार्ड संख्या-18 (सुभाषपुरा) के पार्षद एवं जिला योजना समिति के सदस्य आलोक कुमार जैन मयूर ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि नपाध्यक्ष द्वारा नजूल कार्य से हटाए जाने के स्पष्ट आदेश के बावजूद सुधीर रावत आज भी उसी पद पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर संबंधित कर्मचारी को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार नपाध्यक्ष द्वारा 27 मई 2026 को जारी आदेश (पत्रांक 583(रु)/मु0कार्या0/2026-27) में कनिष्ठ लिपिक सुधीर कुमार रावत को नजूल लिपिक के कार्य से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया था। आदेश में उनके स्थान पर वरिष्ठ लिपिक दीपेन्द्र कुमार को नजूल संबंधी कार्यों का दायित्व सौंपा गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उक्त आदेश के बावजूद सुधीर रावत ने न केवल आदेश का पालन नहीं किया, बल्कि आज भी नजूल सीट पर बने हुए हैं और संबंधित कार्यों का संचालन कर रहे हैं। पार्षद आलोक कुमार जैन ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि सुधीर रावत द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से डिब्बे रखवाकर धन उगाही की जा रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में सब्जी मंडी क्षेत्र में कथित रूप से अवैध वसूली करते हुए उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिसके बावजूद उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों की कथित कृपा के चलते सुधीर रावत को ललितपुर के अलावा तालबेहट और महरौनी क्षेत्रों का अतिरिक्त प्रभार भी मिला हुआ है, जिससे उन्हें महत्वपूर्ण राजस्व संबंधी कार्यों पर प्रभाव बनाए रखने का अवसर मिल रहा है। पार्षद ने यह भी दावा किया है कि वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों के चलते सुधीर रावत पूर्व में तीन बार निलंबित हो चुके हैं और इसका रिकॉर्ड नगर पालिका परिषद के अभिलेखों में उपलब्ध है। शिकायतकर्ता का कहना है कि ऐसे कर्मचारी को दोबारा संवेदनशील और राजस्व से जुड़े पद पर बनाए रखना जनहित के विपरीत है।

शिकायती पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सुधीर रावत की मूल नियुक्ति अनुकम्पा के आधार पर पी.एन. इंटर कॉलेज में लिपिक के पद पर हुई थी, लेकिन उन्हें नगर पालिका में नजूल जैसी महत्वपूर्ण एवं राजस्व से जुड़ी सीट पर तैनात किया गया। पार्षद ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उन्हें तत्काल उनके मूल विभाग में भेजा जाए तथा उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार और आदेशों की अवहेलना के आरोपों की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराकर आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाए।

## दो दिन बाद भी नहीं सुलझा महिला की मौत का रहस्य

**तालबेहट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर के पीछे ऑक्सीजन प्लांट के पास मिली अज्ञात महिला की सड़ी-गली लाश के मामले में दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई अहम सुराग नहीं लगा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। चिकित्सकों ने बिसरा सुरक्षित रखकर जांच के लिए भेज दिया है। मंगलवार सुबह सीएचसी परिसर के पीछे ऑक्सीजन प्लांट के समीप करीब 20 से 25 वर्ष की अज्ञात महिला का अर्धनग्न और सड़ी-गली अवस्था में शव मिला था। शव कई दिन पुराना होने के कारण उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। घटना के बाद से कोतवाली पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम, एसओजी और सर्विलांस टीम लगातार मामले के खुलासे में जुटी हुई हैं। जांच के दौरान पुलिस ने अस्पताल परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले, लेकिन अब तक कोई ऐसा सुराग नहीं मिला, जिससे मृतका की शिनाख्त या घटना की परिस्थितियों का पता चल सके।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज में महा-वृक्षारोपण

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अमरपुर परिसर में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महा-वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्य मंत्री ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। वहीं विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और अधिक से अधिक पौधरोपण समय की आवश्यकता है।

# पं.गौरव तिवारी की पांचवीं पुण्यतिथि पर गरीबों की सेवा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक रमाकांत तिवारी के पुत्र स्व.पं. गौरव तिवारी की पांचवीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को जिला अस्पताल परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उनकी पुण्य स्मृति में अन्नपूर्णा सेवा संघ के माध्यम से अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व.पं. गौरव तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने उनके सरल, मिलनसार एवं समाजसेवी व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में किया गया यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी है। इसके बाद सभी अतिथियों एवं समाजसेवियों ने स्वयं जरूरतमंदों को भोजन परोसकर मानव सेवा का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि किसी प्रियजन की स्मृति में जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और ऐसे आयोजन समाज में सेवा एवं संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष अशोक कुमार पटैरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा ज्योति सिंह लोधी, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि विवेक जैन जिमी, मदनलाल शर्मा, मानव सुरक्षा कल्याण समिति अध्यक्ष अशोक कुमार सोनी, लक्ष्मीनारायण आचार्य, नीरज शर्मा, शत्रुधन यादव, फिरोज इकबाल, रोहित राठौर, राकेश श्रीवास्तव, टिंकल सर्राफ, विनीता बाबा, कपिल घावरी, शुभम शर्मा, सुमित सिंह, शशिकांत तिवारी, विजय राठौर, लक्ष्मीकांत, उमाकांत, विवेक त्रिपाठी, चंद्रकांत, शुभकांत तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, अमित श्रीवास्तव, आफताब कांत, शक्तिकांत, जेपी पाराशर, जयकांत तिवारी, संजय तिवारी उर्फ शिल्लू, अर्पित तिवारी, रुपेंद्र साहू, विष्णुकांत तिवारी सत्तू, देवेंद्र यादव, रानू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्व.पं. गौरव तिवारी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके परिजनों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# जाखलौन में स्व. जितेन्द्र साहू सीए की स्मृति में बहुआयामी सेवा शिविर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** स्व.जितेन्द्र साहू सीए की प्रथम पुण्यतिथि पर ग्राम जाखलौन में बुधवार को समाजसेवा और जनकल्याण को समर्पित बहुआयामी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में देवदूत फाउंडेशन तथा लायंस क्लब ललितपुर (बुन्देलखण्ड) ने सहयोग किया। शिविर के दौरान रक्तदान, देहदान, अंगदान एवं जागरूकता, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नशामुक्ति जनजागरण और वृक्षारोपण जैसे विभिन्न सेवा कार्य संपन्न हुए। कार्यक्रम में स्थानीय शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

वक्ताओं ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। आयोजकों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्था द्वारा यह चौथा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ग्रामीण अंचलों में रक्तदान को लेकर अब भी अनेक भ्रांतियां व्याप्त हैं, जिसके कारण लोग आगे आने से हिचकिचाते हैं। इसके बावजूद शिविर में 3 महिलाओं सहित कुल 13 लोगों ने रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान करने वाली महिलाओं में डा.नयनश्री साहू, सानिया साहू एवं निधि साहू प्रमुख रहीं। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा की चिकित्सा टीम एवं लाल पैथ लैब, ललितपुर यूनिट के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान 150 से अधिक लोगों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डा.छत्रपाल सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डा.विमल कुमार यादव, एल.टी. सूरज कुमार, एल.ए. मनोज सोनी, वार्ड बॉय जितेंद्र राजपूत एवं भवानी यादव सहित सीएचसी स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान एक व्यक्ति ने देहदान का संकल्प पत्र भरकर मानव सेवा का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि स्व. जितेन्द्र साहू की स्मृति में प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार के जनहित एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू, संयोजक ज्योति सिंह लोधी, अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, मंत्री रामस्वरूप पटेल, उपाध्यक्ष अनिल साहू, ट्रस्टी धनंजय यादव, अंकुर शानू बाबा, अखिलेश साहू, मनीष पटवारी, निहाल चन्द्र एवं सब्बीर मंसूरी उपस्थित रहे। वहीं देवदूत फाउंडेशन के संस्थापक डा.अरविंद सिंह बुंदेला अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के अभिनव प्रयासों से ललितपुर बनेगा नया दुग्ध उत्पादन केंद्र

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** सरकार की मंशा को और आगे बढ़ाते हुए जनपद में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित कर पलायन पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नवाचार एवं दूरदर्शी नेतृत्व में 'मिशन दुग्ध शक्ति-ललितपुर' का शुभारंभ किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रारंभ की गई यह महत्वाकांक्षी पहल ललितपुर को प्रदेश के प्रमुख दुग्ध उत्पादन जनपदों में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि ललितपुर जैसे ग्रामीण एवं आदिवासी बहुल जनपद में आर्थिक समृद्धि का सबसे प्रभावी माध्यम स्थानीय संसाधनों पर आधारित आजीविका है। इसी सोच के साथ दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालन को संगठित स्वरूप प्रदान कर ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं एवं सहरिया जनजाति के परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान शुरू किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जोड़कर दुग्ध उत्पादन एवं विपणन की सुदृढ़ व्यवस्था विकसित की जा रही है। समूहों द्वारा गांवों में संचालित दुग्ध संग्रहण केंद्रों के माध्यम से उत्पादित दूध का विपणन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे किसानों एवं पशुपालकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विकासखंड जखौरा के ग्राम बसवां के 21 परिवारों को बैंक वित्तपोषण के माध्यम से बुंदेलखंड की जलवायु के अनुकूल उन्नत नस्ल की भैंसें उपलब्ध कराई गई। वहीं अब तक 529 परिवारों को विभिन्न बैंक शाखाओं के माध्यम से भैंस पालन हेतु ऋण स्वीकृत किया जा चुका है तथा आगामी चरण में एक हजार से अधिक परिवारों को इस योजना से जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए जनपद में एफएओ एवं आईजीएफआरआई के सहयोग से वैज्ञानिक चारा विकास कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही जिन परिवारों के पास पशुशाला की सुविधा नहीं है, उनके लिए पशु शेड निर्माण, पशुओं के उपचार एवं बीमा जैसी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे पशुपालन को सुरक्षित एवं लाभकारी बनाया जा सके। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि यह योजना केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, युवाओं के लिए स्थानीय रोजगार उपलब्ध कराने तथा पलायन रोकने का प्रभावी माध्यम बनेगी। भविष्य में जनपद में पशु मेलों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे लाभार्थी स्वयं अपनी आवश्यकता के अनुसार गुणवत्तापूर्ण पशुओं का चयन कर सकें। इस अभिनव पहल से प्रत्येक लाभार्थी परिवार की मासिक आय में लगभग 8 से 10 हजार रुपये तक की वृद्धि होने की संभावना है। साथ ही परिवारों को शुद्ध दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध होंगे, जिससे पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य में सुधार आएगा। जिला प्रशासन का विश्वास है कि मिशन दुग्ध शक्ति-ललितपुर जनपद को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के साथ-साथ ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता और आर्थिक समृद्धि का सशक्त मॉडल स्थापित करेगा।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार संबंध मजबूत करने पर मोदी का जोर

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई पर ले जाने का बृहस्पतिवार को आह्वान करते हुए ऑस्ट्रेलियाई कारोबारियों से भारत में निवेश बढ़ाने और प्रस्तावित सीईसीए को शीघ्र अंतिम रूप देने की अपील की। मोदी ने मेलबर्न में 'ऑस्ट्रेलिया-इंडिया सीईओ फोरम' और 'इकोनॉमिक रोडमैप बिजनेस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इन कार्यक्रमों को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ संयुक्त रूप से संबोधित किया।भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन कार्यक्रमों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख मुख्य कार्यपालक अधिकारियों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने हिस्सा लिया। सीईओ फोरम को संबोधित करने के बाद मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' 2023 से इस फोरम ने उल्लेखनीय गति हासिल की है, जो हमारी आर्थिक साझेदारी में बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। इस संवाद में शामिल होने और हमारे आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के अपने दृष्टिकोण को साझा करने के लिए मैं प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज का आभार व्यक्त करता हूं। मोदी ने कहा कि उन्होंने विमानन, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, वित्तीय सेवाएं, महत्वपूर्ण खनिज, प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य सुरक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, '' भारत विकास एवं नवाचार के लिए बेजोड़ अवसर प्रदान करता है। मैंने कारोबारियों को भारत में निवेश करने और नवाचार करने के लिए आमंत्रित किया।'' एमईए के बयान के अनुसार, सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत की ''मजबूत आर्थिक वृद्धि, नीतिगत सुधार, डिजिटल बदलाव और बढ़ रहा नवाचार परिवेश ऑस्ट्रेलियाई साझेदारों के लिए नए कारोबारी अवसर पैदा कर रहे हैं।''उन्होंने भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच परस्पर पूरकता का भी उल्लेख किया और विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, खनन, बुनियादी ढांचा, कृत्रिम मेधा, वित्तीय प्रौद्योगिकी और डिजिटल आर्थिक गतिविधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत में उपलब्ध ''व्यापक अवसरों'' को रेखांकित किया। मोदी ने कहा कि भारत का विशाल आकार और ऑस्ट्रेलिया की विशेषज्ञता ''दोनों पक्षों के लिए लाभकारी प्रस्ताव'' है और ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों को भारत में दीर्घकालिक निवेश के अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। एमईए ने कहा, '' उन्होंने भारत में ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों की बढ़ती उपस्थिति का स्वागत किया और इस बात पर जोर दिया कि उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा कौशल विकास में गहरा सहयोग दोनों देशों की प्रतिभाओं को भविष्य के लिए तैयार करने के साथ-साथ उन्हें वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने में भी मदद करेगा।




**मोदी ने मेलबर्न में 'ऑस्ट्रेलिया-इंडिया सीईओ फोरम' और 'इकोनॉमिक रोडमैप बिजनेस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इन कार्यक्रमों को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ संयुक्त रूप से संबोधित किया।भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन कार्यक्रमों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख मुख्य कार्यपालक अधिकारियों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने हिस्सा लिया। सीईओ फोरम को संबोधित करने के बाद मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' 2023 से इस फोरम ने उल्लेखनीय गति हासिल की है, जो हमारी आर्थिक साझेदारी में बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।**

# 45 डिग्री झुकी इमारत, हर पल गिरने का डर, हाथों से मलबा हटाकर जिंदगियां बचा रही एनडीआरएफ

**पुणे(एजेंसी)।**महाराष्ट्र के पुणे में पिंपरी चिंचवड़ के मोशी इलाके में गुरुवार को भी राहत और बचाव का काम चलता रहा। यहां स्थित एक कचरा प्रबंधन संयंत्र की तीन मंजिला इमारत बुधवार को ढह गई थी। मलबे के नीचे से अब तक एक शव को बाहर निकाला गया है। बचाव दल ने नौ लोगों को जिंदा सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। यह इमारत वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के ऊपर बनी हुई थी जिस पर पुराने कचरे का पहाड़ जैसा ढेर गिर गया था। कचरे के इस दबाव के कारण पूरी इमारत जमींदोज हो गई और वहां काम कर रहे करीब 18 लोग मलबे में दब गए थे। हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था। शुरुआती कुछ ही घंटों में सात लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया था। इसके बाद देर रात दो और लोगों को सुरक्षित निकाला गया जिससे बचाए गए लोगों की संख्या नौ हो गई। मौके पर एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीमें लगातार काम कर रही हैं।बचाव अभियान को लेकर एनडीआरएफ की 5वीं बटालियन के कमांडेंट एसबी सिंह ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह एक शव बरामद हुआ है और दो अन्य शवों का पता चल गया है। एसबी सिंह ने कहा, 'एनडीआरएफ अपनी पूरी कोशिश कर रही है। हमने हाथों से खुदाई कर एक संकरी जगह बनाई है और उसी रास्ते से अंदर पहुंच रहे हैं। अब तक तीन शवों का पता चल चुका है जिनमें से एक को बाहर निकाल लिया गया है।' उन्होंने बताया कि दूसरा शव मलबे में दूर से दिखाई दे रहा है लेकिन उसे बाहर निकालने में काफी समय लग सकता है।इमारत का ढांचा पूरी तरह अस्थिर होने के कारण बचाव कार्य में काफी दिक्कतें आ रही हैं। अधिकारियों के अनुसार इमारत लगभग 45 डिग्री तक झुक गई है जिससे उसके दोबारा गिरने का डर बना हुआ है। एसबी सिंह ने कहा, 'हमारी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इमारत दोबारा न गिर जाए। अगर ऐसा हुआ तो बचावकर्मी भी मलबे में फंस सकते हैं। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि अंदर फंसे लोगों पर और मलबा न गिरे।' बचाव कार्य में भारी मशीनों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। मशीनों से होने वाले कंपन के कारण इमारत का बाकी हिस्सा भी गिर सकता है। बचावकर्मी हाथों से ही धीरे धीरे मलबे को हटा रहे हैं ताकि फंसे हुए लोगों और खुद उनकी जान को कोई खतरा न हो।



# बच्चों को ब्रोंकियल अस्थमा से कैसे बचाएं




बच्चों में बढ़ती सांस संबंधी समस्याओं के बीच योग को स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से पीएम ई-विद्या पर एक विशेष कार्यक्रम 'योगशक्ति-बच्चों में ब्रोंकियल अस्थमा का योगिक प्रबंध' आयोजित किया गया है। इस लाइव सत्र में योग विशेषज्ञों ने बच्चों में ब्रोंकियल अस्थमा के प्रबंधन में योग की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की तथा उपयोगी योगाभ्यासों का प्रदर्शन भी किया गया। एनसीईआरटी के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन 7 जुलाई 2026 की सुबह पीएम ई-विद्या चैनल 6 से 12 पर किया गया। यह सत्र विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक सभी लोगों के लिए उपयोगी रहा। इस कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ कृष्ण कुमार गुप्ता, योग प्रशिक्षक एवं एमडीएनआईवाई के पूर्व छात्रों ने स्कूली बच्चों के लिए उपयुक्त योग पद्धतियों और उनके लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों के साथ बच्चों को संवाद का अवसर भी मिला। गौरतलब है कि योग को समग्र स्वास्थ्य और जीवनशैली का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है। विभिन्न अध्ययनों में यह संकेत मिला है कि चिकित्सकीय उपचार के साथ पूरक रूप में अपनाए जाने पर योग बच्चों में अस्थमा से जुड़े कुछ लक्षणों और फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार लाने में सहायक हो सकता है। यह पहल विद्यार्थियों और अभिभावकों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम से जुड़कर प्रतिभागी यह जान सके कि नियमित योगाभ्यास किस प्रकार बच्चों के समग्र स्वास्थ्य, श्वसन क्षमता और मानसिक संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक हो सकता है। अभी 21 जून को ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनियाभर में मनाया गया था। इस अवसर पर देशभर में बड़े पैमाने पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम के अनुरूप लोगों ने स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक संतुलन के लिए योग अपनाने का संकल्प लिया। बड़ी संख्या में छात्रों के सामूहिक योग सत्र आयोजित हुए।

योग प्रशिक्षकों ने प्राणायाम, आसन और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों के मुताबिक कि नियमित योग अभ्यास तनाव कम करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक है।

# साइटिका के दर्द में राहतकारी समय पर जांचचार

साइटिका कोई गंभीर बीमारी नहीं, बल्कि साइटिक नर्व पर दबाव या जलन होने के कारण अलग तरह का कमर दर्द होने की स्थिति है। साइटिका व्यक्ति की रोजमर्रा की गतिविधियों को भी प्रभावित करता है। लेकिन सही समय पर जांच और उपचार से अधिकांश मरीजों में सुधार संभव है। नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अधिकांश लोग सामान्य जीवन जी सकते हैं। असल में हमारी रीढ़ की हड्डी कई छोटी-छोटी कशेरूकाओं या मनकों से बनी होती है। कमर के हिस्से में एल-4, एल-5, एस-1, एस-2, एस-3 जैसे मनके होते हैं। इन मनकों के बीच एक नरम डिस्क और बहुत पतली नसें होती हैं, जो झटकों से बचाने का काम करती है। साथ ही इनके बीच से बहुत पतली नसें निकलती हैं, जो आगे जाकर आपस में मिल जाती हैं और साइटिक नर्व बनाती हैं। शरीर की सबसे बड़ी और सबसे लंबी नस साइटिका कमर से निकलकर कूल्हों, जांघों, पिंडलियों और पैरों तक जाती है। कई कारणों से साइटिका नस के दबने पर उसमें सूजन-जलन के साथ असहनीय दर्द होने लगता है।आयुर्वेद में साइटिका को गृध्रसी रोग कहा जाता है और इसे वातजन्य रोगों की श्रेणी में रखा गया है। जिन लोगों के शरीर में वात यानी वायु अधिक बनती है या जिनकी नसें और मांसपेशियां कमजोर होती हैं,उन्हें साइटिका और कमर दर्द की समस्या ज्यादा होती है। यह समस्या मुख्य रूप से बढ़े हुए वात दोष और दूषित कफ दोष के कारण उत्पन्न होती है। शरीर में वात दोष बढ़ने के कारण रीढ़ की नसें कमजोर होने लगती हैं, उनमें ऐंठन या दवाब बढ़ जाता है और गृध्रसी रोग उत्पन्न होता है। शरीर में बढ़ा हुआ वात डिस्क के अंदर मौजूद छल्लों के बीच के फ्लूड को सुखा देता है। यह फ्लूड लगभग 80 प्रतिशत पानी और 20 प्रतिशत प्रोटीन व कैल्शियम से बना होता है। फ्लूड सूखने के कारण छल्ले आपस में टकराने लगते हैं। उनके बीच की जगह खत्म हो जाती है और किसी न किसी नस पर दबाव पड़ने लगता है। जब नस दबती है, तो पूरी टांग में दर्द शुरू हो जाता है।साइटिका दर्द कमर से शुरू होकर एक पैर तक जाता है। पैरों में कमजोरी, झनझनाहट या सुन्नपन भी महसूस होती है। बैठने पर टांगों में सुन्नपन आने लगता है। लेटने पर दर्द ज्यादा महसूस होता है। जब व्यक्ति चलता है, तो शरीर गर्म होने लगता है और धीरे-धीरे साइटिका का दर्द कम होने लगता है। पैर में कमजोरी महसूस होना।जब दोनों पैरों में कमजोरी आने लगे। पेशाब आदि पर नियंत्रण कम हो जाए। दर्द लगातार बढ़ता जाए। पैर सुन्न होने लगें। चलने में कठिनाई हो। चोट लगने के बाद कमर से पैर तक तेज दर्द शुरू हो तो डाक्टरी परामर्श लेना चाहिये। डॉक्टर सबसे पहले शारीरिक परीक्षण करते हैं। नस या डिस्क की स्थिति देखने के लिए एक्स-रे, एमआरआई, नर्व कंडक्शन टेस्ट किए जाते हैं। साइटिका के होने वाले दर्द की प्रमुख वजहें ये हैं : रीढ़ की हड्डी में उम्र के साथ होने वाले बदलाव, वजन ज्यादा होना, बहुत ज्यादा एक्सरसाइज करना या फिर शारीरिक गतिविधियां या व्यायाम बिल्कुल न करना, बहुत देर तक खड़ा रहना या लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहना, भारी वजन उठाने, गिरने या कमर में चोट की वजह से डिस्क का खिसकना या डिस्क का अपनी सीध से बाहर निकल जाना, डिस्क दबने से मनकों के बीच का गैप कम हो जाना या ज्यादा बढ़ जाना, वात बढ़ाने वाले आहार (जैसे-बीन्स, अंकुरित अनाज, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, सूखा और ठंडा भोजन,या फिर कड़वे और कसैले रस वाले पदार्थ) का सेवन अधिक करना। मरीज की स्थिति के हिसाब से दर्द और सूजन कम करने वाली दवाइयां दी जाती हैं। गंभीर मामलों में इंजेक्शन या सर्जरी भी करनी पड़ सकती है। मरीज को फिजियोथेरेपी,स्ट्रेचिंग, रीढ़ की हड्डी और पीठ की मांसपेशियों की मजबूती के लिए एक्सरसाइज कराई जाती हैं। उसे लंबे समय तक एक जगह बैठ कर काम न करने, उठने-बैठने, चलने-फिरने में सही पॉश्चर अपनाने, भारी वजन न उठाने, वजन नियंत्रित करने के लिए एक्टिव रहने और क्षमतानुसार दिन में कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज करने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद के हिसाब से साइटिका दर्द के निवारण हेतु शरीर से अतिरिक्त वात को बाहर निकालना जरूरी है। इसके लिए कुछ असरदार उपाय भी बताए गए हैं :- मेथी दाना : रोजाना एक चम्म्च मेथी के दानों (रात को भिगोए या लड्डू बनाकर) का सेवन करें। मेथी दाने वात दोष को संतुलित करने में मदद करते हैं, नसों को मजबूती देते हैं और कमर दर्द, साइटिका व जोड़ों के दर्द में आराम पहुंचाते हैं। मेथी के लड्डू : मेथी दानों और कच्ची हल्दी (थोड़े-से दूध में भिगोए और दरदरे पिसे), सूखे मेवे, गोंद, सोंठ, काली मिर्च, जीरा, इलायची, दालचीनी, जायफल (भुने-पिसे) और घी में भुने आटे में गुड़ की चाशनी मिलाकर लड्डू बना लें।



# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तीसरे दिन नेत्र शिविर, जनजागरूकता गतिविधियों एवं रैली का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकर नगर।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तीसरे दिन तहसील तिराहा पर एक विशेष नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ऑटो चालकों, ई-रिक्शा चालकों एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने सड़क उपयोगकर्ताओं को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, सुरक्षित यातायात व्यवहार तथा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही सड़क सुरक्षा संबंधी पम्पलेट वितरित कर घर-घर तक सुरक्षित यातायात का संदेश पहुँचाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर नितीश तिवारी, लोक निर्माण विभाग के वैयक्तिक सहायक रामजी वर्मा, प्रभारी यातायात जय बहादुर यादव, मुख्य आरक्षी राजेश कमलेश्वर मिश्रा, आरक्षी रामप्रवेश, अतुलेन्द्र, लक्ष्मी, शिवम, सचिन, प्रवीण एवं अतुल के साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी (CoERS), आईआईटी मद्रास के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत प्रतापपुर कलां में सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुरक्षित सड़क व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया। अभियान के अगले चरण में 180 सड़क सुरक्षा मित्रों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसके माध्यम से उन्हें सड़क सुरक्षा के मूल सिद्धांतों से अवगत कराया जाएगा, ताकि वे आगामी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जनजागरूकता के प्रभावी दूत बन सकें। जनभागीदारी पर आधारित यह अभियान अम्बेडकर नगर में सड़क सुरक्षा को एक स्थायी जन आन्दोलन के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।




# कलेक्ट्रेट परिसर में फलदार पौधों का भंडारा आयोजित

## कलेक्ट्रेट में आये फरियादियों, अधिवक्ताओं एवं आमजन को नि:शुल्क वितरित किए गए फलदार पौधे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित जनपद के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण के महा अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में फलदार पौधों का भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनता दर्शन में अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आए फरियादियों, कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित अधिवक्ताओं तथा अन्य आमजन एवं कलेक्ट्रेट के कार्मिकों को निःशुल्क फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने स्वयं उपस्थित लोगों को पौधे वितरित करते हुए उन्हें अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान मौसम पौधरोपण के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि इस समय पौधे रोपित कर उनका नियमित संरक्षण एवं देखभाल की जाए तो भविष्य में वे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ फल, शुद्ध वायु और हरित वातावरण का अमूल्य उपहार देंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वच्छ भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में आज पौध भंडारा आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को फलदार पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि जनसहभागिता से हरित एवं समृद्ध अम्बेडकरनगर के लक्ष्य को साकार किया जा सके।




# विकसित भारत कॉन्क्लेव' में श्री शिशिर बजाज को 'महाराष्ट्र के गौरव' सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बजाज समूह के चेयरमैन एमेरिटस एवं बजाज फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री शिशिर बजाज को भारतीय उद्योग, विशेषकर चीनी एवं एथेनॉल क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान, ग्रामीण विकास के प्रति समर्पण तथा सामाजिक परिवर्तन में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित 'महाराष्ट्र के गौरव' सम्मान से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली स्थित हयात रीजेंसी में मंगलवार को आयोजित आयोजित 'विकसित भारत कॉन्क्लेव' के दौरान प्रतिष्ठित कॉफी टेबल बुक 'महाराष्ट्र के गौरव' का लोकार्पण केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा अन्य केंद्रीय मंत्रियों, नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत की अग्रणी हस्तियों और देशभर से आए विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कॉफी टेबल बुक के विशेष संस्करण में शिशिर बजाज के जीवन, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर नौ पृष्ठों का विस्तृत आलेख प्रकाशित किया गया है। इसमें संस्थापक जमनालाल बजाज की राष्ट्रसेवा, स्वदेशी, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय मूल्यों की विरासत को आगे बढ़ाने में शिशिर बजाज की महत्वपूर्ण भूमिका का विस्तृत उल्लेख किया गया है। शिशिर बजाज के नेतृत्व में बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए दो चीनी मिलों से बढ़कर चौदह चीनी मिलों तथा एक डिस्टिलरी से बढ़कर छह डिस्टिलरी तक विस्तार किया। कंपनी आज देश की अग्रणी एकीकृत चीनी एवं एथेनॉल उत्पादक कंपनियों में शामिल है तथा भारत की जैव ईंधन नीति और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में समूह ने ऊर्जा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय विस्तार किया। वर्तमान में समूह के चेयरमैन कुशाग्र नयन बजाज के नेतृत्व में बजाज समूह चीनी, एथेनॉल, उपभोक्ता उत्पाद एवं विद्युत उत्पादन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहा है। बजाज एनर्जी लिमिटेड एवं ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के माध्यम से समूह 2430 मेगावाट तापीय विद्युत उत्पादन क्षमता के साथ उत्तर प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है तथा भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सतत एवं उन्नत ऊर्जा समाधान विकसित करने की दिशा में कार्यरत है।

कॉफी टेबल बुक में बजाज फाउंडेशन द्वारा जल संरक्षण, नदी पुनर्जीवन, प्राकृतिक खेती, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, नवीकरणीय ऊर्जा तथा ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में किए जा रहे व्यापक कार्यों का भी उल्लेख है।



# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षामाइक्रोप्लान के अनुसार काम करें विभाग, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जुलाई माह के संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में प्रथम अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एडीएम (वि./रा.) दिनेश कुमार ने की। बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को माइक्रोप्लान के अनुसार शत-प्रतिशत गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। शुरुआत सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए की। उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान से जुड़े सभी विभागों ने प्रथम सप्ताह में अपनी निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के आपसी समन्वय से अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि जनपद में संचारी एवं वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इसके बाद जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने विभागवार प्रथम सप्ताह की उपलब्धियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम, साफ-सफाई, मच्छरों की रोकथाम, जलभराव समाप्त करने, रोगों की पहचान और समय पर उपचार संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव और उपचार के प्रति जागरूक किया जाएगा। अध्यक्षता करते हुए एडीएम दिनेश कुमार ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग के माइक्रोप्लान के अनुरूप निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर जनपद की बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें तथा पिछली कमियों को दूर करते हुए अभियान की प्रत्येक गतिविधि का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला सूचना कार्यालय, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा जनपद के सभी चिकित्सा अधीक्षक, सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक एवं मलेरिया निरीक्षक भी बैठक में शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग ने जनपदवासियों से अपील की है कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के दौरान विभागीय टीमों का सहयोग करें, अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, जलभराव न होने दें तथा किसी भी प्रकार के बुखार या बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क कर जांच एवं उपचार कराएं।

